www.ambikavani.com

# अम्बिकावाणी

संस्थापक : स्व. श्रीकिशन असावा एवं स्व. श्री गोपाल असावा ■ वर्ष-42 अंक-216 ■ पृष्ठ-8+4 ■ मूल्य 2.50 ■ प्रधान संपादक- महेन्द्र सिंह टुटेजा, ● प्रबंध संपादक-नरेन्द्र सिंह टुटेजा

अम्बिकापुर, शनिवार 31 मई , 2025

**आज का विचार**

वाणी और पानी दोनों में छवि नजर आती है पानी स्वच्छ हो तो चित्र नजर आता है और वाणी मधुर हो तो चरित्र नजर आता है।



शहीदी पर्व पर चना प्रसाद व ठंडी छबिल का किया वितरण

भारत को दुनिया की समस्याओं का समाधान करने के लिए एआई मॉडल बनाने चाहिए : अमिताभ कांत

# बस्तर के हर कोने तक पहुंचाएंगे विकास का उजाला - मुख्यमंत्री साय

**00 हमने ईमानदारी से काम किया, इसलिए जनता के बीच रख रहे हैं सरकार का रिपोर्ट कार्ड 00 सुशासन तिहार में योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने मुख्यमंत्री पहुंचे जनता के बीच 00 सुकमा में 500 करोड़ रूपए से अधिक लागत के विकास कार्यों की घोषणा की 00 सुकमा-दंतेवाड़ा मार्ग के निर्माण हेतु 230 करोड़ रुपए की घोषणा 00 मुख्यमंत्री ने पीएम आवास हितग्राहियों को सौंपी खुशियों की चाबी**





**रायपुर।** बस्तर अपनी समृद्ध सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों को सहेजते हुए विकास के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। अब बस्तर के कोने कोने का विकास होगा और विकास के रास्ते में आने वाली सभी बाधाओं को दूर करेंगे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज सुशासन तिहार अंतर्गत सुकमा जिले के तोंगपाल में आयोजित समाधान शिविर को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस दौरान सुकमा जिले में 500 करोड़ रूपए से अधिक लागत के विकास कार्यो की घोषणा की और 16 करोड़ से अधिक की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी। इस अवसर पर त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधि, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ.बसव राजु एस. भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन तिहार के अंतिम चरण में आप लोगों के बीच पहुंचकर मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है। यहां का वातावरण बड़ा सुंदर है और महुआ की सुंदर छांव शीतलता दे रही है। उन्होंने परंपरागत रूप से स्वागत करने पर सभी का आभार जताया। श्री साय ने कहा कि बस्तर से बदलाव की बुलंद आवाज ने माओवादियों के हौसले पस्त कर दिए हैं। बस्तर में माओवाद अब अंतिम सांसे गिन रहा है। नक्सलगढ़ के रूप जाना जाने वाले सुकमा में स्कूलों की घंटियां बज रही हैं, बच्चे निर्भीक होकर शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। श्री साय ने कहा कि प्रदेशव्यापी इस अभियान का उद्देश्य योजनाओं की वास्तविक स्थिति का मूल्यांकन करना है। आज देखने आया हूं कि प्रधानमंत्री आवास योजना का कार्य आपके गांव में सुचारू रूप से चल रहा है या नहीं, महतारी वंदन योजना की राशि माताओं-बहनों को समय पर मिल रही है या नहीं। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के दौरान वे मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता पर विशेष रूप जानकारी ले रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि तीन चरण में आयोजित सुशासन तिहार अपने उद्देश्य में सफल हुआ है। प्रशासन ने कड़ी मेहनत कर आपकी समस्याओं का समाधान किया है। श्री साय ने कहा कि ऐसा काम वही सरकार कर सकती है जिसकी नीति और नियत साफ है। हमने ईमानदारी से काम किया है, इसीलिए जनता के बीच जाकर अपना रिपोर्ट कार्ड रख रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महतारी वंदन योजना से महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हुई हैं। हमने पूरे प्रदेश में पीएम आवास के माध्यम से लोगों के लिए पक्का मकान स्वीकृत कर उनके गरिमापूर्ण जीवन का अधिकार सुनिश्चित किया है। पहले ही कैबिनेट में हमने 18 लाख आवास स्वीकृत किया था, यह काम लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि हम किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान, 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मूल्य पर खरीद रहे हैं। धान के दो वर्षो के बकाया बोनस की राशि भी किसानों को दी जा चुकी है। रामलला दर्शन योजना और मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के माध्यम से प्रदेशवासियों को धार्मिक स्थलों की यात्रा करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि तेंदूपता संग्राहकों को बड़ी राहत देते हुए परिश्रमिक की दर प्रति मानक बोरा 5000 रुपए की दर स्वीकृत की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीणों को बैंकिंग सुविधाएं पंचायत भवन में ही मिले, इसे सुनिश्चित करने के लिए अटल डिजिटल सुविधा केंद्र प्रारंभ किया गया है। अगले एक वर्ष में यह सुविधा सभी पंचायतों में शुरू होगी।

**योजनाओं की जानी हकीकत**

मुख्यमंत्री श्री साय ने तोंगपाल समाधान शिविर में पहुंचे ग्रामीणों से संवाद कर योजनाओं का फीडबैक लिया। तोंगपाल की त्रिवेणी रावटे ने मुख्यमंत्री को बताया कि उन्हें प्रति माह महतारी वंदन योजना की राशि मिल रही है। बच्चों के पालन पोषण में इस राशि के उपयोग की उन्होंने जानकारी दी। इसी तरह श्रीमती वेदमती कश्यप ने बताया कि हमारी समूह की दीदियां गणवेश सिलाई का काम करती हैं। तीन एकलव्य स्कूल के बच्चों की गणवेश सिलाई से उन्हें सालाना डेढ़ लाख रूपए से अधिक की कमाई हो रही है। शिविर में पहुंचे अन्य लोगों ने भी अपनी मांगे रखी और योजनाओं से मिल रहे लाभ की जानकारी दी।

**किस्टाराम- कोंटा मार्ग पर दौड़ेगी प्रतिज्ञा हक्कुम मेल**

बस्तर अंचल के कभी संवेदनशील क्षेत्र रहे किस्टाराम-कोंटा मार्ग पर अब प्रतिज्ञा हक्कुम मेल बस दौड़ेगी। दुरस्थ क्षेत्रों में बेहतर आवगमन सुविधा उपलब्ध कराने के प्रयासों के तहत मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने तोंगापाल के समाधान शिविर में मरईगुड़ा के प्रतिज्ञा महिला क्लस्टर संगठन को हुक्कुम मेल बस की चाबी सौंपी। इससे अंचल के ग्रामीणों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी।

**पीएम आवास हितग्राहियों को सौंपी खुशियों की चाबी**

मुख्यमंत्री श्री साय ने तोंगपाल के समाधान शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को खुशियों की चाबी देकर उनके सपनों के घर की सौगात दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 4 हितग्राहियों को आवास के पहली किस्त के चेक भी बांटे। साथ ही पूरे हो चुके आवास के 4 हितग्राहियों को उनके नए घर की चाबी सौंपी।

**खेलो इंडिया पहल के 10 खिलाड़ियों को मिले खेल किट**

शिविर में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत 10 खिलाड़ियों को खेल सामग्री (किट) प्रदान किए। इनमें 8 महिला फुटबॉल खिलाड़ी और 2 हाकी खिलाड़ी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि खेलो इंडिया एके-डमी रायपुर और सुकमा में जिले की 8 महिला फुटबॉल खिलाड़ियों का चयन हुआ है।

**मुख्यमंत्री ने सुशासन शिविर में की बड़ी घोषणाएं**

सुकमा दंतेवाड़ा मार्ग हेतु 230 करोड़ रूपए, .झीरम व्यापवर्तन योजना हेतु 32 करोड़ 50 लाख, कावराकोपा में पुलिया निर्माण हेतु 35 लाख, जैमर में पुलिया निर्माण 35 लाख, हमीरगढ़ में सामाजिक भवन 30 लाख, टहकवाडा में एक पुल- पुलिया 35 लाख, तोंगपाल में समूह के लिए प्रशिक्षण केंद्र 25 लाख, मारेंगा में सी सी सड़क हेतु 16 लाख, एलेननार में पंचायत भवन 25 लाख और पुलिया हेतु 3.50 लाख, धोबनपाल देवगुड़ी में बाउंड्री वाल हेतु 10 लाख, सीतापाल के स्कूल में बाउंड्री वाल हेतु 8 लाख, वारदेरास में पुलिया हेतु 16 लाख रूपए की घोषणा की।

## पहला कॉलम

### बेटियों ने रचा इतिहास : एनडीए में पहली बार 17 महिला कैडेट्स का बैच हुआ पास, राज्यपाल बोले- 'यह नारी शक्ति का प्रतीक

**पुणे ,30 मई (ए)।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद शुक्रवार को पुणे के खडकवासला स्थित एनडीए परिसर में हुई 148वीं पासिंग आउट परेड में 17 महिला कैडेट्स ने इतिहास रच दिया। दरअसल, एनडीए के इतिहास में पहली बार हुआ है जब महिला कैडेट्स ग्रेजुएट हुई। यहां 300 से अधिक पुरुष कैडेट्स के साथ 17 महिला कैडेट्स ने स्नातक की पढ़ाई पूरी की। अब यह महिला कैडेट्स देश की सेनाओं में जाकर देश की सेवा करेंगी।

परेड के दौरान मिजोरम के राज्यपाल जनरल विजय कुमार सिंह, पीवीएसएम, एवीएसएम, वाईएसएम (सेवानिवृत्त) ने कहा कि आज अकादमी के इतिहास में एक विशेष रूप से महत्वपूर्ण दिन है। आज एनडीए से महिला कैडेट्स का पहला बैच पास आउट हुआ है। यह सबसे बड़ी समावेशिता और सशक्तिकरण की दिशा में हमारी सामूहिक यात्रा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। ये युवा महिलाएं 'नारी शक्तिङ्क का प्रतीक हैं, जो न केवल महिला विकास बल्कि महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि ये लड़कियों के लिए ट्रेनिंग का अंत नहीं है, बल्कि नई संभावनाओं की शुरूआत है।

उन्होंने सभी कैडेट्स के प्रदर्शन की प्रशंसा की और कहा कि यहां आना मेरे लिए सम्मान की बात है। एनडीए के बारे में आपको जो बात सबसे ज्यादा प्रभावित करती है,

## कुछ अलग

### सीधे पाकिस्तान के हाथों में खेल रहे हैं कांग्रेस नेता, अमित मालवीय ने उठाए रेवंत रेड्डी के बयान पर सवाल

**नई दिल्ली ,30 मई (ए)।** भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने कांग्रेस नेताओं की राष्ट्रीय सुरक्षा पर समझ की कमी पर सवाल उठाया है। उन्होंने तेलंगाना के मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता रेवंत रेड्डी के उस बयान की आलोचना की, जिसमें उन्होंने पूछा, पाकिस्तान ने कितने राफेल जेट्स गिराए?

हाल ही में, पाकिस्तान ने दावा किया कि उसने भारत के साथ हुई सैन्य मुठभेड़ के दौरान भारतीय विमानों को मार गिराया। हालांकि, पाकिस्तान की ओर से कोई ठोस सबूत, जैसे उपग्रह चित्र या मलबा, प्रस्तुत नहीं किया गया है। जबकि, भारत ने पाकिस्तानी ठिकानों पर अपने हमलों के साक्ष्य दिए हैं। अमित मालवीय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, राहुल गांधी के बाद अब तेलंगाना के मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता रेवंत रेड्डी ने भी सवाल उठाया है झ पाकिस्तान ने कितने राफेल विमान गिराए? उन्होंने पोस्ट में आगे लिखा, असल में यह बात चौंकाने वाली है कि राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे गंभीर मुद्दों पर कांग्रेस नेताओं की समझ कितनी कमजोर है।

## खरी-खरी




# पीएम मोदी को जान से मारने की धमकी से मचा हड़कंप, जब जांच हुई तो कुछ और ही निकला मामला

**पटना ,30 मई (ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार दौरे के दौरान उन्हें जान से मारने की धमकी मिलने से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। धमकी भरा मैसेज मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां तुरंत हरकत में आ गई और भागलपुर से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, जांच में पता चला कि यह धमकी भरा मैसेज संपत्ति विवाद के चलते एक भतीजे ने अपने चाचा को फंसाने के लिए भेजा था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को दो दिवसीय बिहार दौरे पर पटना पहुंचे। शुक्रवार को उनका रोहतास जिले के बिक्रमगंज में कार्यक्रम है। उनके पटना पहुंचने से पहले ही भागलपुर के पुलिस अधिकारियों को एक धमकी भरा मैसेज मिला, जिसमें पीएम मोदी को पटना में ही 'उड़ाइ देने की बात कही गई थी। इस मैसेज को पढ़कर पुलिस अधिकारी तुरंत हरकत में आ गए।

पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मैसेज भेजने वाले नंबर को ट्रेस किया। यह नंबर भागलपुर जिले के सुल्तानगंज के महेशी निवासी बुजुर्ग मंटू चौधरी के नाम पर पंजीकृत पाया गया। पुलिस ने मंटू चौधरी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की, जिसके बाद सच्चाई सामने आई। पता चला कि मंटू चौधरी के भतीजे समीर कुमार रंजन ने जमीन विवाद के कारण अपने चाचा को फंसाने के लिए यह फर्जी धमकी भरा मैसेज भेजा था।

पुलिस ने आरोपी भतीजे समीर कुमार रंजन को गिरफ्तार कर लिया है।

# अमरनाथ यात्रा को लेकर जम्मू-कश्मीर में अमित शाह की हाई लेवल मीटिंग, गृह मंत्री ने सुरक्षा बलों को दिए ये निर्देश

**जम्मू ,30 मई (ए)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सभी सुरक्षा एजेंसियों को अत्यधिक सतर्कता और चौकसी बनाए रखते हुए आगामी अमरनाथ यात्रा को पूरी तरह शांतिपूर्ण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अमित शाह ने राजभवन में सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव अटल डुल्लू, डीजीपी नलिन प्रभात और गृह मंत्रालय, सेना, अर्धसैनिक बलों, जम्मू-कश्मीर पुलिस, नागरिक प्रशासन और केंद्र और केंद्र शासित प्रदेश की खुफिया एजेंसियों के अन्य शीर्ष अधिकारी शामिल हुए। केंद्रीय गृह मंत्री ने आगामी अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा व्यवस्था और तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने यात्रा को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पूरी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केंद्र और केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन तीर्थयात्रियों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। बैठक लगभग एक घंटा 30 मिनट तक चली। अमित शाह ने 'एक्सङ्क पर पोस्ट करते हुए लिखा, अमरनाथ तीर्थयात्रा के लिए समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की और तीर्थयात्रियों के लिए सुरक्षा व्यवस्था और तैयारियों का मूल्यांकन किया। अत्यंत सतर्कता बनाए रखने और पवित्र यात्रा को निर्बाध रूप से पूरा करने के निर्देश दिए। केंद्र सरकार और जम्मू-कश्मीर प्रशासन तीर्थयात्रियों को सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। गृह मंत्री शुक्रवार को सीमावर्ती पुंछ जिले का दौरा करेंगे, जहां वे पाकिस्तान की गोलाबारी से प्रभावित नागरिकों से मुलाकात करेंगे। वे खानेतर स्थित यूनिट मुख्यालय में बीएसएफ के जवानों को भी संबोधित करेंगे, क्षतिग्रस्त धार्मिक स्थलों का दौरा करेंगे और गोलाबारी में मारे गए लोगों के परिजनों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। गुरुवार की बैठक का फोकस अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं के साथ-साथ घुसपैठ और आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस पर था।

# एफडी से लेकर एलपीजी तक 1 जून से होने जा रहे हैं कई अहम बदलाव, आपकी जेब पर पड़ेगा सीधा असर

**0 १ जून २०२५ जारी होंगे कई नए नियम 0 कई सेवाओं के हो सकता है बदलाव 0 जिनका असर आपकी जेब पर होगा**




**नई दिल्ली ,30 मई (ए)**

मई का महीना खत्म होने वाला है और जून अपने साथ कई बड़े बदलाव लेकर आने वाला है. इन फाइनेंशियल बदलावों का सीधा असर हर घर और हर जेब पर देखने को मिल सकता है. नए महीने की पहली तारीख के साथ देश में लागू होने वाले इन बड़े बदलावों में एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम में संशोधन से लेकर ईपीएफओ की ओर से श्वक्कस्न३ ३.० शुरू करना भी शामिल है। इसके साथ ही अगले महीने बैंक एफडी और क्रेडिट कार्ड से जुड़े नियम बदल सकते हैं। आइए जानते है १ जून से क्या-क्या बदलाव होने जा रहे हैं

**एलपीजी और सीएनजी गैस की कीमतों में बदलाव**

हर महीने की पहली तारीख को एलपीजी और सीएनजी गैस की कीमतों की समीक्षा होती है और उसमें बदलाव होता है। इस बार भी १ जून को कीमतों में बदलाव की संभावना है, जो आपके घरेलू बजट को प्रभावित कर सकता है। इसमें आपको राहत भी मिल सकती है और आपकी जेब पर भारी भी पड़ सकता है।

**क्रेडिट कार्ड में बदलाव**

महीने की पहली तारीख यानि १ जून २०२५ से क्रेडिट कार्ड होल्डर्स के लिए कुछ सख्त नियम लागू हो सकते हैं। अगर आपका ऑटो-डेबिट फेल होता है, तो २त्न तक का पेनल्टी चार्ज देना पड़ सकता है। इसके अलावा यूटिलिटी बिल या फ्यूल के लिए कार्ड इस्तेमाल करने पर एक्स्ट्रा चार्ज लग सकता है। इंटरनेशनल लेनदेन पर भी अतिरिक्त शुल्क और रिवॉर्ड पॉइंट्स में कटौती संभव है।

**इपीएफओ ३.० होगा लागू**

ईपीएफओ अपना सिस्टम बदल रहा है जिसे श्वक्कस्न३ ३.० नाम दिया गया है। इससे पीएफ से पैसे निकालना आसान हो जाएगा। यही नहीं, केवाईसी अपडेट के लिए भी बहुत लंबा इंतजार नहीं करना होगा। नया सिस्टम आने से क्लेम प्रोसेस करने में कम समय लगेगा। आपको ्रञ्जरू कार्ड जैसा कार्ड भी मिल सकता है, जिससे आप आसानी से पीएफ के पैसे निकाल सकेंगे। इससे ईपीएफओ के सदस्यों को बहुत फायदा होगा।

**एफडी के दरों में हो सकता है परिवर्तन**

अगले महीने बैंक अपने एफडी और लोन ब्याज फिर से रिवाइज कर सकती है। क्योंकि जून में हमारे देश की केंद्रीय बैंक नए रेपो रेट (क्रद्गश्चश ह्म्ड्डह्लद्ग) की घोषणा करेगी। अनुमान है कि रिजर्व बैंक द्वारा रेपो रेट और भी कटौती की जा सकती है। इससे लोन और एफडी की ब्याज दर पर असर देखने को मिलेगा।

**आधार कार्ड अपडेट**

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने आधार कार्ड धारकों को एक बार फिर राहत दी है। फ्री में आधार अपडेट करने की समय सीमा को बढ़ाकर १४ जून २०२५ तक कर दिया गया है। इस सुविधा के तहत आप बिना किसी शुल्क के अपने आधार कार्ड में जनसांख्यिकीय विवरण जैसे नाम, पता, जन्मतिथि, लिंग, मोबाइल नंबर और ईमेल अपडेट कर सकते हैं।



पहला कालम

## अवैध शराब पर की गई कार्यवाही



**बलरामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
श्री राजेन्द्र कटारा के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी श्री एस.के. सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध शराब के भंडारण एवं परिवहन पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में आबकारी विभाग द्वारा जिले के थाना रामानुजगंज के अंतर्गत ०१ प्रकरण पर कार्यवाही करते हुए अवैध हाथ भट्टी महुआ शराब जब्त किया गया है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया है कि थाना रामानुजगंज के अंतर्गत रामानुजगंज वार्ड क्रमांक ०६ निवासी उमेश रवि के पास से ११ लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब एवं ३३० किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। उक्त आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत अपराध प्रकरण कायम कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

जिला आबकारी अधिकारी श्री सूर्यवंशी ने बताया है अवैध शराब के निर्माण, विक्रय, परिवहन तथा सार्वजनिक जगहों पर मदिरापान और राष्ट्रीय एवं राजकीय राजमार्गों के किनारे संचालित होटल, ढाबा में शराब रखने, पीने एवं पिलाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। साथ ही आबकारी अधिकारी ने बताया है कि अवैध मदिरा के संबंध में आबकारी नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नम्बर ०७८३१-२९९२४१ एवं टोल फ्री नम्बर १४४०५ पर सूचित किया जा सकता है।

## हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए 30 एवं 31 मई को शिविर आयोजित

**बलरामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** जिला परिवहन अधिकारी श्री यशवंत यादव ने बताया है कि जिले के २०१९ से पहले के पंजीकृत वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर लगवाने हेतु फॉर्म भरने के लिए परिवहन विभाग द्वारा ३० एवं ३१ मई २०२५ को जिला परिवहन कार्यालय बलरामपुर, अपेक्षा परिवहन सुविधा केन्द्र रामानुजगंज, जायसवाल परिवहन सुविधा केन्द्र वाड्रफनगर, शाहिद परिवहन सुविधा केन्द्र शंकरगढ़ तथा एस.आर. परिवहन केंद्र महुआपारा राजपुर में शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

# जयनगर में लक्ष्मी ट्रेडर्स पर प्रशासन की छापेमारी में अनियमितता का उजागर

**बिश्रामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
सूरजपुर एसडीएम शिवानी जायसवाल के नेतृत्व में कृषि और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने जयनगर स्थित लक्ष्मी ट्रेडर्स पर शुक्रवार दोपहर अचानक छापेमारी की, जिसमें भारी मात्रा में संदिग्ध उर्वरक, अवैध गोदाम और नकली खाद निर्माण के संकेत मिलने से हड़कंप मच गया है। यह कार्रवाई कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देश पर की गई। जिनकी पहल पर जिले में खाद की गुणवत्ता व वितरण को लेकर निगरानी कड़ी की जा रही है। सुरजपुर एसडीएम शिवानी जायसवाल के नेतृत्व में जांच दल जब जयनगर मुख्य मार्केट स्थित लक्ष्मी ट्रेडर्स के प्रतिष्ठान पर पहुंचा, तो वहां मौजूद दस्तावेज, स्टॉक व गोदाम की वस्तुस्थिति में स्टॉक रजिस्टर और वास्तविक भंडारण में अंतर पाया गया।



पीओएस मशीन की एंट्री और मौके की स्थिति में भी मेल नहीं था।उर्वरक की पर्ची में दर्शाई गई ४७.७५० टन यूरिया के मुकाबले मौके पर केवल २२.७०० टन यूरिया पाया गया। छापेमारी के दौरान अधिकारियों को एक मार्बल का चूरा पाया गया, जिसे संभवतः नकली पोटाश बनाने में कच्चे माल के रूप में प्रयोग किया जाता है। यह एक गंभीर मामला है, क्योंकि इस तरह के नकली उर्वरक मिट्टी की उर्वरता को खत्म कर सकते हैं और किसानों की मेहनत पर पानी फेर सकते हैं। जांच के दौरान बिना बैच नंबर और लेबलिंग के ४५० बोरी एनपीके बी उर्वरक बरामद किए गए। यह सीधा-सीधा फर्टिलाइजर कंट्रोल ऑर्डर १९८५ के नियमों का उल्लंघन है। बिना बैच नंबर के उर्वरक की न तो पहचान हो सकती है और न ही गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सकती है। ऐसे उत्पाद किसानों तक पहुंचने से पूरे कृषि क्षेत्र को नुकसान हो सकता है। एसडीएम ने बताया कि लक्ष्मी ट्रेडर्स के प्रोपराइटर द्वारा ग्राम पंचायत कुंजनगर में एक गोदाम संचालित किया जा रहा है, जो नजरी नक्शे में दर्ज ही नहीं है। इसके अलावा ग्राम पंचायत जयनगर द्वारा बनाए गए नवीन व्यावसायिक परिसर के दुकान क्रमांक-२ को भी किराए पर लेकर गोदाम के रूप में उपयोग किया जा रहा था। वहां विभिन्न कंपनियों के खाली उर्वरक बैग बड़ी मात्रा में पाए गए। इससे यह संदेह हुआ कि नकली उर्वरकों की रिटेकिंग यानी पुराने खाली बैग में नकली सामग्री भरकर दोबारा बिक्री की जा रही थी।

इन सभी अनियमितताओं के मद्देनजर संबंधित कई गोदामों को तत्काल सील कर दिया गया है। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि मौके की रिपोर्ट, दस्तावेज और भौतिक सत्यापन में भारी अंतर है। प्रशासन अब अग्रिम जांच के लिए कृषि, राजस्व, खाद्य एवं माप तौल विभागों की मदद से विस्तृत कार्रवाई की तैयारी में जुट गया है। यह मामला अकेले लक्ष्मी ट्रेडर्स तक सीमित नहीं हो सकता। प्रशासन ने संकेत दिया है कि इस मामले से जुड़े आपूर्ति श्रृंखला, ट्रांसपोर्टेशन, भंडारण और बिक्री नेटवर्क की भी विस्तृत जांच की जाएगी। कार्यवाही में एसडीएम के अलावा लटोरी तहसीलदार सुरेंद्र पैकरा, पिलखा नायब तहसीलदार मीना सिंह, उपसंचालक कृषि संपदा पैकरा, सहायक संचालक कृषि डीएस पैकरा व संदीप सिन्हा, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी अशोक कुमार सोनवानी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी हरिश्चंद चतुवेर्दी, कृषि विकास अधिकारी धीरेन्द्र प्रताप कुशवाहा, सतेंद्र भगत, बिश्रामपुर पटवारी संतोष कुमार, जयनगर पटवारी शांति लाल बर्नवाल व अन्य सक्रिय रहे।

# जामवंतपुर एवं चलगली में किया गया समाधान शिविर का आयोजन

**बलरामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
रामचन्द्रपुर के कलस्टर जामवंतपुर के शासकीय हाई स्कूल जामवंतपुर एवं वाड्रफनगर के चलगली में समाधान शिविर आयोजित किया गया। ग्राम पंचायत चलगली क्लस्टर में आयोजित समाधान शिविर में प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। शिविर के दौरान खंड स्तरीय अधिकारियों के द्वारा अपने विभाग की योजनाओं एवं सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त आवेदनों के निराकरण प्रतिवेदन का वाचन किया गया। शिविर में उपस्थित विधायक श्रीमती शकुन्तला सिंह पोर्ते के द्वारा विभाग वार लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण एवं प्राप्त



आवेदनों के संबंध में जानकारी लिया गया। इस दौरान विधायक श्रीमती पोर्ते के द्वारा ०८ प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चाबी का वितरण किया गया। समाधान शिविर के दौरान छत्तीसगढ़ शासन द्वारा चलाए जा रहे हैं मोर गांव मा पानी अभियान के तहत अधिक से अधिक जल संरक्षण संवर्धन एवं जल स्रोत के रखरखाव मरम्मत एवं जन भागीदारी बढ़ाने हेतु विधायक के द्वारा उपस्थित सभी लोगों को संकल्प कराया गया। इस दौरान बिहान अंतर्गत ५ लखपति दीदी हितग्राहियों को प्रतीकात्मक सम्मान पत्र का वितरण, ०३ हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण, ०५ हितग्राही को ऋण पुस्तिका का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान जनपद पंचायत के सीईओ तहसीलदार एवं खंड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

इसी प्रकार ग्राम पंचायत जामवंतपुर में आयोजित समाधान शिविर में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने स्टॉलों का अवलोकन करते हुए सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने की बात कही ताकि आमजनों को परेशानी न हो। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने सुशासन तिहार के संबंध में अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए उपस्थित लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ लेने प्रेरित किया साथ ही जल संवर्धन, पर्यावरण संतुलन पर चर्चा करते हुए अधिक से अधिक पौधारोपण करने प्रोत्साहित किया।

## सेवानिवृत्ति तिथि पर ही मिली पेंशन स्वीकृति] कलेक्टर ने दी शुभकामनाएं

**बलरामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा ने आज सेवानिवृत हुए व्याख्याता श्री सीताराम जायसवाल को उनकी सेवानिवृत्ति तिथि पर ही पेंशन स्वीकृति आदेश प्रदान किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने श्री जायसवाल को उनके आगामी जीवन के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



श्री सीताराम जायसवाल ने कुल ४१ वर्ष ४ माह की अवधि में शासकीय सेवा पूर्ण की। उन्होंने १६ जनवरी १९८४ को एक शिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं प्रारंभ की थीं। इस दीर्घ सेवाकाल के दौरान उन्होंने शिक्षण कार्य में उत्कृष्ट योगदान दिया। शासन की मंशा है कि सेवानिवृत्त होने वाले प्रत्येक शासकीय सेवक को उनकी सेवानिवृत्ति तिथि पर ही पेंशन तथा अन्य सेवा लाभों की स्वीकृति प्रदान की जाए। इसी कड़ी में श्री सीताराम जायसवाल को उनकी सेवानिवृत्ति के दिन ही पेंशन से संबंधित स्वीकृति दी गई।

जिला कोषालय अधिकारी ने बताया कि सेवानिवृत्ति तिथि के कम से कम एक माह पूर्व सभी कर्मचारी अपने पेंशन प्रपत्र को ऑनलाइन माध्यम से भरकर अपने संबंधित कार्यालय प्रमुख को प्रस्तुत करें। इससे समय पर पेंशन स्वीकृति संभव हो सकेगी और यदि किसी कर्मचारी को पेंशन प्रक्रिया में किसी प्रकार की कठिनाई या तकनीकी समस्या का सामना करना पड़ रहा है, तो वे जिला कोषालय अधिकारी से संपर्क कर आवश्यक मार्गदर्शन व सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

## वृद्धा आश्रम में महिला समिति ने लगवाया कूलर



**बिश्रामपुर(अम्बिकावाणी समाचार)।**
श्रद्धा महिला मंडल एसईसीएल बिलासपुर की अध्यक्षा श्रीमती शशि दुहन एवं उनके सहयोगियों के द्वारा किए जा रहे,सामाजिक कार्यो से प्रेरित होकर, समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व को निभाते हुए शिवानी महिला समिति, बिश्रामपुर क्षेत्र के द्वारा,पिछले दिनों स्नेह सम्बल (वृद्धा आश्रम ) सूरजपुर पहुंच वृद्धजनों की सुध ली, यहां गर्मी को देखते हुए महिला समिति वृद्धजनों को राहत दिलाने आश्रम को एक नग कूलर उपलब्ध कराया साथ ही ग्लूकोज व फूड पैकेटों तथा मौसमी फलो की टौकरी का वितरण किया गया।

आयोजन में इस दौरान श्रीमती अल्पना सिंह के साथ श्रीमती अर्चना झा,श्रीमती जया रमन्ना,श्रीमती अनीता भील, श्रीमती महिमा सिंह, श्रीमती इन्दु ठाकुर, श्रीमती राजश्री नारायण और श्रीमती रीता सिंह की सहभागिता रही।

# आरागाही, बरतीकला एवं ककना में किया गया समाधान शिविर का आयोजन

### शिकायतों और मांगों का समाधान कर साझा की गई जानकारी

**बलरामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा हितग्राही मूलक योजनाओं में पारदर्शिता लाने और आम नागरिकों की मांग और शिकायतों का निराकरण करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर सुशासन तिहार मनाया जा रहा है। तीसरे चरण में प्रदेशभर के गांवों और कस्बों में शासन-प्रशासन के द्वारा पूरी तत्परता और तन्मयता के साथ आमजन की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। जिले में भी आम नागरिकों एवं ग्रामीणों के मांग, शिकायत एवं समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा के मार्गदर्शन में सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन हो रहा है। सुशासन तिहार के अंतिम चरण में जिले के वाड्रफनगर के बरतीकला में समाधान शिविर आयोजित हुआ। जिसमें सुशासन तिहार के तहत प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों का निराकरण करते हुए में ग्रामीणों की शिकायतों और मांगों का समाधान कर जानकारी साझा की गई।

विकासखण्ड वाड्रफनगर के कलस्टर ग्राम हायर सेकेण्डरी स्कूल बरतीकला में आयोजित शिविर में प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला पोर्ते शामिल हुई। शिविर में वासी भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। शिविर के दौरान विभागीय अधिकारियों ने जनता के आवेदनों की स्थिति की जानकारी दी और उनके आवेदनों के आधार पर उनके समस्याओं का निपटारा किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने जनता को अवगत कराया कि शेष मामलों का भी शीघ्र समाधान किया जाएगा। साथ ही समाधान शिविर में प्राप्त हुए आवेदनों के शीघ्र निराकरण को लेकर आश्वस्त किया गया।

ककना व आरागाही में समाधान शिविर का आयोजन

समाधान शिविर की कड़ी में विकासखण्ड राजपुर के ककना एवं रामचन्द्रपुर के आरागाही में भी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। उन्होंने स्टॉलों का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के निराकरण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान ग्रामीणों ने भी विभागीय स्टॉल का अवलोकन कर शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी ली।

नगरपालिका बलरामपुर में किया गया समाधान शिविर का आयोजन

नगरपालिका बलरामपुर के बाजारपारा स्थित ऑडिटोरियम में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों का निराकरण कर आमजनों को निराकरण की जानकारी दी गई।

हितग्राहीमूलक सामग्रियों का किया गया वितरण

शिविर में हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास की चाबी, आयुष्मान कार्ड, किसान किताब, वन अधिकार पत्र, लखपति दीदी सम्मान प्रमाण पत्र, श्रम कार्ड, राशनकार्ड एवं बीज का वितरण किया गया। इस अवसर पर संबंधित क्षेत्रों के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## जांच के बाद लौटी विजलेंस टीम

**बिश्रामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में सिविल विभाग में विभागीय अधिकारियों से साठगांठ कर ठेकेदारों द्वारा की गई गड़बड़ी बोगस आहरण मामले की शिकायत पर जांच करने पहुंची कंपनी की सतर्कता विभाग की तीन सदस्यीय जांच टीम बुधवार को बिश्रामपुर क्षेत्र पहुंची यहां दो दिन रहकर प्राप्त शिकायतों की जांच के बाद जांच टीम दूसरे दिन मुख्यालय लौट गई है। बताया जाता है कि बिश्रामपुर क्षेत्र के एक श्रमिक नेता ने सतर्कता विभाग को पत्र लिखकर चोपड़ा कॉलोनी में एसटीपी मरम्मत कार्य में बड़े स्तर पर गड़बड़ी नियमों को ताक में रखकर कार्य की शिकायत इसके अतिरिक्त रेहर गायत्री में दो करोड़ के एएमएसी कार्य में गड़बड़ी की शिकायत की थी।सतर्कता विभाग की जांच में व्यापक पैमाने पर गड़बड़ी मिलने की बात सामने आई है।पूरे मामले में रिटायर एसओसी और ओवरसियर की भूमिका सवालों के घेरे में है। विजलेंस टीम को जांच में किस स्तर पर गड़बड़ी मिली है इसकी विस्तृत जानकारी नहीं मिल पाई है।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप युक्तियुक्तकरण से शिक्षा की गुणवत्ता में होगा सुधार

**बलरामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं शिक्षा का अधिकार अधिनियम २००९ के अनुरूप बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में शिक्षा विभाग के अंतर्गत ई-संवर्ग के ०५ एवं टी-संवर्ग के ४०९ कुल ४१४ विद्यालयों का युक्तियुक्तकरण किया गया है। इसी प्रकार जिले में ई-संवर्ग के ६७ एवं टी-संवर्ग के ६२८ कुल ६९५ अतिशेष शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण के तहत जिला स्तरीय काउंसलिंग के माध्यम से पदस्थापना की कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित है। मंशा अनुसार विद्यालयों एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के माध्यम से दूरस्थ अंचल क्षेत्रों में शिक्षकों की कमी को दूर करने के साथ ही शिक्षा गुणवत्ता में सुधार करने एवं शाला संचालन में हो रहे परेशानियों से भी निजात मिलेगी।

# फायर अलर्ट! साल की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर पुष्पा 2 का प्रीमियर आज जी सिनेमा पर

मुंबई। पुष्पा सिर्फ एक नाम नहीं है, पुष्पा मतलब ब्रैंड..ज्ञ् वह फिल्म जिसने सारे रिकॉर्ड तोड़े, दिलों को जीता और लोगों को और देखने के लिए बेकरार छोड़ दिया। बॉक्स ऑफिस पर तूफान मचाने के बाद अब पुष्पा राज एक बार फिर हमारे दिलों पर राज करने को तैयार है। इस बार पुष्पा राज वाइल्ड फायर बनकर लौटा है, एक ऐसी कहानी के साथ, जो पहले से कहीं बड़ी, ज्यादा दमदार और जबर्दस्त ड्रामा से भरपूर है। साल की सबसे बहुप्रतीक्षित ब्लॉकबस्टर च्पुष्पा २ः द रूलज् का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर होने जा रहा है जी सिनेमा पर, शनिवार ३१ मई को शाम ७:३० बजे। यह एक ऐसी फिल्म है, जिसे पूरा परिवार साथ बैठकर देख सकता है, क्योंकि च्पुष्पा २ज् में है एंटरटेनमेंट, इमोशंस और एक्शन का वह लेवल, जो आपने पहले कभी नहीं देखा होगा। यह चैप्टर सिर्फ पुष्पा राज का रूल, उसकी लड़ाइयों और उसके अंदर की आग ही नहीं दिखाता है, बल्कि उसमें छिपे एक वफादार पति को भी सामने लाता है, जो किसी का भी दिल चुरा ले। जी हाँ, उसके रग्ड लुक और बिंदास अंदाज के पीछे छिपा है एक ऐसा इंसान, जो अपनी पत्नी से बेइंतेहा प्यार करता है, अपने परिवार के लिए खड़ा रहता है और यह साबित करता है कि असली मर्द वही होता है, जो हिफाजत करना जानता है और इज्जत भी। यह फिल्म प्यार और वफादारी का एक जोरदार जश्न है। इसके धाँसू गाने, सीटी मार डायलॉग्स और जबर्दस्त एक्शन सीक्वेंसेज के साथ च्पुष्पा २ज् बन गई है एक ऐसी फैमिली ब्लॉकबस्टर, जिसे मिस करना मुमकिन ही नहीं।




रश्मिका मंदाना ने कहा कि श्रीवल्ली उन किरदारों में से एक है, जिसके लिए मुझे सबसे ज्यादा प्यार मिला, और वक्त के साथ वह मेरे व्यक्तित्व का हिस्सा बन गई है। उसकी ताकत, उसकी गरिमा और हर परिस्थिति में सही के लिए खड़े होने की उसकी काबिलियत जैसी सारी खूबियाँ उसे मेरे लिए और दर्शकों के लिए बेहद प्रेरणादायक बनाती हैं। सिर्फ पुष्पा राज के साथ उसका रिश्ता ही उसकी पहचान नहीं है, बल्कि वह अपनी सोच और जज्बे से पहचानी जाती है। पुष्पा २ में उसके सफर को दोबारा जीना मेरे लिए बेहद संतोषजनक रहा, खासतौर पर यह देखना कि श्रीवल्ली में बदलाव तो आया है, लेकिन फिर भी वह अपनी सच्ची पहचान से जुड़ी हुई है। मैं बेहद आभारी हूँ कि दर्शक न सिर्फ इस कहानी से जुड़े, बल्कि श्रीवल्ली और पुष्पा के खूबसूरत रिश्ते से भी इतनी गहराई से जुड़ाव महसूस किया। हमें देश के हर कोने से जो प्यार और सराहना मिल रही है, उसने इस सफर को और भी खास बना दिया है। मैं इस बात को लेकर बेहद उत्साहित हूँ कि अब पूरे देश के दर्शक जी सिनेमा पर इस फिल्म को देख पाएँगे।सुकुमार ने कहा कि च्पुष्पा २ः द रूल को जबर्दस्त रिस्पॉन्स मिला है, खास तौर पर हिंदी मार्केट में, जहाँ यह फिल्म एक रिकॉर्ड तोड़ बॉक्स ऑफिस ब्लॉकबस्टर साबित हुई। इस फिल्म की असली ताकत इसके रिश्तों में है, जिसमें पुष्पा की जिद, श्रीवल्ली के साथ उसका रिश्ता और एक-दूसरे के लिए की गई कुर्बानियाँ शामिल हैं। पुष्पा के किरदार की जो मास अपील है, उसकी यात्रा और कहानी की जो इंटेंसिटी है, वही दर्शकों से इसकी गहराई से जोड़तीहै, फिर वह चाहे किसी भी भाषा या राज्य के हों। च्पुष्पा २ः द रूलज् एक ऐसी फिल्म है, जिसका टेलीविजन पर बेसब्री से इंतजार हो रहा था। और अब, जी सिनेमा पर इसके वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर के साथ, पूरे परिवार एक साथ बैठकर इस ग्रैंड सफर को अपने घर पर सुकून से एंजॉय कर सकते हैं। च्पुष्पा २ः द रूलज् की कहानी वहीं से शुरू होती है, जहाँ पहले भाग का धमाकेदार क्लाइमैक्स हुआ था। अब दर्शक दोबारा पुष्पा राज (अल्लू अर्जुन) की सख्त और जोखिम भरी दुनिया में कदम रखेंगे। इस सीक्वल में पहले से बड़ा दाँव लगा है, क्योंकि इस बार पुष्पा का सामना होगा भंवर सिंह शेखावत (फहाद फाजिल) और कई खतरनाक दुश्मनों से। साथ ही, उसकी अपनी जिन्दगी के गहरे भावनात्मक संघर्ष भी सामने आते हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या पुष्पा अपने दुश्मनों से एक कदम आगे रहेगा या कहानी में आएगा कोई बड़ा ट्विस्ट?

# हाथी के हमले में युवक की दर्दनाक मौत

## वन विभाग की लापरवाही पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, पुलिस की समझाइश के बाद थमा विरोध







**कोरबा अम्बिकावाणी** – कोरबा जिले के ग्राम बनिया में बीती रात एक जंगली हाथी के हमले में युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान तीजराम निर्मलकर (निवासी मुरली) के रूप में हुई है, जो अपनी ससुराल बनिया आया हुआ था। हादसा उस वक्त हुआ जब वह अपने एक साथी के साथ ईंट भट्ठे से लौट रहा था। रास्ते में अचानक एक हाथी ने हमला कर दिया। तीजराम का साथी किसी तरह जान बचाकर भाग निकला, लेकिन तीजराम को हाथी ने कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

**घंटों बाद भी नहीं पहुंचा वन विभाग, ग्रामीणों में उभरा आक्रोश** – घटना की जानकारी शाम करीब ७:३० बजे ही वन विभाग को दे दी गई थी, लेकिन रात १२ बजे तक न तो कोई अधिकारी आया और न ही कोई मदद पहुंची। इस उपेक्षा से नाराज ग्रामीणों ने मौके पर जमकर हंगामा किया। उन्होंने वन अमले और पुलिस के समक्ष विरोध प्रदर्शन कर वरिष्ठ अधिकारियों को बुलाने की मांग की। मृतक तीजराम के परिजनों का कहना है, हाथियों की मौजूदगी की सूचना पहले से थी, लेकिन वन विभाग ने कोई चेतावनी नहीं दी। अगर समय पर मदद मिलती, तो शायद तीजराम की जान बच सकती थी। सरकार और विभाग के लिए ये सिर्फ आंकड़ा है, लेकिन हमारे लिए पूरा संसार उजड़ गया है। करीब दो घंटे तक चले विरोध के बाद प्रशासन द्वारा मृतक के परिजनों को २५ हजार की तात्कालिक सहायता राशि प्रदान की गई। पुलिस की समझाइश और अधिकारियों की मौजूदगी के बाद ग्रामीण शांत हुए, जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया।

**हाथियों का आतंक जारी, वन विभाग मौन** – बनिया-चोटिया क्षेत्र में हाथियों का आतंक कोई नई बात नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि इस क्षेत्र में हाथियों का बार-बार आना-जाना लगा रहता है, लेकिन वन विभाग अब तक कोई सतत निगरानी व्यवस्था या चेतावनी प्रणाली विकसित नहीं कर पाया है। यह हादसा केवल एक व्यक्ति की मृत्यु नहीं, बल्कि वन विभाग की लापरवाही और शासन की निष्क्रियता का जीवंत प्रमाण है। यदि समय रहते कार्रवाई होती, तो यह जान शायद बचाई जा सकती थी।

छोटी खबरें

## ग्रामीणों ने श्रमदान से बनाई अस्थायी सड़क, प्रशासन की अनदेखी पर उठे सवाल



**कोरबा अम्बिकावाणी** – पोड़ी उपरोड़ा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत लेपरा के ग्रामीणों ने एक बार फिर साबित कर दिया कि एकजुटता और संकल्प से किसी भी समस्या का समाधान संभव है। गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाली डामरीकृत सड़क तान नदी के तेज बहाव में पिछले वर्ष बह गई थी, जिससे पिछले एक साल से ग्रामीणों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। यह मार्ग स्कूल जाने वाले बच्चों, बीमारों को अस्पताल पहुंचाने और दैनिक जरूरतों की पूर्ति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कुछ माह पूर्व जिला कलेक्टर द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत इस मार्ग के पुनर्निर्माण हेतु १ करोड़ २० लाख रुपये की स्वीकृति दी गई थी, लेकिन आश्चर्यजनक रूप से अब तक कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। अधिकारियों की उदासीनता और प्रशासन की लापरवाही से क्षुब्ध होकर ग्राम पंचायत की सरपंच कुमारी चंद्रकला पोर्ते के नेतृत्व में ग्रामीणों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि स्वयं श्रमदान कर सड़क की मरम्मत की जाएगी। इसके बाद गांव के युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने मिलकर क्षतिग्रस्त सड़क पर मिट्टी और गिट्टी डालकर अस्थायी रूप से उसे उपयोग के योग्य बना दिया। ग्रामीणों का स्पष्ट कहना है कि यदि प्रशासन समय पर कार्य शुरू कर देता, तो उन्हें यह जोखिम उठाने की जरूरत नहीं पड़ती। अब वे मांग कर रहे हैं कि स्वीकृत राशि का उपयोग करते हुए शीघ्र स्थायी सड़क निर्माण कार्य शुरू कराया जाए। यह घटना प्रशासन की अनदेखी और ग्रामीणों की जागरूकता व एकजुटता का जीवंत उदाहरण बन गई है।

## रिलायंस डिजिटल से 10 लाखा के फोन और एसेसरीज चोरी



**रायपुर**। रात अनुपम गार्डन के सामने स्थित रिलायंस डिजिटल के मोबाइल शो रूम अज्ञात चोर छत का शीशा तोड़कर नीचे शो रूम में घुसा और शो केस में रखे 17 फोन, 2 घड़ी 1 ईयर बर्ड ले भागा। यह चोरी शनिवार रात 10 से रविवार दोपहर 2 बजे के बीच हुई। शो रूम स्टाफ ने दो दिन की पड़ताल के बाद मंगलवार शाम सरस्वती नगर थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। शो रूम मैनेजर सोमनाथ नसेर की रिपोर्ट के मुताबिक करीब 1082123 रूपए का सामना चोरी कर गए। चोरी शो रूम के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। 1.10 मिनट की रिकार्डिंग में एक युवक, जो बैंगनी रंग के कपड़े पहने हुए है और साथ लाए बैग में धड़ाधड़ मोबाइल पैक बाक्स को डाल रहा है। पुलिस सीसीटीवी के माध्यम से अज्ञात चोरी की तलाश में जुट गई है।

## थाने में युवक ने खुद का गला काटा, अस्पताल में दाखिल



**रायपुर**। राजधानी रायपुर में पुलिस थाने के अंदर युवक ने खुद का गला काट दिया है। उसने पुलिसकर्मियों के सामने खुद के गले पर ब्लेड चलाकर आत्महत्या की कोशिश की है। इस घटना के बाद थाना प्रभारी समेत अन्य स्टाफ फौरन युवक को मेकाहारा अस्पताल ले गए। फिलहाल युवक का उपचार जारी है। यह पूरा मामला मौदहापारा थाना क्षेत्र का है।

## कटबीतला में रेत खदान बना लूट का अड्डा, लोडिंग के नाम पर खुलेआम वसूली, आम जनता बेहाल



**कोरबा अम्बिकावाणी** – जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में शासन द्वारा संचालित रेत खदानों का संचालन पंचायतों को सौंपा गया है, ताकि आम जनता को सस्ती दर पर रेत उपलब्ध हो सके। लेकिन ग्राम पंचायत कटबीतला में शासन की इस मंशा को दरकिनार कर सरपंच और संबंधित लोगों द्वारा खुलेआम मनमानी की जा रही है।

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि शासन द्वारा निर्धारित दर ५०१ रुपये प्रति ट्रैक्टर है, जिसमें रॉयल्टी और मजदूरी दोनों शामिल होते हैं। इसके विपरीत, कटबीतला में रॉयल्टी पर्ची के नाम पर ६०० रुपये और लोडिंग के नाम पर अतिरिक्त ४०० रुपये वसूले जा रहे हैं। यानी एक ट्रैक्टर रेत के लिए कुल १००० रुपये तक वसूले जा रहे हैं। इस अवैध वसूली का असर ग्रामीणों पर सीधा पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि ट्रैक्टर संचालकों द्वारा यह अतिरिक्त राशि उपभोक्ताओं से वसूली जा रही है, जिससे रेत की कीमत २००० से ३००० रुपये प्रति ट्रैक्टर तक पहुंच गई है।

**प्रधानमंत्री आवास योजना पर भी पड़ा असर**

ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान में क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कई मकानों का निर्माण कार्य चल रहा है। लेकिन रेत के महंगे दामों के कारण गरीब परिवारों को मकान निर्माण में भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि यह वसूली सरपंच की मिलीभगत से की जा रही है और कोई भी अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे रहा।

**मांग हो सख्त कार्रवाई**

लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि कटबीतला की खदान में हो रही इस अवैध वसूली की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि शासन की पारदर्शिता और जनहित की नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके।

## अनंतिम योग्यता सूची जारी, अभ्यर्थी 06 जून तक दावा आपत्ति कर सकते है जमा

**कोरबा अम्बिकावाणी** – एकीकृत बाल विकास परियोजना चोटिया के ग्राम पंचायत कोरबी अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र कुरूडांड़ में सहायिका के रिक्त पद हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त आवेदनों के जांच व परीक्षण उपरांत अनंतिम मूल्यांकन पत्रक जारी किया गया है। मूल्यांकन पत्रक परियोजना कार्यालय चोटिया तथा जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना चोटिया ने जानकारी देते हुए बताया कि जारी अनंतिम सूची के संबंध में अभ्यर्थियों से दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया है। अभ्यर्थी ०६ जून २०२५ तक कार्यालयीन समय में परियोजना कार्यालय चोटिया में अपनी दावा आपत्ति जमा कर सकते है। दावा आपत्ति में नवीन दस्तावेज स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु दावा आपत्ति के निराकरण उपरांत संशोधित सूची जारी

**कोरबा अम्बिकावाणी**- कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोरबा द्वारा एमओ आयुष (आरबीएसके), नर्सिंग ऑफिसर, एनयुएचएम, फार्मासिस्ट, सिक्यूरिटी पर्सनल, नर्सिंग ऑफिसर एनएचएम, स्टॉफ नर्स-एनआरसी व रेडियोग्राफर के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु प्राप्त दावा आपत्ति की निराकरण सूची/दावा आपत्ति निराकरण उपरांत पात्र अपात्र की सूची एवं लिखित/कौशल परीक्षा में शामिल होने हेतु पात्र अभ्यर्थियों की सूची के विरुद्ध पुनः दावा आपत्ति निराकरण की सूची की संशोधित सूची जारी किया गया है। अभ्यर्थी जारी सूची का कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोरबा के सूचना पटल एवं जिले के शासकीय वेबसाइट में अवलोकन कर सकते हैं।

## किया गया निःशुल्क उपचार- सियान सदन कोरबा में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 729 बुजुर्ग व्यक्तियों की हुई स्क्रीनिंग



**कोरबा अम्बिकावाणी** – कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी के नेतृत्व में समाज कल्याण विभाग एवं आयुष विभा तथा लायंस क्लब के सहयोग से वयोवृद्ध देखभाल कार्यक्रम के अंतर्गत आज सियान सदन कोरबा में वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग उपस्थित थे। शिविर में वयोवृद्ध व्यक्तियों तथा पेंशनर्स का विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क परामर्श एवं उपचार किया गया। निःशुल्क दवायें, व्हील चेयर, हियरिंग एड, स्टीक प्रदान किया गया तथा स्वस्थ्य जीवन शैली, व्यायाम, योग के संबंध में विशेषज्ञ सलाह दिया गया. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि इस शिविर में ७२९ वयोवृद्ध नागरिकों का परीक्षण किया गया। जिसमें बीपी, शुगर, नेत्र, दांत, नाक कान गला, गठिया के मरीजों की स्क्रीनिंग किया गया। जिसमें बीपी के ११२, शुगर के १२१ नये मरीज मिले, दांत के ३१, नाक कान गला के १५४, नेत्र से संबंधित मरीजों में ५३ लोगों को चश्मा का वितरण किया गया। ३१ मोतियाबिंद के संभावित मरीज मिले जिन्हे जिला नेत्र चिकित्सा विभाग चिकित्सा महाविद्यालय में रिफर किया गया। आयुष विभाग द्वारा १०८ मरीजों की जांच कर दवाईयां वितरित किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा १६ वयोवृद्ध नागरिकों को व्हीलचेयर, स्टीक ३०० तथा १०० मरीजों को हियरिंग एड प्रदान किया गया।

## सुशासन तिहार के समापन पर समाधान शिविर आयोजित, जनप्रतिनिधियों का हुआ भव्य स्वागत



**कोरबा अम्बिकावाणी** – २९ मई को ग्राम पंचायत सोहागपुर, ब्लॉक करतला में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित सुशासन तिहार के समापन अवसर पर एक समाधान शिविर का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह, जनपद पंचायत करतला की अध्यक्ष अशोक बाई कंवर, उपाध्यक्ष मनोज झा सहित समस्त जनपद सदस्यगण एवं क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंचगण उपस्थित रहे। शिविर मंच पर प्रदेश पंचायत सचिव संघ ब्लॉक इकाई करतला, जिला कोरबा द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर गरिमामय स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष संबित साहू, ब्लॉक अध्यक्ष सत्यनारायण कंवर, ब्लॉक सह सचिव परमानंद राजवाड़े तथा संघ के अन्य पदाधिकारीगण झ मो. शरीफ, अमित अग्रवाल, ओम प्रकाश भास्कर, वीरेंद्र किरण, जितेंद्र जायसवाल और उदय राम प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

समाधान शिविर के दौरान आमजनों की समस्याएं सुनी गईं एवं कई मामलों में मौके पर ही त्वरित समाधान भी प्रदान किया गया। शिविर में शासन की पारदर्शिता, जवाबदेही और सेवा भावना की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी, जिससे स्थानीय ग्रामीणों में शासन के प्रति विश्वास और अधिक मजबूत हुआ। यह आयोजन शासन की जनसुनवाई से समाधान की नीति का जीवंत उदाहरण बना और क्षेत्रीय जनसहभागिता को एक नई दिशा प्रदान की।

**न्यायालय नायब तहसीलदार, अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा (छ०ग०)**

**//ईश्तहार//**

रा०प्र०क्र०- 202505021700048/ ब-121/2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरिनारायण गुप्ता आ० स्व० गणेश प्रसाद गुप्ता, निवासी मेन रोड अवंती विहार गीतांजली नगर, शंकरनगर, रायपुर (छ०ग०) द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम सोनपुरकला स्थित व्यपवर्तित भूमि खसरा नंबर 3/211 रकबा 0.011 हे० भूमि एवं उस पर, निर्मित मकान को रायपुर के निवास करने के कारण अनावेदक दिनेश कुमार अग्रवाल आ० ओमप्रकाश अग्रवाल, निवासी शंकरगढ़, तहसील शंकरगढ़, जिला-बलरामपुर (छ०ग०) को रू० 30,00,000/- (तीस लाख रुपये) में विक्रय करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 20/06/2025 से पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 23/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

**नायब तहसीलदार**
**अम्बिकापुर-02**
**जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार, सूरजपुर जिला-सूरजपुर (छ0ग0)**

रा0प्र0क्र0 1216/ब-121/2024

दिनांक- 23/05/2025

**// ईश्तहार //**

आवेदक का नाम पवन सिंह पिता जयराम जाति गोंड़ निवासी ग्राम/मोहल्ला राजापुर प.ह.नं. .... तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर छ०ग० ने अपने दादी सुधरी पति दशई मृत्युदिनांक 05/04/1993 का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 06/06/2025 को समय 11.00 बजे इस न्यायालय में अपना स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के मध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। तद्नुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 23/05/2025 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार**
**सूरजपुर,**
**जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**

अम्बिकावाणी
अम्बिकापुर, शनिवार 31 मई, 2025



यदि आप अपना दिल ईश्वर को दे दें तो आप कभी दिलशिकस्त (नाउम्मीद) नहीं होंगे। 0 ब्रह्मकुमारी



संपादकीय

## तीन साल वकालत अनिवार्य

*सुप्रीम कोर्ट ने भावी न्यायाधीशों के लिए अदालती अनुभव होने की बात एक फिर से दोहराई है। पीठ ने प्रधान न्यायाधीश के फैसले को सुनाते हुए कहा कि विधि स्नातकों की नियुक्ति से कठिनाइयां आई हैं, जैसा कि कई उच्च न्यायालयों ने कहा है।*

*अदालत ने स्पष्ट किया, बैचलर ऑफ लॉ करते ही न्यायिक सेवा परीक्षा यानी ज्यूडिशियल सर्विस एग्जाम में शामिल नहीं हो सकते। प्रवेश स्तर पर आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के लिए कम-से-कम तीन साल वकालत करना अनिवार्य होगा। यह फैसला अखिल भारतीय जस्टिस संघ द्वारा दायर याचिका पर आया। बता रहे हैं कि न्यायाधीशों के लिए लॉ क्लर्क के तौर पर किए गए अनुभव को भी जोड़ा जा सकता है।*

*हालांकि जज के तौर पर चुनाव होने के बाद अदालत में सुनवाई के पूर्व उन्हें साल भर का प्रशिक्षण भी लेना अनिवार्य है। यह नियम वहां नहीं लागू होगा जहां हाई कोटरे द्वारा पहले ही सिविल जज जूनियर डिवीजन की नियुक्ति की प्रक्रिया चालू की जा चुकी है। तकरीबन बीस साल पहले यानी 2002 में सबसे बड़ी अदालत ने ही एलएलबी ग्रेजुएट को सीधे न्यायिक अधिकारी परीक्षा देने की व्यवस्था दी थी। जाहिर है, सकारात्मक परिणामों के अभाव में अदालत को यह फैसला पलटना पड़ा क्योंकि बगैर अनुभव या अभ्यास के जमीनी हकीकत को समझना नामुमकिन है। न्यायिक प्रक्रिया की गरिमा व गंभीरता के मद्देनजर यह निर्णय उचित है।*

*व्यावहारिक व प्रशासनिक दिक्कतों से समय रहते सबक लिया जाना ही समझदारी है। न्याय की कुर्सी पर बैठने वाले से उम्मीद की जाती है कि उसके निर्णय निष्पक्ष व निर्विवाद हों। प्रशिक्षण व अनुभवों से मिलने वाली सीख ताउम्र काम आती है। पिछले दिनों विभिन्न अदालतों से आए फैसलों पर उपजे विवाद के बाद शीर्ष अदालत को स्वयं संज्ञान लेना पड़ा। चूंकि शीर्ष अदालत पर पहले ही काम का बेहद दबाव है।*

*ऐसे में वह हर फैसले पर न तो कड़ी नजर रख सकती है, न ही हर विवादास्पद फैसले को पलटना ही उचित ठहराया जा सकता है। सीधी भर्ती पर भाई-भतीजावाद की तोहमत भी नहीं लग सकती। तीन वर्ष यूं भी ज्यादा नहीं हैं। विभिन्न अन्य महत्त्वपूर्ण पदों पर चयन होने के उपरांत भी कड़ी ट्रेनिंग की व्यवस्था है। दूसरे, जज को वकीलों की सीमाओं, समस्याओं व उनके काम करने के तरीकों को बारीकी से समझने का मौका भी प्राप्त होगा।*

# भारत की चुप्पी उसकी कमजोरी नहीं, चेतना है

सोनम लववंशी

*राष्ट्रवाद अब केवल झंडे में सिमटी भावना नहीं, वह स्मृति बन चुका है जो स्वतंत्रता संग्राम की मशाल भी थी और आज के दौर में आम जन के विवेक का हिस्सा भी है। तुर्की और अजरबैजान द्वारा भारत के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मंचों पर की गई टिप्पणियां केवल राजनीतिक मसले नहीं हैं, बल्कि यह उन राष्ट्रों के प्रति जनमानस की प्रतिक्रियाओं को भी जगा रही हैं, जो भारत की संप्रभुता पर सवाल उठाते हैं।*

इन प्रतिक्रियाओं में उपभोक्ताओं के बायकॉट की आवाजें शामिल हैं, जो अचानक उभरी भावना नहीं, यह एक ऐसे राष्ट्रवादी विचार का संकेत हैं जो अब सरकारी नीतियों या सीमा पर लड़ाई तक सीमित नहीं रहा।

यह अब नागरिकों के निर्णयों में धड़कने लगा है। पिछले कुछ वर्षो में राष्ट्रवाद की परिभाषा बदल चुकी है। यह अब नारे लगाने या साल में एक दिन झंडा फहराने तक सीमित नहीं है, बल्कि हर उस छोटे-बड़े निर्णय में समाहित हो चुका है, जिसमें व्यक्ति देश के मान और हित को निजी सुविधा से ऊपर रखता है। अब भारतीय उपभोक्ता ब्रांड से पहले यह देखने लगा है कि वह वस्तु किस देश से आई है और उस देश का भारत के प्रति रु ख क्या है। यह राष्ट्रवाद का नया चेहरा है जो विचारशील, सजग और विवेकशील। मीडिया रिपोट्र्स की मानें तो साल 2024 में ही 3 लाख 30 हजार से ज्यादा भारतीयों ने तुर्की में छुट्टियां बिताई, जबकि अजरबैजान में घूमने वालों की संख्या 2 लाख 43 हजार से ऊपर रही। ये मात्र पर्यटक नहीं थे, बल्कि अरबों रु पये की पूंजी थी जो प्रत्यक्ष रूप से उन देशों की अर्थव्यवस्था को सहारा देती है, जो बार-बार भारत के कश्मीर जैसे संवेदनशील मसलों पर पाकिस्तान का समर्थन करते हैं। आंकड़ों के अनुसार, एक भारतीय पर्यटक औसतन 1 लाख रु पये खर्च करता है यानी सिर्फ 2024 में ही भारतीयों ने तुर्की और अजरबैजान में करीब 4 हजार करोड़ रु पये खर्च किए। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या हम उन देशों की तिजोरी भरें, जो हमारी संप्रभुता को चुनौती देते हैं?

क्या राष्ट्रवाद केवल जज्बा है, या फिर निर्णय लेने की दिशा भी? तुर्की के राष्ट्रपति एदोर्गान द्वारा लगातार कश्मीर पर भारत विरोधी बयान और अजरबैजान द्वारा इस्लामी सहयोग संगठन (ओआईसी) जैसे मंचों पर पाकिस्तान का साथ देना, भले ही कूटनीति के दायरे में आता हो, पर जब इन बातों का असर आम नागरिक की चेतना पर पड़ता है, तब जवाब भी जमीनी होता है। यही वजह है कि सोशल मीडिया पर बॉयकॉट तुर्किए और बॉयकॉट अजरबैजान जैसे ट्रेंड देशभर से समर्थन पा रहे हैं। यह बायकॉट कोई आवेश में लिया गया फैसला नहीं है। ये उस उपभोक्ता चेतना की अभिव्यक्ति है जो अब राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानने लगी है। राष्ट्रवाद अब युद्ध और वीरता के साथ खड़ा होने तक सीमित नहीं। यह अब उस मोबाइल ऐप को हटाने में दिखता है जो देश विरोधी ताकतों से जुड़ा है, या उस विज्ञापन को अस्वीकार करने में जो भारत की संस्कृति का उपहास उड़ाता है। चीन के खिलाफ उठी आवाजें इसकी मिसाल थीं, अब तुर्की और अजरबैजान की बारी है।

यह राष्ट्रवाद प्रतिक्रिया नहीं है एक परिपक्व चेतना है जो अब देश के स्वाभिमान को बाजार में भी उतना ही मूल्य देती है जितना सरहद पर। भारत का राष्ट्रवाद कभी भी संकीर्णता की मानसिकता पर नहीं टिका रहा। यह वह विचारधारा है जो विविधता में एकता ढूंढती है, जो सैनिक के बलिदान पर गर्व करती है तो संविधान के मूल्यों की रक्षा भी उतनी ही दृढ़ता से करती है। परिपक्व राष्ट्रवाद दूसरों को गिराने के लिए नहीं, स्वयं को उठाने के लिए होता है। और जब देश का नागरिक अपने छोटे-छोटे निर्णयों में इस चेतना को शामिल करता है, तो वही आत्मनिर्भर भारत की असली नींव बनती है। बॉयकॉट जैसे कदमों के आर्थिक असर सीमित हो सकते हैं, लेकिन इनके मनोवैज्ञानिक प्रभाव गहरे होते हैं। वे यह संदेश देते हैं कि भारत अब केवल एक बाजार नहीं, एक जीवित, सोचने-समझने वाला लोकतंत्र है। जब आम लोग विदेशी कंपनियों या देशों के प्रति अपनी नीतियां पुनर्विचार के लिए बाध्य करते हैं, तो यह बाजार की दिशा बदलने वाली ताकत बनती है। यह भावना सरकार को संकेत ही नहीं देती, उद्यमियों को भी प्रेरित करती है कि 'मेड इन इंडियाइ अब केवल एक लेबल नहीं, गर्व का प्रतीक है।

यदि यह भावना विवेक के बजाय उन्माद में बदल जाए, तो वह समाज में विभाजन और असहिष्णुता को जन्म दे सकती है। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में स्थायी मित्र या शत्रु नहीं होते केवल हित होते हैं। इसीलिए राष्ट्रवाद के साथ विवेक का होना भी उतना ही जरूरी है जितना साहस का। जब भारत का नागरिक भावनाओं के साथ तार्किकता को जोड़ता है, तब ही वह वैश्विक मंच पर भारत की एक सम्मानित और सशक्त पहचान गढ़ता है। इसलिए तुर्की और अजरबैजान जैसे प्रसंग केवल द्विपक्षीय संबंधों की कड़वाहट नहीं हैं, ये याद दिलाने वाले अवसर हैं कि आज का भारतीय न केवल सजग नागरिक है, बल्कि विवेकशील राष्ट्रवादी भी है। यह राष्ट्रवाद अब इतिहास की धरोहर नहीं, वर्तमान की जीवंत शक्ति है जो निर्णयों को दिशा देती है, बाजार को नैतिकता से जोड़ती है और दुनिया को यह बताती है कि भारत की चुप्पी उसकी कमजोरी नहीं, चेतना है।

# देश से नक्सलवाद अब अंतिम चरण में, राष्ट्रीय महासचिव (माले) बसव राजू की मौत, लालडोरा खत्म

अजय दीक्षित

*तिरुपति से पशुपतिनाथ तक लाल डोरा बनाने वाले क्षेत्र भारत से नक्सलवाद अब अंतिम चरण में है,। 21 मई को दंतेवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों की नारायणपुर में हुई मुठभेड़ में सुप्रीम कमांडर यानी नक्सलियों का राष्ट्रीय महासचिव बसव राजू अपने सताइस साथियों के साथ मारा गया है। बसव राजू 1980 से नक्सलवाद से जुड़ा था।बताया जाता है कि वह 50 नक्सलियों की चार लेयर वाली सुरक्षा में रहता था और इसके ऊपर डेढ़ करोड़ का इनाम था।*

1967 में माओवाद के नाम पर आरंभ हुआ नक्सलवाद 80,90,2000,2010 के दशक में छत्तीसगढ़, झारखंड, आंध्र प्रदेश, ओड़िशा के एक बड़े हिस्से में आतंक का पर्याय रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ के घने जंगलों में इनका राज रहा था। पुलिस अधिकारियों की यहां पद स्थापना होते ही रूह कांप जाती थी इतना ही नहीं पुलिस इन नक्सलियों के डर से अपनी बर्दी भी नहीं पहनते थे।लगभग आदी शताब्दी चले इस आंदोलन ने हजारों पुलिस अधिकारी शहीद कर दिए।कई आइपीएस अधिकारियों ने भी अपनी जान दी । छी रम घाटी में छत्तीसगढ़ की पूरी कांग्रेस पार्टी जिसमें महेंद्र कर्मा, नंदकुमार साय, विद्याचरण शुक्ल सहित 40 नेता एक ही हमले में मारे गए।

1967 में चारु मजूमदार, कीनू कन्याल,द्वारा चीन के माओवाद से प्रभावित हो कर भारत सरकार के खिलाफ सशस्त्र हिंसक आंदोलन खड़ा किया और उसकी जन्मभूमि थी नक्सलबाड़ी जो पश्चिमी बंगाल में है। आरंभ में यह लोग जमीन,जंगल, जंगली जातियों,ट्राइब्स,के अधिकारों की मांग कर ते थे। चारु मजूमदार और कन्याल ने अपनी जड़े पहले,पूर्व के बस्तर क्षेत्र में जमाई।फिर शनै शनै नक्सलियों ने पूरा एक क्षेत्र बना लिया जिसमें इन की ही सत्ता चलती है । मप्र के बालाघाट जिले, छत्तीसगढ़ के दांतेवाड़ा, जगदलपुर, चांपा, तेलंगाना का नलगोंडा,सूर्यपेठ, खम्मम, ओडिशा का कालाहांडी, झारखंड के कुछ हिस्सा को मिलाकर एक लालडोरा क्षेत्र बना लिया जिसमें लाखों आदिवासी लोगों को अपने हिंसक आंदोलन से जोड़ा, इतना ही नहीं इन नक्सलियों ने बड़ी मात्रा में हथियार,लैंड माइन्स,गोला बारूद भी चीन से हासिल किया।पूरे क्षेत्र में बन ठेकेदारों,सड़क निर्माण में कार्य कर रहे मालिक से प्रति वर्ष करोड़ों रुपए बसूल कर लिया। नक्सलियों ने पूरे लाल्दोरा को अपने दोहन साधन बना लिया था।ये लोग खनिज विभाग के ठेकेदारों से महीने की एक मुश्त रकम ऐंठते थे । शासकीय सेवा में लगे लोग भी तीस प्रतिशत राशि देते थे। अगर आनाकानी की तो मौत हो उनकी सजा थी। कौन ठेठेदार टेंडर जारी करेगा यह सब जगदलपुर, रायपुर,में बैठा प्रधान तय करता था । नक्सलियों का एक उद्देश्य था कि पूरे तंत्र को इतना डरा कर रखो कि शासन की नीतियों को क्रियान्वयन नहीं हो सके ।एक बार जन चौपाल लगा रहे एक कलेक्टर को अपहृत कर लिया। और उनको रिहा कर ने लिए शासन ने बकायदा फिरौती दी। कुछ गैर सरकारी संगठन भी इनकी आड़ में करोड़ों रुपए की सरकारी कार्यक्रम को दिल्ली में बैठे बैठे ही चला ती थी।नब्बे के दशक नक्सलियों का इतना जलजला हो गया कि ये लोग चुनावों को भी प्रभावित कर देते थे। राष्ट्रीय दल भी इनके सामने नतमस्तक थे। दिल्ली में भी इनकी एक लाभी थी जो इनको राजनीतिक संरक्षण देने का काम किया करती थीं। सीपीएम,सीपीआई

सीपीई माले फॉरवर्ड ब्लॉक, आरपीआई, का खुला संरक्षण था।इन नक्सलियों ने जंगलों में बड़े बड़े केंप बना लिए थे और अपनी अय्याशी के लिए भोले भाले आदिवासी महिलाओं को बड़े पैमाने पर रख रखा था नक्सलियों छद्म नाम पर पासपोर्ट बनवा लिया था और विदेश यात्रा करते थे। आदिवासियों को बकायदा वेतन दिया जाता था। नक्सली काफी पड़े लिखे थे और कई भाषाओं इंग्लिश, कन्नड़,तेलगु,हिंदी,बोलते थे।

केंद्र सरकार ने नक्सलवाद को लगाम लगाने के लिए बीएसएफ, सीआरपीएफ, सीआईएफएफ, आईटीबीपी,की सैकड़ों बटालियन भी लगाई लेकिन नतीजा नहीं निकला ।2014 भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार ने नक्सलवाद को लेकर दीर्घ कालीन नीति बनाई और उसमें गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलवाद को समाप्त करने पर जोर दिया। 2024 में 380 नक्सलियों का सफाया हुआ।

अब जाकर नक्सलियों की चूल हिली है।21 मई को हुए एनकाउंटर में बसव राजू नमक एक करोड़ इनामी नक्सली मारा गया है। बसव राजू के बारे में बताया जाता है कि वह अभी फिलिपीन से लौटा था।अभी हिड़मा,देवा,सहदेव, नामक नक्सली,सुकमा घाटी में घिर गए हैं।केंद्र सरकार ने दावा किया है कि 2026 तक नक्सलवाद भारत से समाप्त हो जाएगा।

## तंबाकू सेवन एक वैश्विक स्वास्थ्य और आर्थिक संकट

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के नेतृत्व में एक ऐसी संधि ने बीस साल पूरे कर लिए हैं, जिसका दुनिया भर में जन स्वास्थ्य को व्यापक लाभ मिला है। विश्व में फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन टोबैको कंट्रोल (एफसीटीसी) नामक यह संधि 27 फरवरी 2005 को हुई थी। अब इसे इतिहास की ऐसी पहल के रूप में स्वीकार्यता मिल गई है जिसे न केवल व्यापक रूप से अपनाया गया है बल्कि जिसके अपेक्षित परिणाम भी सामने आए हैं। इस संधि की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसकी बदौलत लाखों लोगों की जान बचाने में कामयाबी मिली है। मानवता के लिए एक गंभीर संकट बन चुके तंबाकू के दुष्प्रभावों को कम करने में इस संधि की भूमिका महत्वपूर्ण रही है।


यह सर्वविदित है कि तंबाकू मानवता के लिए एक अभिशाप बन चुका है। यह दुनिया में कैंसर, टीबी जैसी बीमारियों और उनकी वजह से होने वाली मौतों कारण बन रहा है। तंबाकू के कारण हर साल लाखों लोग मौत के मुंह में चले जाते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में 20 प्रतिशत हृदय रोगियों की मौत के लिए तंबाकू ही जिम्मेदार है। इसके अलावा यह सामाजिक एवं आर्थिक दबाव भी बढ़ाता है जिससे गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार अधिक प्रभावित होते हैं। संधि के तहत कई प्रभावी उपाय अपनाए गए हैं जिनका सकारात्मक प्रभाव स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। वर्तमान में दुनिया के 138 देशों में सिगरेट के पैकेटों पर चेतावनियां दी जाती हैं, जिससे उपभोक्ताओं को तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। कई देशों में तंबाकू उत्पादों की पैकेजिंग को साधारण कर दिया गया है, जिससे ब्रांडिंग और आकषर्क डिजाइन की संभावनाओं को समाप्त करने में मदद मिली है।

यह कोई छोटी बात नहीं है कि इस संधि की बदौलत तंबाकू विज्ञापनों और प्रमोशन पर 66 से अधिक देशों में प्रतिबंध लगाया जा चुका है। सार्वजनिक स्थानों, कार्यस्थलों और अन्य बंद इमारतों में धूम्रपान निषेध से निष्क्रिय धूम्रपान के कारण होने वाले नुकसान को भी कम करने में मदद मिली है। इससे ऐसे लोगों का जीवन बचाने में सहायता मिली है, जो खुद सिगरेट का प्रयोग नहीं करते पर धूम्रपान करने वाले अन्य लोगों की वजह से इसका खतरा झेलते हैं। इसके परिणामस्वरूप, वि की एक चौथाई आबादी ऐसी नीतियों के दायरे में आ चुकी है, जिससे तंबाकू सेवन की प्रवृत्ति में गिरावट देखी गई है।

डब्ल्यूएचओ ने संधि की 20 वीं वषर्गांठ के मौके पर कहा है कि तंबाकू के दुष्प्रभावों से बचाव पर केंद्रित यूएन संधि ने पिछले दो दशकों में लाखों-करोड़ों जिंदगियों की रक्षा करने में मदद की है। यह एक तथ्य है कि तंबाकू गैर संचारी रोगों का एक बड़ा कारण है जो न केवल असामयिक मौतों का कारण बनता है,

0 अमरपाल सिंह वर्मा

## अम्बिकावाणी-वर्गपहेली 1341



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. यह अंतरजाल पर स्थित एक निशुक्ल सामाजिक नेटवर्किंग सेवा है (4)
4. मुगल शासक शेरशाह का असली नाम यह था, उसे शेर खां की उपाधि बहार खां लोहानी ने दी थी (3)
7. आसमान, गगन, अंबर, आकाश (3)
8. पुरूषोत्तम मास, अधिमास (4)
9. स्वास्थ्य, तंदुरूस्ती (3)
10. कैदखाना, बंदीगृह, कारागृह (2)
11. फल आदि के अंदर का गुदगुदा भाग, किसी चीज के अंदर का गोला गाढ़ा सार भाग, मज्जा (2)
14. मन प्रसन्न करने की क्रिया, क्रीड़ा, विलास (3)
16. दो की संख्या, निग्रह (2)
18. तनने की क्रिया, खिंचाव, द्वेष (3)
20. ग्राम, गांव (3)
22. मुर्गे आदि पक्षी के सिर पर निकला हुआ बालों का गुच्छा (3)
24. वन में उत्पन्न वस्तु (3)
25. संगीत का ऋषभ सूचक शब्द (1)
26. धातु को पीट और खींचकर बनाया गया तागा या तुंत, टेलीग्राम (2)

**ऊपर से नीचे(2)**

1. श्वसन तंत्र संबंधित एक अंग (3)
2. सिलवट, सिकुडन, ऐंठ (2)
3. पुस्तक विक्रेता को अंग्रेजी में यह कहते है (5)
4. नतीजा, परिणाम, कर्मो का भोग (2)
5. एक दिवंगत चरित्र अभिनेत्री (4)
6. दो अंकों की सबसे छोटी संख्या (2)
8. मतों की गिनती (5)
12. आंचल या पल्ला पकड़ने वाला (5)
13. सुप्रसिद्ध कृति गीत-गोविंद के रचयिता (4)
15. राय, दार्शनक प्रणाली, वोट, अभिप्रेत (2)
17. विशाल, श्रेष्ठ, बहुत बड़ा (3)
19. बगला नामक पक्षी को यह भी कहते है (2)
21. दारचीनी जाति का एक वृक्ष जिसकी छाल औषधि बनाने की काम आती है (2)
23. कोमल कांड, सुंदर स्त्री, सुप्रसिद्ध स्वर साम्राज्ञी (सिर्फ आरंभिक नाम) (2)

**वर्ग पहेली 1340 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्पे | न | | अ | ज | | | |
| श | म | क | | ल | ह | रा | ना |
| ल | क | वा | | ज | य | मा | ला |
| | ह | य | शा | ला | | नु | |
| फौ | ला | द | | | मा | ज | रा |
| ज | ल | | अ | म | न | | शि |
| | | बा | जा | | हा | थ | |
| प्र | ज | न | न | | नि | ल | य |

## एकदा

### घर बैठे पंजीयन की सुविधा उपलब्ध है, पोर्टल संपदा 2.0 में




मध्यप्रदेश में विकसित की गई ई-पंजीयन एवं ई-मुद्रांक इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली का नवीन संस्करण 2.0 विकसित किया गया है। इससे नागरिकों को और बेहतर सुविधाएं प्रदान करने में मदद मिली है। संपदा 2.0 से कोई भी व्यक्ति अब घर बैठे निर्धारित दस्तावेजों का पंजीयन कर सकता है। इसके लिये विभागीय पोर्टल पर कोई भी व्यक्ति स्वयं पंजीकृत होकर अपने दस्तावेज का पंजीयन अथवा ई-स्टाम्प जारी कर सकता है। राज्य सरकार ने इसकी प्रक्रिया को बहुत सरलीकृत कर दिया है। अब दस्तावेजों के पंजीयन के लिये कार्यालय आने अथवा सेवा प्रदाता की सेवाएं लेने की आवश्यकता नहीं रही है। संपदा 2.0 पोर्टल में पंजीयन कार्य करने वाले पक्षकारों की "आधार" बेस्ड ई-केवायसी होगा। इसमें पेन कार्ड का सत्यापन आयकर विभाग के इंटीग्रेटेड सिस्टम पर आधारित होगा। संपत्ति की पहचान यूनिक आईडी से की जा सकेगी। संपत्ति की जियो मैपिंग के आधार पर ही गाइडलाइन दर निर्धारित होगी। इस आधार पर स्वत: ही संपत्ति का मूल्यांकन हो जायेगा। इस सॉफ्टवेयर में ऑटोमेटिक प्रारूप आधारित लेखन की व्यवस्था की गई है। शुल्कों के भुगतान के लिये संपदा वॉलेट मौजूद है। समस्त भुगतान सायबर ट्रेजरी या संपदा वॉलेट से सिंगल क्लिक द्वारा किया जा सकता है। पोर्टल में दस्तावेजों के निष्पादन की प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल हस्ताक्षर आधारित किया गया है।

० संतोष मिश्रा

## राशिफल

ग्रह स्थिति- सूर्य-वृषभ, चंद्र-मीन, मंगल-वृषभ, बुध-मेष, गुरु-कन्या, शुक्र-मीन



**चौघड़िया**

09:03 से 10:43 तक-चंचल
10:43 से 12:23 तक- लाभ
12:23 से 14.04 तक- अमृत
20:24 से 21.44 तक- लाभ


मेष राशि : आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपकी गुम हुई पुरानी वस्तु आज वापस मिल जाएगी। साथ ही आपको इनवेस्ट में लाभ होगा। इस राशि वाले लोगों को अपने जीवनसाथी से आज गिफ्ट मिल सकता है। जिससे आप दोनों के रिश्ते में मधुरता बढ़ेगी।


वृष राशि : आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज बड़े मामलों पर समझौता करने और सहयोग करने के लिए आप तैयार रहें। रुके हुए काम आज पूरे हो जाएंगे। इस राशि के लोग आज जीवनसाथी को लेकर कहीं धार्मिक स्थल पर जा सकते हैं। नव विवाहित लोगों के लिए आज का दिन बहुत ही अच्छा है।


मिथुन राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज प्रोजेक्ट में आपको अपने जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा, जो आगे सफलता के लिए मददगार साबित भी होगा। ऑफिस के कामों में दूसरों की राय लेने से बचें, बेहतर यही होगा की किसी अपने की काम में मदद लें तो काम आसानी से सफल होंगे।


कर्क राशि : आज के दिन आपको धन लाभ होगा। आज किसी अजनबी से बहस न करें। पैसों के लेन-देन के मामले में किसी भी तरह का निर्णय लेने से पहले बड़ों की सलाह लें। अपने ध्यान को केन्द्रित कर काम को पूरा करने की कोशिश करें।


सिंह राशि: आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपका रुझान रचनात्मक कार्यो की तरफ ज्यादा रहेगा। नया वाहन खरीदनें के लिए आज का दिन शुभ है। साथ ही घर की साज-सजावट के लिए घरेलू उपकरणों से जुड़ी खरीददारी करने के लिए भी आज का दिन शुभ है।


कन्या राशि : आपके लिए आज का दिन लकी है। आज के दिन की शुरूआत खुशहाल रहने वाली है। जो लोग मिट्टी के व्यवसाय से जुड़े है उनके लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। आज मेहनत और व्यवहार के कारण आपको धनलाभ होगा।


तुला राशि : आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनी रही रहेगी। आज अपने कामों में कामयाबी का परचम लहरायेंगे। आज खुद को मेंटली और फिजिकली फिट महसूस करेंगे।


वृश्चिक राशि : आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज किसी कार्य को पूरा करने का प्रयास सफल रहेगा। आज परिजनों से शुभ समाचार मिलेंगे, आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। आज किसी व्यक्ति विशेष से आपको मदद मिल सकती है। रात को बाहर दोस्त के साथ डिनर करने जाएंगे।


धनु राशि : आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। व्यापारी वर्ग के लोगों को धनलाभ होगा। अगर किसी नए व्यापार की शुरूआत करना चाह रहें है तो आज शुरूआत कर सकते है। इस राशि के लोगों को अपने जीवनसाथी से आज बहुत सारा प्यार मिलेगा। जीवनसाथी के साथ आप कहीं धार्मिक स्थलों पर जाने का मन बना सकते है।


मकर राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज मनोबल का स्तर अच्छा रहने के कारण आपके कार्य अच्छी गति से आगे बढ़ेंगे। आज बिजनेस में परिवर्तन के आसार दिख रहें हैं। ऑफिस में आपकी क्रिएटिविटी पहले से अच्छी बनेगी।


कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए बहुत बढि?ा रहेगा। आपको अपने कार्यक्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल होने वाली है। साथ ही किसी विदेशी कम्पनी से जॉब का ऑफर आ सकता है। जिसे ज्वाइन करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। आज वाहन की पार्किंग सेफ जगह पर ही करें।


मीन राशि : आज आपका दिन आपके जीवन में नयी खुशियां लेकर आएगा। आपका रूझान आध्यात्म के प्रति अधिक रहेगा। माता-पिता के साथ कहीं मंदिर दर्शन के लिए जायेंगे। मनोरंजन के लिए बनाया हुआ प्लान आज टल सकता है। घर में आज समय ज्यादा व्यतीत करेगें।



# हिन्दू धर्म में क्यों की जाती है वृक्ष की पूजा

एकेश्वरवादी धर्म के लोगों को लिए यह बात बड़ी अजीब लगती है कि हिन्दू धर्म के लोग वृक्ष की पूजा क्यों करते हैं जबकि वह कोई ईश्वर या भगवान नहीं है? दरअसल, हिन्दुइज्म यह मानता है कि इस ब्रह्मांड में सभी कुछ परमात्मा का ही अंश है और सभी एक दूसरे से आतंरिक रूप से जुड़े हुए हैं।

## पीपल और बरगद

वृक्ष की पूजा या प्रकृति की पूजा करने के पीछे साइंटिफिक रीजन भी है। जैसे कि हिन्दू धर्म में बरगद और पीपल के पेड़ की पूजा का प्रचलन है। हम सभी जानते हैं कि यह वृक्ष 24 घंटे ऑक्सीजन देते हैं। अथर्ववेद के उपवेद आयुर्वेद में पीपल और बरगद के औषधीय गुणों का अनेक असाध्य रोगों में उपयोग वर्णित है। औषधीय गुणों के कारण ही इन्हें 'कल्पवृक्ष' की संज्ञा दी गई है। यानी की हमारे ऋषि मुनि कहीं न कहीं इस वृक्ष के महत्व को समझते थे। अक्सर आपने देखा होगा की पीपल और वट वृक्ष की परिक्रमा का विधान है। इनकी पूजा के भी कई कारण है। स्कन्द पुराण में वर्णित पीपल के वृक्ष में सभी देवताओं का वास है। पीपल की छाया में ऑक्सीजन से भरपूर आरोग्यवर्धक वातावरण निर्मित होता है। इस वातावरण से वात, पित्त और कफ का शमन-नियमन होता है तथा तीनों स्थितियों का संतुलन भी बना रहता है। इससे मानसिक शांति भी प्राप्त होती है। पीपल की पूजा का प्रचलन प्राचीन काल से ही रहा है। इसके कई पुरातात्विक प्रमाण भी है। अश्वत्थोपनयन व्रत के संदर्भ में महर्षि शौनक कहते हैं कि मंगल मुहूर्त में पीपल वृक्ष की नित्य तीन बार परिक्रमा करने और जल चढ़ाने पर दरिद्रता, दु:ख और दुर्भाग्य का विनाश होता है। पीपल के दर्शन-पूजन से दीर्घायु तथा समृद्धि प्राप्त होती है। अश्वत्थ व्रत अनुष्ठान से कन्या अखण्ड सौभाग्य पाती है।

## तुलसी और आंवला

इसी तरह यदि हम औषधीय पौधों की बात करें तो तुलसी और आंवला की भी पूजा होती है। कोविड 19 के समय जब विटामिन सी को अच्छे से लेने की सलाह दी गई तब हम सब ने आमला का सेवन और शुरु कर दिया था। इसी तरह जब इम्यूनिटी को बूस्ट करने की बात की गई तो सभी ने तुलसी का रस पीना प्रारंभ कर दिया था। यह दोनों ही तरह के पौधे अत्यंत ही औषधीय गुणों से संपन्न है। यह कई तरह के रोगों को खत्म करने की क्षमता रखते हैं। आयुर्वेद में आमला को सुपरफूड कहा गया है और तुलसी को अमृत माना है।



# इस तरह से की जानी चाहिए लड्डू गोपाल की सेवा वरना मिलते हैं बुरे परिणाम

लगभग सभी घरों में लड्डू गोपाल की सेवा की जाती है। शास्त्रों में कहा गया है कि लड्डू गोपाल की सेवा करने से शुभ फल प्राप्त होते हैं। इसलिए घर में लड्डू गोपाल की मूर्ति रखनी चाहिए, साथ ही उनकी सेवा एक बच्चे की तरह करनी चाहिए। वास्तु शास्त्र के अनुसार, अगर आपने भी अपने घर में लड्डू गोपाल को विराजित किया है, तो आपको कुछ नियमों का पालन जरूर करना चाहिए। पूजा घर में जहां आपने लड्डू गोपाल को बैठाया हुआ है, वहां कुछ चीजें नहीं रखना चाहिए। आइए, जानते हैं कि वे चीजें कौन-सी हैं।



## खंडित मूर्तियां न रखें

वास्तु के अनुसार, घर में टूटी हुई मूर्तियां रखना अशुभ माना जाता है। जिस स्थान पर लड्डू गोपाल विराजित हैं, उस स्थान पर खंडित मूर्तियां नहीं रखनी चाहिए। ऐसी मूर्तियों के घर में होने से नकारात्मक ऊर्जा आती है। ऐसा करने से लड्डू गोपाल की सेना की कृपा भी आपको नहीं मिलती है।

## गंदे कपड़े न रखें

शास्त्रों में यह भी बताया गया है कि जिस कमरे के पूजा घर में लड्डू गोपाल विराजित हैं, उस कमरे में गंदे वस्त्र नहीं होने चाहिए। ऐसा करने नकारात्मक ऊर्जा आकर्षित होती है। घर में दुर्भाग्य प्रवेश करता है।

## इतनी देर तक रखें भोग

अगर आप घर पर भी लड्डू गोपाल को भोग लगाते हैं, तो इस बात का विशेष ध्यान रखें कि 10 मिनट के अंदर ही भोग को वहां से हटा लें। ऐसा माना जाता है कि भोग लगाने के बाद वह झूठा हो जाता है। ऐसे में जूठी थाली लंबे समय तक वहां न रखें।

## सजावटी वस्तुएं

घर के जिस कमरे में लड्डू गोपाल विराजित हैं, उसमें कभी भी सजावटी वस्तुएं न रखनी चाहिए। लड्डू गोपाल के कमरे को हमेशा साफ-सुथरा रखना चाहिए।

## न रखें कोई पत्थर या रत्न

कई लोग अपने घर में कोई न कोई चमत्कारी पत्थर या राशि रत्न आदि रखते हैं। लेकिन इन चीजों को लड्डू गोपाल के आसपास रखने से बचना चाहिए। जिस कमरे में लड्डू गोपाल स्वयं बैठते हैं, उस कमरे का वातावरण सुखद और साकारात्मकता हो जाता है।



# घर के मंदिर में नहीं रखनी चाहिए शनिदेव की मूर्ति

हर घर के मंदिर में अलग-अलग देवी-देवताओं की मूर्तियां रखी होती हैं। लेकिन वास्तु शास्त्र में माना जाता है कि घर के मंदिर में कुछ देवी-देवताओं की मूर्तियां या तस्वीरें नहीं रखनी चाहिए। इन मूर्तियों के रखे होने से नकारात्मक परिणाम भी हो सकते हैं। आइए, जानते हैं कि घर के मंदिर में किन देवी-देवताओं की मूर्तियां या तस्वीरें नहीं रखना चाहिए।

## शनिदेव की मूर्ति

हिंदू धर्म में शनिदेव को न्याय का देवता माना जाता है। शनिदेव की पूजा की जाती है, लेकिन घर के मंदिर में उनकी तस्वीर या मूर्ति रखना वर्जित होता है। उन्हें एक उग्र देव माना जाता है। इसलिए शनिदेव की पूजा घर की बजाय किसी मंदिर में जाकर करना शुभ मना होता है।

## मां काली की मूर्ति

शनिदेव की तरह ही घर के मंदिर में मां काली की मूर्ति और तस्वीर रखना भी अच्छा नहीं माना जाता है। इन्हें भी उग्र देवताओं में शामिल किया जाता है। इनकी पूजा घर में नहीं करनी चाहिए। मां काली की पूजा के नियम भी बहुत कठिन हैं और घर पर ऐसा करना उचित नहीं माना जाता है।

## नटराज की मूर्ति

कई लोगों के घर में नटराज की मूर्ति रखी होती है, लेकिन नटराज असल में भगवान शिव का रौद्र रूप माने जाते हैं। ऐसे में घर के मंदिर में नटराज की मूर्ति नहीं रखनी चाहिए। ऐसा करने से घर में कलह बनी रहती है।

## भगवान गणेश और मां लक्ष्मी की मूर्ति

देवी-देवताओं की मूर्तियां भी विभिन्न मुद्राओं में पाई जाती हैं। लेकिन ध्यान रखें कि घर में हमेशा भगवान गणेश और मां लक्ष्मी की बैठी हुई मूर्ति ही लानी चाहिए। मंदिर में देवी-देवताओं की मूर्तियां खड़ी या किसी अन्य स्थिति में रखना शुभ नहीं माना जाता है।

# शिव की शक्ति का प्रतीक माना जाता है त्रिशूल



भगवान शिव की पूजा करने से सभी प्रकार की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इतना ही नहीं, विशेष लाभ भी प्राप्त होते हैं। विधि-विधान और सच्चे मन से शिव जी पूजा की जाए, तो समस्याओं से मुक्ति मिलती है। कई बार मन में सवाल आता है कि भगवान शिव के साथ त्रिशूल क्यों रखा जाता है और त्रिशूल की उत्पत्ति कैसे हुई थी, आज हम आपको इसी बारे में बताने जा रहे हैं।

ऐसे हुई थी त्रिशूल की उत्पत्ति

कहा जाता है कि त्रिशूल भगवान शिव की शक्ति का प्रतीक होता है। बुरी शक्तियों के विनाशक के रूप में त्रिशूल हमेशा शिव जी से जुड़ा रहता है। समुद्र मंथन के दौरान शिव जी को भगवान विष्णु से त्रिशूल उपहार के रूप में मिला था। वहीं, कुछ पौराणिक कथा में यह भी कहा गया है कि शिव जी को देवी दुर्गा से त्रिशूल प्राप्त हुआ था। उन्होंने इसका इस्तेमाल राक्षस महिषासुर के खिलाफ लड़ाई में किया था। शिव पुराण में कहा गया है कि संपूर्ण ब्रह्मांड की शुरुआत में भगवान शिव ब्रह्मनाद से प्रकट हुए थे। उनके साथ तीन गुण भी प्रकट हुए, रज, तम और सत गुण, इन तीन गुणों से मिलकर शिव शूल का निर्माण हुआ, जिससे त्रिशूल बना।

प्रचलित कथाओं के अनुसार, एक बार मंगल ग्रह ने भगवान शिव की घोर तपस्या की, जिससे भोलेनाथ अत्यंत प्रसन्न हुए। उन्होंने भगवान शिव से हमेशा उनके साथ रहने का वरदान मांगा, उन्होंने ग्रहों के चक्र से दूर रहने के लिए कहा। भगवान शिव ने कहा कि वे ग्रहों के चक्र से दूर हैं, ऐसे में किसी भी ग्रह को अपने साथ नहीं रख सकते। मना करने के बाद, मंगल ने शिव जी के पास रहने की इच्छा व्यक्त की और कहा कि वे अपने किसी प्रतीक के साथ मेरे किसी प्रतीक को जोड़ ले। भगवान शंकर औघड़दानी कहे जाते हैं, इसीलिए उन्होंने अपने त्रिशूल पर हमेशा के लिए लाल रंग का कपड़ा बांध लिया था। तभी से यह सनातन धर्म की एक महत्वपूर्ण प्रथा बन गई, जिसका पालन आज भी किया जाता है।



# इन सजावटी वस्तुओं या कलाकृतियों को घर में रखने से होगा नुकसान

आजकल घर में भारतीय संस्कृति के अनुसार परंपरागत सजावट नहीं की जाती है। पाश्चात्य संस्कृति के चलते कई तरह की नकली सजावट का भी प्रचलन बढ़ गया है। ऐसे में जानिए कि वास्तुशास्त्र के अनुसार कौन सी सजावटी वस्तुएं या कलाकृतियां नुकसान पहुंचा सकती हैं।

## चित्र

घर में ताजमहल, जंगली वह हिंसक जानवर, रोते हुए बच्चे, नंगे बच्चे, युद्ध के दृश्य, कटे पेड़ या ठूंठ आदि के चित्र न लगाएं। इसके अलावा अभिनेता या अभिनेत्रियों के चित्र, बाइक, कार, मॉडल या अपने गुरु का बड़ा-सा चित्र भी न लगाएं।

## पुरानी टूटी वस्तुएं

कई लोग पुरानी या फालतू चीजों से भी अपना घर सजाते हैं, जो कि गलत है। ऐसी वस्तुएं घर में नकारात्मक ऊर्जा को बढ़ावा देती हैं। वास्तु के अनुसार जब घर में नकारात्मक ऊर्जा में बढ़ोतरी होती है तो इसका सीधा असर परिवार की आर्थिक स्थिति पर भी पड़ता है। इसके साथ ही स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी हो सकती हैं।

## नकारात्मक पेंटिंग

बहुत से घरों में देखा गया है कि जहा ऐसी पेंटिंग लगी होती है जिसमें क्या है यह कोई नहीं जानता या उसमें खंडहर, सूखे ठूंठ, मानवरहित उजाड़ शहर, बिखरा हुआ घर या सूखा बंजर पहाड़ नजर आता है। ऐसी पेंटिंग नकारात्मकता फैलाती है।

## कलाकृतियां

आजकल कलाकृतियों के नाम पर कुछ ऐसी वस्तुएं घर में होती है जिसमें सूखे ठूंठ, प्लास्टिक के नकली पेड़ या कोई ऐसी कलाकृति जिसे अश्लीलता झलकी हो। यह सभी मृतप्राय: सजावटी कलाकृतियां जो मानी तो जाती हैं कलात्मक लेकिन वास्तु शास्त्र अनुसार ये सभी नकारात्मक ऊर्जा पैदा करती हैं।

## कांटेदार पौधे



कुछ लोग घर को कलात्मक लुक देने के लिए नकली या कांटेदार पौधे लगा लेते हैं अत: घर में कांटेदार पेड़-पौधे न लगाएं, इससे पारिवारिक संबंधों में भी कांटों-की-सी चुभन पैदा होने लगती है।

## जिला उपभोक्ता आयोगो के अध्यक्ष एवं सदस्यों का प्रशिक्षण कार्यशाला आज

**रायपुर।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री दयालदास बघेल 31 मई को जिला उपभोक्ता आयोगों के अध्यक्ष एवं सदस्यों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे। प्रशिक्षण पंडरी, पुराना बस स्टैण्ड के पास छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग भवन के सम्मेलन कक्ष में सबेरे सवा 10 बजे से शुरू होगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति श्री अमरेश्वर प्रताप साही एवं छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति श्री गौतम चौरडि ?ा द्वारा उपस्थित उपभोक्ता आयोगों के अध्यक्ष एवं सदस्यों को प्रशिक्षित किया जायेगा।

# उमस के बावजूद बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीण, दलहन-तिलहन की खेती अपनाएं, पानी बचाएं और बेटियों को खूब पढाएं- कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी






**कोरिया** – सुशासन तिहार के तृतीय चरण के अंतर्गत शुक्रवार को सोनहत विकासखंड के ग्राम सलगंवा कला में शासकीय स्कूल परिसर के पास समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्राम सलगंवा कला सहित सोनहत, मेण्ड्रा, कछाड़ी, बोड़ार, कैलाशपुर, केशगवां, बेलिया, तंजरा, ओदारी, कुशहा और पोड़ी ग्राम के सैकड़ों ग्रामीणों ने उमस भरे मौसम के बावजूद उत्साहपूर्वक भाग लिया।

समाधान शिविर को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने कहा कि सुशासन तिहार का यह तीसरा चरण अंतिम है, जिसमें पूर्व में प्राप्त आवेदनों पर की गई कार्यवाही की जानकारी हितग्राहियों को दी जा रही है। उन्होंने बताया कि शिविर में सबसे अधिक आवेदन प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), महतारी वंदन योजना और हैंडपंप सुधार से संबंधित रहे। पात्रता सूची तैयार कर ली गई है और शासन से स्वीकृति मिलते ही हितग्राहियों को उसका लाभ दिया जाएगा।

कलेक्टर त्रिपाठी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप मोर गांव, मोर पानीश अभियान के तहत जिले में आवा पानी झोंकी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण वर्तमान की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि २९ मई को जिलेभर में जनभागीदारी से ६६० सोख्ता गड्ढों का निर्माण किया गया, जिसे वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्र्स में शामिल किया गया है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपने खेतों में ५ प्रतिशत मॉडल के तहत सीढ़ी नुमा सोख्ता गड्ढा बनाएं ताकि भूजल स्तर को संरक्षित किया जा सके।

कृषि में बदलाव की जरूरत पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि जिले के अधिकांश किसान केवल धान की खेती करते हैं, जबकि दाल, तेल और सब्जियों की भी आवश्यकता होती है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे दलहन-तिलहन, सब्जी और फल की खेती अपनाएं। कलेक्टर ने बताया कि एक किलो चावल उत्पादन में करीब ३,००० लीटर पानी खर्च होता है, ऐसे में जल-संवेदनशील फसलों को प्राथमिकता देना जरूरी है।

समाज में बाल विवाह की कुप्रथा पर चिंता जताते हुए कलेक्टर ने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे बेटियों की शिक्षा को प्राथमिकता दें और भ्रूण हत्या जैसी अमानवीय घटनाओं को रोकें। उन्होंने बेटियों के नाम ५ पौधे और माँ के नाम एक पेड़ लगाने का संकल्प लेने की अपील की। श्बेटियाँ हमारी धरोहर हैं, उनके साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव न होश, उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया।

शिविर के दौरान हितग्राहियों को व्हीलचेयर, जाति-निवास प्रमाण पत्र, स्वामित्व अधिकार पत्र, आयुष्मान कार्ड, नोनी सुरक्षा योजना प्रमाण पत्र और सुकन्या समृद्धि योजना की पासबुक वितरित की गई।

कलेक्टर के प्रेरणादायी संबोधन और प्रशासन की जनहित योजनाओं से ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य, एसडीएम श्री राकेश साहू, जनपद अध्यक्ष श्रीमती आशा देवी सोनपाकर, जनपद सदस्य, जनपद सीईओ श्री मनोज सिंह जगत व सरपंच, पंच तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## न्यूज गैलरी

## एमसीबी प्रेस क्लब ने मनाया हिंदी पत्रकारिता दिवस



**मनेन्द्रगढ़ (अम्बिकावाणी समाचार)।** एमसीबी प्रेस क्लब मनेन्द्रगढ़ में हिंदी पत्रकारिता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अतिथि संयुक्त कलेक्टर सीएस पैकरा, सीएमएचओ डॉ. अविनाश खरे, एसडीओपी एलेक्स टोप्पो, जनसंपर्क अधिकारी लोकेश्वर सिंह, डीपीएम डॉ. पुष्पेंद्र सोनी एवं प्रेस क्लब अध्यक्ष रंजीत सिंह रहे।

पत्रकारिता के माध्यम से देश और समाज की महत्वपूर्ण घटनाओं, मुद्दों और समाचारों को जनता तक पहुंचाया जाता है, जिससे लोगों को सही जानकारी और जागरूकता मिलती है। पत्रकारिता के इसी महत्व को प्रोत्साहित करने के लिए हर साल 30 मई को हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाया जाता है। एमसीबी प्रेस क्लब मनेन्द्रगढ़ में हिंदी पत्रकारिता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंटकर किया गया। अतिथियों के द्वारा पत्रकारों को हिंदी पत्रकारिता दिवस की बधाई दी गई साथ ही एमसीबी प्रेस क्लब के आई कार्ड का वितरण किया गया।

## देवी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर संगोष्ठी आयोजित



**मनेन्द्रगढ़ (अम्बिकावाणी समाचार)।** देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती के अवसर पर ग्राम पंचायत चैनपुर में स्वच्छता संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक एवं स्व सहायता समूह की महिलायें उपस्थित रहीं। स्वच्छता संगोष्ठी में ग्राम को ओडीएफ प्लस मॉडल बनाए जाने एवं 31 मई को सामुदायिक सहभागिता से सार्वजनिक स्थलों दार्शनिक स्थलों पर्यटन स्थलों जल स्रोतों के पास श्रमदान किये जाने हेतु चर्चा की गई। स्वच्छता के क्षेत्र में कार्य करने के लिए ग्राम पंचायत साल्ही, परसगढ़ी एवं चनवारीडांड के सरपंच को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सचिव ग्राम पंचायत नारायणपुर, रोजगार सहायक ग्राम पंचायत बुंदेली एवं स्वच्छता ग्राही को स्वच्छता किट एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

## हैंडपंपों की मरम्मत से ग्रामीणों को मिली संजीवनी



**मनेन्द्रगढ़ (अम्बिकावाणी समाचार)।** भीषण गर्मी और पानी की बढ़ती मांग के बीच जब जल संकट आमजन के जीवन को प्रभावित कर रहा है ऐसे समय में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने एक बार फिर अपनी सक्रियता से ग्रामीणों को राहत पहुंचाई है। जिले के विभिन्न गांवों में बंद पड़े हैंडपंपों की मरम्मत का कार्य तेजी से किया जा रहा है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति बनी रहे। भरतपुर विकासखंड के ग्राम खोखनीया, बड़गवाखुर्द एवं दुधाशी में विभाग की टीम द्वारा हैंडपंप की मरम्मत की गई। ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी में पानी की दिक्कत आम हो जाती है, लेकिन इस बार विभाग की त्वरित कार्रवाई से उन्हें समय पर जल उपलब्ध हो पाया। ग्रामीणों ने विभाग के इस प्रयास की खुले दिल से सराहना की है और इसे समय पर लिया गया एक महत्वपूर्ण और संवेदनशील कदम माना है।

## रेत में छिपाकर अवैध कोल परिवहन करते ट्रेक्टर जब्त



**मनेन्द्रगढ़ (अम्बिकावाणी समाचार)।** ट्रेक्टर की ट्रॉली में रेत के भीतर कोयला छिपाकर अवैध परिवहन करते ट्रेक्टर को खनिज विभाग ने जब्त किया है। ग्राम चित्ताझोर में रेत से भरे ट्रेक्टर वाहन महिंद्रा 275 डीआई लाल रंग को रोके जाने पर ट्रेक्टर ड्राइवर मौके से फरार हो गया। ट्रेक्टर के ट्रॉली की जब जांच की गई तो रेत के भीतर कोयला लोड किया गया था। मौके पर ही जप्त कर थाना पोड़ी लाया जाकर सुरक्षार्थ रखा गया है।

# एसईसीएल पांडवपारा में जमीन विवाद गहराया: नौकरी नहीं मिलने से ग्रामीणों का चक्का जाम, कोयला ट्रक से बड़ा हादसा टला



**कोरिया पांडवपारा।** एसईसीएल पांडवपारा परियोजना में भूमि अधिग्रहण के बदले रोजगार नहीं मिलने से नाराज ग्रामीणों ने शुक्रवार को उग्र प्रदर्शन करते हुए मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। यह विरोध तब और तीव्र हो गया जब कोयला लदा ट्रक जबरन जाम के बीच से निकालने की कोशिश की गई, जिससे एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया।

**ग्रामीणों का आरोप: वादाखिलाफी से नाराज**

प्रदर्शनकारी ग्रामीणों का आरोप है कि वर्ष १९८९ और १९९२ में उनकी जमीन एसईसीएल द्वारा अधिग्रहित की गई थी। उस समय की पुनर्वास नीति के तहत नौकरी और मुआवजा दिए जाने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन आज तक उनका हक नहीं मिला।

१५ अप्रैल २०२५ को भी इसी मुद्दे पर चक्का जाम किया गया था, जिसके बाद जिला प्रशासन और एसईसीएल प्रबंधन की बैठक में एक माह के भीतर जांच और कार्रवाई का वादा किया गया था। लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि अब तक न नौकरी मिली, न ही मुआवजा, जिससे आक्रोश और गहराता गया।

**बाल-बाल बचा प्रदर्शनकारी, तनावपूर्ण हुआ माहौल**

स्थिति तब और बिगड़ गई जब एसईसीएल प्रबंधन की ओर से एक कोयला लदा ट्रक सुरक्षा गार्डों के साथ चक्का जाम के बीच से निकालने का प्रयास किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक ग्रामीण ट्रक की चपेट में आते-आते बचा। प्रदर्शनकारियों ने इसे जानबूझकर की गई लापरवाही बताया और प्रबंधन पर हत्या के प्रयास जैसा गंभीर आरोप लगाया।

**प्रदर्शनकारियों का आरोप**

प्रदर्शनकारी किसानों प्रवीण दुबे, बबन यादव, अवधेश कुशवाहा, मंगलेश्वर, गणेश कुशवाहा, सुमार साय, गोरेलाल सिंह, रामगोपाल कुशवाहा, अश्वनी कुशवाहा, वीरेंद्र कुशवाहा सहित दर्जनों ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि, हम शांतिपूर्वक धरना दे रहे थे, लेकिन प्रबंधन ने जानबूझकर ट्रक से कुचलवाने का प्रयास किया।

एसईसीएल प्रबंधन का स्पष्टीकरण

एसईसीएल के पदस्थ प्रबंधक भूपेंद्र पांडेय ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, यह राज्य शासन का मामला है। हमारा कार्य सिर्फ कोयला परिवहन है। इस मुद्दे में हमारी कोई भूमिका नहीं है। प्रशासन ने की सख्त कार्रवाई स्थिति को नियंत्रण में लेने के लिए एसडीएम, तहसीलदार, पटना टीआई और बैकुंठपुर पुलिस मौके पर पहुंचे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय पटेल ने बताया कि करीब ६०-७० पुलिसकर्मियों की टीम ने मोर्चा संभाला। विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया गया और कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया।

**निष्कर्ष** - यह घटना ना केवल प्रशासन और प्रबंधन की लापरवाही को उजागर करती है, बल्कि यह भी दिखाती है कि किस तरह वर्षों पुराने भूमि अधिग्रहण के मामले आज भी ग्रामीणों की पीड़ा और संघर्ष का कारण बने हुए हैं। अब देखना होगा कि क्या शासन-प्रशासन ग्रामीणों की मांगों को गंभीरता से लेकर समयबद्ध समाधान की ओर कदम बढ़ाएगा या यह आंदोलन और उग्र रूप लेगा।

## असम प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों की बैठक में शामिल हुए विकास उपाध्याय

### 00 असम में जन-आकांक्षाओं को स्वर देने और संगठन को मजबूत करने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध हैं - विकास



**रायपुर।** पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने बताया कि आज असम प्रदेश के नवनियुक्त पदाधिकारियों की इंदिरा भवन नई दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे एवं लोकसभा के विपक्ष के नेता राहुल गांधी, प्रभारी महामंत्री के.सी. वेणुगोपाल एवं असम प्रदेश के प्रभारी जितेन्द्र भंवर सिंह से मुलाकात हुई। उपाध्याय ने बताया कि इस बैठक में नवनियुक्त अध्यक्ष गौरव गोगई एवं कार्यकारी अध्यक्ष जाकिर हुसैन सिकदार, श्रीमती रोसलीना तिर्के एवं प्रदीप सरकार के साथ असम प्रदेश के स्पेशल ऑब्जर्वर विकास उपाध्याय सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान राज्य में संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने, जनसंपर्क अभियानों को तेज करने तथा भावी रणनीतियों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। विकास उपाध्याय ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व के मार्गदर्शन में हम असम में जन-आकांक्षाओं को स्वर देने और संगठन को मजबूत करने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध हैं और आने वाले दिनों में 2026 जो एक लक्ष्य असम को लेकर है, उन सभी बातों को असम प्रदेश की लीडरशीप ने बैठक में रखा है, जिसके फलस्वरूप आने वाले दिनों में काफी अच्छे परिणाम हमें मिलेंगे।

## गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा भाटापारा के द्वारा आज का छबील का कार्यक्रम सम्पन्न



**रायपुर।** आज सिक्ख धर्म के ५ वे गुरु श्री गुरु अर्जन देव जी की शहादत को शहादत दिवस के रूप मे मनाया जाता है।

सिख धर्म में सबसे पहली शहीदी सिक्खो के पांचवें गुरु, धन्न गुरु अर्जुन देव जी की हुई। शांति के पुंज, शहीदों के सरताज, अर्जुन देव जी को मुगल बादशाह जहांगीर द्वारा शहीद ही नहीं किया गया, बल्कि गुरु जी को ऐसी यातनाएं दीं गयी, जिन्हे सुनकर रूह कांप जाती है। ये यातनाएं अमानवीय थीं। विश्व को च्सरबत दा भलाज का संदेश देने वाले किसी गुरु को यातनाएं देकर शहीद कर देना मुगल साम्राज्य के पतन का भी कारण बना।गुरु अर्जुन देव जी का संगत को एक और बड़ा संदेश था कि परमेश्वर की रजा में राजी रहना। जब आपको जहांगीर के आदेश पर आग के समान तप रही तवी पर बिठा दिया, उस समय भी आप परमेश्वर का शुक्राना कर रहे थे:

आज पूरे विश्वभर में सिक्ख आपको ठंडा शरबत छबील लगाकर पिलाते है।

अमरजीत सलूजा पुव ʿअध्यक्ष पंजाबी युवा समिति ने बताया कि आज गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा भाटापारा के द्वारा बब्बू होटल चौकबापू होटल चौक में आज का छबील का कार्यक्रम रखा गया था द्य समाज के लोगों ने हिस्सा लिया एवं लोगों का उत्साह देखते ही बनता था।*

*अमरजीत सलूजा ने यह भी बताया कि भाटापारा के प्रथम नागरिक अश्वनी शर्मा प्रमुक रूप से छबील का कार्यक्रम मे थे ।*

कार्यक्रम में समाज के प्रमुक बलवंत सिंह सलूजा, राजा गुंबर,सुशील सेठी, गुरमीत गुम्बर, विजय आनंद, हर्भगवान गुम्बर, हरप्रीत सलूजा बेअंत सिंह खालसा, गुरमीत गुंबर , मंजीत सिंग सपाल, राजा चावला, पैन्क्कु सलुजा, सतिश रजपाल,श्री चंद छाबडिया, मोहन खालसा ,गगनजीत आनंद, जॉन्टी गुंबर, मीत छाबड़ा, अमन चावला , गुरदयाल गुम्बर, सरनजीत सिंह खालसा, कमल सेठी, सिरजन गुम्बर, उमंग चावला, रोबिन चावला, सारब्जीत राणा, स्युश सैटी, सरनप्रीत छ्बारा, चिंटू चाबरा, गुरदयाल गुंबर, सनी सलूजा,सम्मी चावला, अमित चावला, सन्नी मक्कड़, सहज गुम्बर , रूपेंदर सिंह खालसा, रंजीत सिंह छाबड़ा ,मन्नी छाबड़ा वा समाज के प्रमुख लोग उपस्हैत थे।

## भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कोरिया ने जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर के प्याऊ घर में गन्ना जूस वितरण कर किया समापन




**कोरिया बैकुंठपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कोरिया के द्वारा छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव, राज्य सचिव कैलाश सोनी के निदेर्शानुसार, जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट जितेंद्र कुमार गुप्ता के आदेशानुसार, जिला संगठन आयुक्त स्काउट कोरिया नागेश्वर साहू के नेतृत्व में जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर के परिसर में दिनांक ०९ अप्रैल २०२५ को प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया था जिसमें जनसहयोग के माध्यम से प्रतिदिन शीतल पेयजल, गुड़ एवं खीरा साथ ही बीच बीच में शीतल शरबत का वितरण किया गया .

३० मई २०२५ को सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. आयुष जायसवाल, जिला सचिव सुरेंद्र कुमार, जिला संगठन आयुक्त स्काउट नागेश्वर साहू के द्वारा साई बाबा एकेडमी इंग्लिश मीडियम स्कूल भैसवार के संचालक जितेंद्र कुमार के सहयोग से निशुल्क गन्ना जूस का वितरण कर प्याऊ घर का समापन किया गया, प्याऊ घर का संचालन विगत दो वर्षों से किया जा रहा है जिसमें इस वर्ष प्यारेलाल साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बैकुंठपुर, नरेंद्र कुमार गुप्ता अग्रहरि मेटल स्टोर बैकुंठपुर, एम.एस. सुपरमार्ट बैकुंठपुर, धर्मवती राजवाड़े सदस्य जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर का विशेष सहयोग रहा है 7

प्याऊ घर में स्काउट – सार्थक, अभय, कुलदीप, दुर्गेश, किशन, गाइड – साधना, अल्फा, लक्ष्मी, प्रियाशा, अंजली, एकता, आराधना, अल्फा, नव्या, आरुषि, संध्या, प्रीति, ममता, श्वेता, निहारिका, रिमझिम, अंशिका, श्रेया, राधा, फलक, सुशीला, माही, साधना, पूर्णिमा, पायल ने ०९ अप्रैल २०२५ से लेकर आज ३० मई २०२५ तक पूरे ५२ दिन नहीं निःस्वार्थ भाव से सेवा कार्य किया 7 प्याऊ घर के सफल संचालन एवं इस पुनीत कार्य के लिए समस्त स्काउट्स गाइड्स को कलेक्टर कोरिया पदेन संरक्षक भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कोरिया चंदन संजय त्रिपाठी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरिया डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, जिला मुख्य आयुक्त देवेंद्र तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट कोरिया जितेन्द्र कुमार गुप्ता, सुरेंद्र कुमार जिला सचिव, रवि कुमार पाण्डेय जिला संघ कोषाध्यक्ष, नागेश्वर साहू जिला संगठन आयुक्त स्काउट, विजय कुजूर जिला संगठन आयुक्त गाइड, सुनील बड़ा जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट, निशा खान जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड, श्याम कुमार आण्डिल विकासखंड सचिव सोनहत, शिवप्रताप सिंह विकासखंड सचिव बैकुंठपुर, विद्यालय के प्राचार्य एवं जिले के समस्त स्काउटर गाइडर ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किए हैं.

Sports Live

## मवेशियों को कत्लखाना ले जा रहा एक आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव, 30 मई (ए)। जिले की थाना-छुरिया पुलिस ने मवेशी तस्करी में संलिप्त महाराष्ट्र के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है तथा उसके कब्जे से 13 नग मवेशी एवं वाहन क्रमांक एमएच 36 2414 को जप्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना छुरिया पुलिस को दिनांक 29.05.2025 को जरिये मुखबीर सूचना प्राप्त हुआ कि पीकप वाहन क्रमांक एमएच 36 2414 में अवैध रूप से मवेशी तस्करी होने की सूचना प्राप्त होने पर थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार भुआर्य द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए हमराह उपनिरीक्षक ओमसिंह साहू एवं अन्य थाना स्टाफ एवं गवाहन के बोईरडीह चर्च के पास पहुंचकर नाकाबंदी किया गया। नाकाबंदी के दौरान डोंगरगांव की तरफ से आ रही पीकप वाहन क्रमांक रू॥ 36ं 2414 को रोकने का इशारा किया गया

# आरसीबी ने आईपीएल 2025 के फाइनल में बनाई जगह

## ०-एकतरफा मुकाबले में पंजाब किंग्स को 8 विकेट से हराया




**मुल्लांपुर, 30 मई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पंजाब किंग्स को आईपीएल 2025 के क्वालीफायर 1 में 8 विकेट से हराकर फाइनल में जगह बना ली है. इस जीत के साथ आरसीबी आईपीएल 2025 के फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई है. अब आरसीबी 3 जून को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टूनार्मेंट का फाइनल खेलती हुई नजर आएगी और अपनी पहली आईपीएल ट्रॉफी जीतना चाहेगी.

आरसीबी ने 2016 के बाद अब 9 साल बाद 2025 में फाइनल में जगह बनाई है. आरसीबी ने 18 सालों के इंडियन प्रीमियर लीग के इतिहास में अपना पहला आईपीएल फाइनल 2009 में खेला था. इसके बाद दूसरी बार टीम ने 2011 में आईपीएल फाइनल खेला था. आरसीबी ने तीसरी बार 2016 में आईपीएल फाइनल खेला. अब बेंगलुरु की टीम अपना चौथा फाइनल आईपीएल 2025 में खेलने वाली है.

इस मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. पंजाब किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निराशाजनक प्रदर्शन किया और 14.1 ओवर में 10 विकेट खोकर सिर्फ 101 रन बनाए. आरसीबी ने फाइनल में जगह बनाने के लिए मिले 102 रनों के लक्ष्य को 10 ओवर में 2 विकेट खोकर 106 रन बनाकर जीत हासिल कर ली.

पंजाब किंग्स से फाइनल में जगह बनाने के लिए मिले 102 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए फिल साल्ट और विराट कोहली ने पारी की शुरूआत की. विराट कोहली 12 बॉल में 2 चौकों के साथ 12 रन बनाकर पवेलियन लौट गए. इसके बाद साल्ट ने तूफानी पारी खेलते हुए नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली और टीम को जीत दिला दी. साल्ट ने 27 बॉल में 6 चौके और 3 के साथ 56 रनों की नाबाद पारी खेली. आरसीबी के लिए मयंक अग्रवाल ने 19 और रजत पाटीदार ने नाबाद 15 रन बनाए. पंजाब के लिए काइल जैमीसन और मुशीर खान ने 1-1 विकेट लिया.पंजाब किंग्स के लिए पारी की शुरूआत प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह ने की लेकिन टीम को शानदार शुरूआत नहीं दिला पाए. पंजाब ने एक समय 6.3 ओवर में 50 रन पर 5 विकेट खो दिए थे. आरसीबी के आगे 10.3 ओवर में पंजाब ने 78 रनों के स्कोर तक 8 विकेट खो चुकी थी. पंजाब किंग्स के लिए प्रभसिमरन सिंह ने 17 रन बनाए. मार्कस स्टोइनिस ने 17 बॉल में 2 चौके और 2 छक्कों के साथ 26 रनों की पारी खेली. अजमतुल्लाह उमरजई ने 11 बॉल में 1 चौके और 1 छक्के के साथ 18 रन बनाए. इसके चलते पंजाब सिर्फ 101 रन बना पाई. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए सबसे ज्यादा विकेट सुयश शर्मा और जोश हेजलवुड ने हासिल किए. सुयश ने 3 ओवर में 17 रन देकर 3 विकेट अपने नाम किए तो वहीं हेजलवुड ने 3.1 ओवर में 21 रन देकर 3 विकेट चटकाए. आरसीबी के लिए यश दयाल ने 2 विकेट चटकाए. भुवनेश्वर कुमार और रोमारियो शेफर्ड ने 1-1 विकेट अपने नाम किया.

पंजाब किंग्स का सफर आईपीएल 2025 में खत्म नहीं हुआ है. उसे 1 जून को होने वाली क्वालीफायर 2 में एक और मौका मिलेगा जब वो एलिमिनेटर की विजेता (गुजरात टाइटंस या मुंबई इंडियंस में से एक) के साथ खेलते हुए नजर आएंगे.

छोटी खबरें

## नॉर्वे शतरंज 2025: डी गुकेश ने दर्ज की दूसरी जीत, अमेरिका के कारुआना को हराया



**स्टवान्गर, 30 मई।** विश्व चैंपियन डोमाराजू गुकेश ने विश्व नंबर 3 फैबियानो कारुआना को हराकर अपनी जीत की लय जारी रखी. अमेरिकी खिलाड़ी लगभग पूरे गेम में आगे चल रहे थे और उनके जीतने के काफी मौके थे. हालांकि, गुकेश के शानदार डिफेंसिव स्किल्स के कारण वे अपनी बढ़त को भुना नहीं पाए. इसके बाद गुकेश ने आर्मगेडन गेम को आसानी से जीत लिया.

टूनार्मेंट के पहले दो गेम हारने के बाद, गुकेश ने पहले हिकारू नाकामुरा को हराकर और फिर कारुआना पर जीत हासिल करके शानदार वापसी की है. इस जीत से प्रतियोगिता के बाकी गेम से पहले युवा खिलाड़ी का आत्मविश्वास बढ़ेगा.

विश्व के नंबर 1 मैग्नस कार्लसन ने भारतीय नंबर 2 अर्जुन एरिगैसी के खिलाफ अंतिम गेम में शानदार जीत के साथ अपनी क्लास दिखाई. पिछले दो राउंड में दो आमार्गेडन गेम हारने वाले नॉर्वे के सुपरस्टार ने घरेलू मैदान पर इस जीत के साथ एक मजबूत बयान दिया.

नॉर्वे शतरंज महिला में अन्ना मुजीचुक और कोनेरू हम्पी ने बढ़त शेयर की

नॉर्वे शतरंज महिला टूनार्मेंट में एक और एक्शन से भरपूर दिन देखने को मिला, जिसमें सरसादत खादेमालशारीह ने टिंगजी लेई के खिलाफ निर्णायक जीत दर्ज की. यह नॉर्वे शतरंज में उनकी पहली जीत थी, जो एक रोमांचक आक्रामक प्रदर्शन के माध्यम से हासिल की गई.

बाकी बचे दो गेम, अन्ना मुजीचुक बनाम वैशाली रमेशबाबू और विश्व चैंपियन वेंजुन जू बनाम हंपी कोनेरू, आर्मगेडन में तय किए गए. वैशाली रमेशबाबू और वेंजुन जू ने अपने आर्मगेडन गेम में जीत हासिल की, जिससे महत्वपूर्ण अतिरिक्त अंक हासिल किए.

# अविनाश साबले ने 36 साल बाद जीता गोल्ड, ज्योति याराजी ने बनाया नया रिकॉर्ड




**०-एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप**

**गुमी, 30 मई।** भारतीय एथलीट एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने की कोशिश कर रहे हैं और प्रतियोगिता के तीसरे दिन भारी बारिश के कारण आई अड़चन के बावजूद उनका लक्ष्य बाधित नहीं हुआ. भारतीय दल ने गुरुवार को 3 गोल्ड मेडल जीतकर तालिका में दूसरा स्थान प्राप्त किया और जापान को पछाड़कर तीसरे स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंच गया. कुल मिलाकर, देश ने अब तक 5 स्वर्ण, 6 रजत और 3 कांस्य पदक जीते हैं.

100 मीटर बाधा दौड़ में गत विजेता ज्योति ने पहली बाधा दौड़ में धीमी शुरूआत की. हालांकि, चीन की वू यानि और जापान की युमी तनाका के साथ संघर्ष के बीच वह देर से दौड़ में आगे बढ़ीं. भारतीय धावक ने अंतिम बाधा दौड़ के तुरंत बाद अपनी दोनों प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ते हुए फिनिश लाइन की ओर दौड़ लगाई. उन्होंने न केवल स्वर्ण पदक जीता, बल्कि 12.96 सेकंड के समय के साथ चैंपियनशिप रिकॉर्ड भी बनाया.

3000 मीटर स्टीपलचेज में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक अविनाश साबले ने आसानी से अपने इवेंट पर दबदबा बनाया. उन्होंने 8.20:92 सेकंड के समय के साथ रेस जीती और 1989 में दीना राम के बाद इस स्पर्धा में स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय बन गए. जापान के युतारो नीना (8:24.41) और कतर के जकारिया इलाहलामी (8:27.12) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे.

महिलाओं की 4&400 मीटर रिले टीम ने एक और स्वर्ण पदक जीता, जिसमें जिश्ना मैथ्यू, रूपल चौधरी, कुंजा राजिता और सुभा वेंकटेशन की चौकड़ी ने 3:34.19 सेकंड का समय निकाला. उन्होंने 12 साल बाद इस स्पर्धा में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता.

पुरुषों की 4&400 मीटर रिले टीम ने कतर (3:03.52) से पीछे रहकर रजत पदक (3:03.67 सेकंड) जीता. जय कुमार, धर्मवीर चौधरी, मनु थेक्किनालिल साजी और विशाल टीके की चौकड़ी ने अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन अंततः पोडियम के शीर्ष पर पहुंचने में विफल रही.

## पहले वनडे में इंग्लैंड का धमाकेदार प्रदर्शन, वेस्टइंडीज पर दर्ज की अपनी दूसरी सबसे बड़ी जीत




**बर्मिंघम, 30 मई।** इंग्लैंड ने 3 मैचों की वनडे सीरीज के पहले वनडे में वेस्टइंडीज पर शानदार जीत दर्ज की. टीम ने इस फॉर्मेट के इतिहास में अपना छठा 400 या 400 से अधिक का स्कोर बनाया. जैकब बेथेल ने बल्ले से धमाल मचाया, जबकि साकिब महमूद और जेमी ओवरटन ने गेंद से कमाल दिखाया.

इंग्लैंड द्वारा दिए गए 401 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज की टीम शुरू से ही दबाव में थी. शुरू से ही उनके विकेट गिरते रहे. मिडिल ऑर्डर में वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों के संघर्ष को इस बात से समझा जा सकता है कि वेस्टइंडीज के नंबर 11 जेडन सील्स ने नाबाद 29 रनों की पारी खेलकर उनके सबसे अधिक रन बनाए. कैरेबियाई बल्लेबाज इंग्लैंड के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पाए और 162 रनों के मामूली स्कोर पर ढेर हो गई. साकिब महमूद और जेमी ओवरटन ने 3-3 विकेट चटकाए.

इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को 238 रनों से हराकर इतिहास रच दिया. क्योंकि उसने रनों के मामले में अपनी दूसरी सबसे बड़ी जीत हासिल की. इंग्लैंड ने 2018 में नॉटिंघम में खेलते हुए ऑस्ट्रेलिया को 242 रनों के बड़े अंतर से हराया था, जो वनडे फॉर्मेट में रनों के लिहाज से उसकी सबसे बड़ी जीत है.

इससे पहले मैच में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का

## टेनिस बॉल क्रिकेट स्पर्धा में मेंटेनेंस-2 विभाग ने फ्यूल मैनेजमेंट को हराकर पॉवर कप ट्रॉफी पर कब्जा जमाया

**कोरबा, 30 मई (ए)।** हसदेव ताप विद्युत संयंत्र (एचटीपीएस) कोरबा पश्चिम के हसदेव खेल परिसर में अंतर विभागीय फ्लड लाइट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता "पॉवर कपइइ का आयोजन किया गया। 10 दिवसीय इस प्रतियोगिता में विद्युत संयंत्र के मेंटेनेंस-2 विभाग ने फ्यूल मैनेजमेंट विभाग को 24 रन से पछाड़ते हुए जीत दर्ज की। मुख्य अभियंता प्रवीण श्रीवास्तव ने विजयी टीम को बधाई देते हुए खेल को प्रोत्साहित करने के लिए इस तरह के आयोजनों की प्रशंसा की।

पॉवर कप क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रविवार शाम को मेंटेनेंस-2 एवं फ्यूल मैनेजमेंट टीम के बीच खेला गया। मेंटेनेंस-2 की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। मेंटेनेंस-2 को ओर से सतीश ध्रुव ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 51 रन बनाए और टीम का स्कोर निर्धारित 12 ओवर में 102 रन पंहुचा दिया। 103 रनों का पीछा करने उतरी फ्यूल मैनेजमेंट टीम को पहले ही ओवर में मेंटेनेंस-2 के गेंदबाज बीरेंद्र कुमार ने झटका दिया और प्रमुख बल्लेबाज सौरभ रावटे को आउट कर दिया। इसके बाद सुनील मुलेठी और सुभाष ने सधी हुई बल्लेबाजी करते हुए क्रमशः 19 और 15 रनों का योगदान दिया। फिर मेंटेनेंस-2 के गेंदबाज हर्षल विश्वकर्मा ने 3 ओवर में मात्र 10 रन देकर 3 विकेट चटकाए और फ्यूल मैनेजमेंट टीम के बल्लेबाजी का क्रम तोड़ दिया।

---------------------------- व्यापार/फिल्म ----------------------------

# स्थिर संस्थागत निवेश के बीच भारतीय शेयर बाजार की सपाट शुरूआत




**मुंबई ,30 मई ।** नकारात्मक एशियाई संकेतों के बीच घरेलू बेंचमार्क सूचकांक शुक्रवार को सपाट खुले। शुरूआती कारोबार में आईटी और ऑटो सेक्टर में बिकवाली देखी गई।

विश्लेषकों के अनुसार, सकारात्मक ट्रिगर्स की अनुपस्थिति में भी एफआईआई और डीआईआई दोनों की ओर से स्थिर संस्थागत प्रवाह बाजार को स्थिर बनाए हुए हैं। वर्तमान कंसोलिडेशन फेज के निकट अवधि में जारी रहने की संभावना है।

सुबह करीब 9.29 बजे, सेंसेक्स 11.77 अंक या 0.01 प्रतिशत बढ़कर 81,644.79 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 13.20 अंक या 0.05 प्रतिशत बढ़कर 24,846.80 पर था।

निफ्टी बैंक 81.20 अंक या 0.15 प्रतिशत बढ़कर 55,627.25 पर था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 250.40 अंक या 0.44 प्रतिशत की बढ़त के साथ 57,707.65 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 37.75 अंक या 0.21 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,927.15 पर था।

विश्लेषकों के अनुसार, निफ्टी ने गुरुवार को कारोबार के अंतिम मिनटों में शानदार रिकवरी दर्ज की, जबकि इससे पहले आधे समय में इंडेक्स लाल निशान में कारोबार कर रहा था।

एक्सिस सिक्योरिटीज के शोध प्रमुख अक्षय चिंचलकर ने कहा, हालांकि निफ्टी अभी भी 24,462 और 25,116 की रेंज वाले बाजार में फंसा हुआ है, लेकिन कल की वापसी ने एक लॉन्ग लोअर शैडो और एक स्मॉल रियल बॉडी का पता लगाया, जो दिन के उच्च स्तर के करीब थी। यह एक तेजी का संकेत है। तत्काल समर्थन और प्रतिरोध क्रमशः 24677 और 25000 पर हैं।

इस बीच, सेंसेक्स पैक में इंफोसिस, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, बजाज फाइनेंस, इंडसइंड बैंक, भारती एयरटेल, टाइटन और हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड टॉप लूजर्स थे। जबकि, अदाणी पोर्ट्स, इटरनल, मारुति सुजुकी और सन फार्मा टॉप गेनर्स रहे। शियाई बाजारों में हांगकांग, बैंकॉक, सोल, चीन और जापान लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजारों में पिछले कारोबारी सत्र में डाउ जोंस 117.03 अंक या 0.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ 42,215.73 पर बंद हुआ। एसएंडपी 500 इंडेक्स 23.62 अंक या 0.40 प्रतिशत की बढ़त के साथ 5,912.17 पर और नैस्डैक 74.93 अंक या 0.39 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19,175.87 पर बंद हुआ। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार डॉ. वीके विजयकुमार ने कहा, निवेशकों को दो अलग-अलग बड़े रुझानों को समझना चाहिए, जो बाजार पर असर डालेंगेः पहला, भारत की आर्थिक स्थिति को दशार्ने वाले संकेतक मजबूत बने हुए हैं और उनमें सुधार हो रहा है। दूसरा, इन संकेतकों में यह सकारात्मक रुझान कॉर्पोरेट आय में नजर नहीं आ रहा है।

यह बाजार के सीमित दायरे में रहने का मूल कारण है।

संस्थागत मोर्चे पर, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) शुद्ध खरीदार थे और उन्होंने 29 मई को 884.03 करोड़ रुपए की इक्विटी खरीदी, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 4,286.50 करोड़ रुपए की इक्विटी खरीदी।

बाजार पर नजर रखने वालों के अनुसार, मजबूत जीडीपी वृद्धि, मुद्रास्फीति और ब्याज दरों में गिरावट और राजकोषीय और चालू खाता घाटे में कमी जैसे लगातार सुधरते मैक्रो, मध्यम अवधि में मजबूत अर्थव्यवस्था और आय सुधार की नींव रखते हैं।

## ध्यान दें! अगले महीने से बदल जाएंगे ये नियम, आपकी जेब पर पड़ेगा सीधा असर

**नई दिल्ली ,30 मई ।** जून का महीना शुरू होने वाला है और इसके साथ ही कई नियमों में बदलाव होने की संभावना है। इन बदलावों का सीधा असर आपकी जेब पर पड़ सकता है। अगले महीने बैंक एफडी और क्रेडिट कार्ड से जुड़े नियमों में बदलाव देखने को मिल सकता है। इसके अलावा, ईपीएफओ की ओर से श्वक्क्स्नह 3.0 शुरू किया जा रहा है और एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में भी बदलाव हो सकता है। आइए, इन बदलावों के बारे में विस्तार से जानते हैंः

क्रेडिट कार्ड नियमों में बदलाव

कोटक महिंद्रा बैंक ने अपने क्रेडिट कार्ड से जुड़े नियमों में बड़ा बदलाव किया है। ये नए नियम 1 जून, 2025 से लागू होंगे। ये बदलाव मुख्य रूप से क्रेडिट कार्ड पर मिलने वाले रिवाड्र्स पॉइंट, कैशबैक और अन्य शुल्कों से संबंधित हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, क्रेडिट कार्ड यूजर्स को रिवाड्र्स प्राप्त करने के लिए एक निश्चित सीमा का सामना करना पड़ सकता है।

स्नष्ठ दरों में हो सकता है बदलाव

अगले महीने बैंक अपनी फिक्स्ड डिपॉजिट (स्नष्ठ) और लोन की ब्याज दरों में फिर से बदलाव कर सकते हैं।

# भारत को दुनिया की समस्याओं का समाधान करने के लिए एआई मॉडल बनाने चाहिए : अमिताभ कांत



**नई दिल्ली ,30 मई ।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की दौड़ की बस शुरूआत हुई है और भारतीय एआई मॉडल्स दुनिया की कई समस्याओं का समाधान करेंगे। जी20 शेरपा अमिताभ कांत ने गुरुवार को यह बयान दिया।

अमिताभ कांत ने सीआईआई एनुअल बिजनेस समिट 2025 में कहा, हमने डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) में ओपन सोर्स, ओपन एपीआई और ग्लोबल इंटरऑपरेबल मॉडल का उपयोग किया है और ये मॉडल हमारे लिए आगे का रास्ता होंगे।

कांत ने अपने संबोधन में कहा, भारत को अच्छे फाउंडेशनल मॉडल विकसित करने चाहिए। मुझे लगता है कि देश आने वाले समय में दुनिया की कई समस्याओं के लिए फाउंडेशनल मॉडल उपलब्ध कराने में सक्षम होगा।

अमिताभ कांत के अनुसार, भारत विश्व की अनेक चुनौतियों का समाधान ढूंढने के लिए 22 भाषाओं और हजारों बोलियों का उपयोग करेगा।

व्यापार करने में आसानी के बारे में बात करते हुए जी20 शेरपा ने कहा कि केंद्र सरकार ने आधार बनाने का काम किया है और अब राज्यों की ओर से सुधार लाने का समय आ गया है।

उन्होंने उद्योग जगत से भारत के तेज विकास को बनाए रखने के लिए अत्याधुनिक तकनीकों को विकसित करने के लिए अनुसंधान और विकास में निवेश करने का भी आग्रह किया।

अमिताभ कांत ने कहा कि भारतीय उद्योग को विकसित करने के लिए क्वालिटी कंट्रोल ऑर्डर्स (क्यूसीओ) का तर्कसंगत उपयोग किया जाना चाहिए। भारतीय उद्योग को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए उन्होंने सुझाव दिया कि राज्य उद्योग को लंबी अवधि के लिए लीज पर भूमि दें और डिस्कॉम को अधिक कुशल बनाने के लिए उनका निजीकरण करें।

अमिताभ कांत ने कहा कि पर्यटन विकास के लिए एक और बेहतरीन क्षेत्र है।

उन्होंने कहा, पर्यटकों को बड़े पैमाने पर आकर्षित करने के लिए हमें एक विशाल अतुल्य भारत अभियान शुरू करने की आवश्यकता है। यह भारत की सॉफ्ट पावर है। नौकरियों के मामले में इसका बहुत बड़ा गुणक प्रभाव होगा और यह लाखों नौकरियां पैदा कर सकता है। राज्यों को विकास के चालक के रूप में पर्यटन क्षेत्र को आगे बढ़ाना चाहिए।

सीआईआई के अध्यक्ष पद के लिए मनोनीत (2024-25) और ईवाई इंडिया के चेयरमैन और सीईओ राजीव मेमानी ने कहा कि भारत ने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में बहुत काम किया है और इस क्षेत्र को और बढ़ावा देने की आवश्यकता है। उन्होंने दूसरी पीढ़ी के सुधारों की आवश्यकता और वैकल्पिक विवाद समाधान की वकालत की।

## वरिष्ठ लेखा परीक्षा अधिकारी वीरेंद्र पटेल के खिलाफ मामला दर्ज

**रायपुर।** सीबीआई ने आय से अधिक संपत्ति से संबंधित मामले में छत्तीसगढ़ महालेखाकार कार्यालय के वरिष्ठ लेखा परीक्षा अधिकारी वीरेंद्र पटेल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। ब्यूरो ने एक अधिकृत बयान में कहा है कि आरोपी भ्रष्ट गतिविधियों में लिप्त है और आपराधिक कदाचार का अपराध करके जानबूझकर खुद को अवैध रूप से समृद्ध किया है। यह भी आरोप लगाया गया था कि अधिकारी ने अपनी आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित की है। इसके अलावा यह भी आरोप लगाया गया कि आरोपी ने 01 जनवरी 2013 से 31 मार्च 2025 की अवधि के दौरान अपने, अपनी पत्नी और अपने बेटे के नाम पर 3 करोड़ 32 लाख 93,298 रुपए की अचल/चल संपत्ति अर्जित/संचित की थी। बता दें सीबीआई रायपुर ने पिछले साल पटेल के तीन ठिकानों घर और आधिकारिक परिसरों में छापे भी मारे थे।

### न्यूज गैलरी

## दुर्ग के पद्मनाभपुर में धर्मांतरण के आरोप में बजरंग दल ने मचाया बवाल

00 चंगाई सभा के बहाने धर्म परिवर्तन कराए जाने का आरोप




**दुर्ग।** प्रदेश के अलग-अलग जिलों से धर्मांतरण के मामले सामने आ रहे हैं। इसी कड़ी में दुर्ग जिले के पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र से एक बार फिर धर्मांतरण कराए जाने का मामला सामने आया है। मामले में देर रात जमकर बवाल हुआ। बजरंग दल का आरोप है कि चंगाई सभा के नाम पर लोगों का धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था। फिलहाल मामले में पद्मनाभपुर पुलिस जांच कर रही है। पुलिस को देर रात बजरंगदल के कार्यकताओं द्वारा हंगामा किए जाने की सूचना मिली। सूचना मिलने से जब पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि इलाके के एक घर में चंगाई सभा के नाम पर धर्मांतरण का खेल चल रहा था। धर्मांतरण कराए जाने की जानकारी बजरंग दल को स्थानीय लोगों ने दी थी। बता दें कि पद्मनाभपुर इलके में धर्मांतरण का ये पहला मामला नहीं है, इससे पहले भी कई बार ऐसे मामले सामने आ चुके हैं। हालांकि मामला सामने आने के बाद पुलिस ने धर्मांतरण करवाने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की है, लेकिन ऐसे मामले थमने का नाम ही नहीं ले रहे हैं।

## पेड़ से जा टकराई माजदा, तीन की मौत, 9 जख्मी



**राजनांदगांव।** दर्जन भर से अधिक तेन्दूपत्ता मजदूर को देवरचा की ओर जा रही माजदा वाहन छुईखदान इलाके के छिंदारी जलाशय (रानी रश्मिदेवी बांध) के समीप मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट कर पेड़ जा टकराने के कारण उसमें सवार तीन मजूदरों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि 9 मजदूर घायल हो गए जिनमें तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है और राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रिफर किया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक छुईखदान इलाके के छिंदारी बांध मार्ग में आज सुबह 8 बजे के आसपास एक माजदा वाहन में करीब दर्जनभर तेन्दूपत्ता मजदूर सवार होकर देवरचा की ओर जा रहे थे। इस बीच एक मोड़ पर तेज रफ्तार वाहन सीधे पेड़ से जा टकरा गई। बताया जा रहा है कि वाहन चालक गति को नियंत्रित नहीं कर पाया। जिसके चलते यह हादसा हुआ। मृतक और घायल बालोद जिले के अर्जुन्दा क्षेत्र के भरदाकला के रहने वाले हैं। तीन मजदूरों की मौत मौके पर हो गई थी। बताया जा रहा है कि वाहन चालक मोड़ पर अपना नियंत्रण खो बैठा और सीधे एक विशालकाय पेड़ से टकराकर गाड़ी पलट गई। इस हादसे से अफरा-तफरी मच गई। तीन मजदूर वाहन के नीचे दब गए, जिससे उनकी मौत हो गई। घटना की खबर के बाद छुईखदान पुलिस मौके पर पहुंची। वाहन में फंसे मजदूरों को बाहर निकलने के लिए रेस्क्यू किया गया। घायलों को अन्य वाहन से छुईखदान अस्पताल भेजा गया, जहां से गंभीर मजदूरों को राजनांदगांव भेजा गया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# आकाशीय बिजली गिरने से एक की मौत, राजस्व मंत्री ने अस्पताल पहुँचकर घायलों से की मुलाकात

00 आकाशीय बिजली से मृत व्यक्ति के घर पहुँचकर परिजन को दिए सहायता राशि, 00 पीड़ितों का बेहतर ईलाज हेतु चिकित्स्कों को दिये निर्देश



**रायपुर।** राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा आज जिला अस्पताल बलौदाबाजार में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से झुलसे पीड़ितों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने जिला अस्पताल में इलाज करा रहे पीड़ितों के बेहतर चिकित्सा प्रबंधन करने संबंधी निर्देश चिकित्सकों को दिए।

इस दौरान राजस्व मंत्री श्री वर्मा आकाशीय बिजली से आहत पीड़ितों से घटना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी लेने के साथ-साथ वहां पीड़ितों के उपस्थित परिजनों से चर्चा कर चिकित्सकों द्वारा बेहतर इलाज की व्यवस्था करने आश्वस्त किया। उन्होंने आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मृत्यु होने पर गहरी संवेदना व्यक्त की। मृतक प्रतीक कोसले के घर पहुँचकर मंत्री श्री वर्मा ने उनके परिजन को आरबीसी 6(4) के तहत दी जानी वाली सहायता राशि का चेक प्रदान किया।

गौरतलब है कि बीते गुरुवार $को अपरान्ह में बारिश होने के दौरान बलौदाबाजार तहसील के ग्राम पहंदा में पुराना आंगनबाड़ी भवन के पास बारिश से बचने के लिए प्रतीक कोसले एवं 9 अन्य रुके हुए थे। आकाशीय बिजली गिरने की वजह से प्रतीक कोसले उम्र 26 साल निवासी ग्राम पहंदा की मृत्यु हो गई जबकि 9 अन्य लोग घायल हो गए थे। घायल हुए ग्रामीणों में धनी कुमार (21 वर्ष), पिता माधव, विकास बंजारे (15 वर्ष), पिता मोहनलाल बंजारे,सौरभ बंजारे (10 वर्ष), पिता मोहनलाल बंजारे, छविंद्र कुमार बंजारे (15 वर्ष), पिता सुहनलाल बंजारे, विजय कुमार निषाद (17 वर्ष), पिता संतोष निषाद, रुद्र कुमार मांडले (12 वर्ष), पिता पुरुषोत्तम मांडले, मयंक मांडले (06 वर्ष), पिता पुरुषोत्तम मांडले, नवीन कोसले (25 वर्ष), पिता सीताराम कोसले शामिल है। जानकारी के अनुसार, घायलों में से एक व्यक्ति की हालत अधिक गंभीर होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए राजधानी रायपुर रेफर किया गया है।

राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने सीएमएचओ डॉ.राजेश कुमार अवस्थी से इलाज करा रहे सभी पीड़ितों की स्थिति की जानकारी ली। सीएमएचओ ने बताया कि जिला अस्पताल में भर्ती 8 लोगों का ईलाज जारी है तथा उनकी स्थिति सामान्य है। आज अपरान्ह तक सभी $को डिस्चार्ज कर दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति ईलाज हेतु निजी अस्पताल में भर्ती है। इस दौरान राजस्व मंत्री ने अस्पताल में ईलाज कराने आये अन्य मरीजों से भी मिले और अस्पताल में मिल रहे ईलाज व सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मातृ एवं शिशु अस्पताल का भी निरीक्षण किया और माह में डिलीवरी की संख्या व सुविधाओं की जानकारी ली।

## मुख्यमंत्री ने तोंगपाल में 16 करोड़ से अधिक लागत के विकास कार्यों का किया लोकार्पण



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने तोंगपाल में आयोजित समाधान शिविर में 16 करोड़ 25 लाख से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने कुकानार से बढ़ाईपारा 4.80 किमी सड़क निर्माण हेतु 4 करोड़ 03 लाख 73 हजार, एल 53 चिंतलनार से किस्टारम 4.50 किमी सड़क हेतु 01 करोड़ 52लाख 41 हजार, एल 80 बुरकापाल से तोकनपल्ली 3.86 किमी सड़क हेतु 01 करोड़ 24लाख 61 हजार, एल 67 मुकरम से तोंगपल्ली 5 किमी सड़क हेतु 01 करोड़ 24लाख 13 हजार की लागत से निर्माण कार्य किया गया है । इसके अलावा गादीरास से मानकापाल 12 किमी सड़क, 13 नग पुल पुलिया निर्माण हेतु 6 करोड़ 86 लाख 15 हजार, सुकमा दंतेवाड़ा 23 किमी से कासरगुड़ा 2 किमी सड़क निर्माण कार्य के लिए 1 करोड़ 34 लाख की लागत से निर्माण किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ बसव राजू एस, कलेक्टर देवेश ध्रुव, पुलिस अधीक्षक किरण चौहान सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

## वरिष्ठ पत्रकार उत्तरा विदानी अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन की राज्य संगठन सचिव नियुक्त



**रायपुर।** महासमुंद की वरिष्ठ पत्रकार उत्तरा विदानी को अंतर राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन का छत्तीसगढ़ स्टेट आर्गनाइजेशन सेक्रेटरी (राज्य संगठन सचिव) नियुक्त किया गया है।

संगठन ने उनके तीन दशक से लगातार पत्रकारिता के साथ सामाजिक संगठनों के कामों को देखते हुए यह काम सौंपा है। यह एक अंतर राष्ट्रीय स्वैच्छिक संगठन है जो जिनेवा स्विटजरलैंड तथा अन्य देशों के साथ संगठित है, भारत सरकार से पंजीकृत है और मानव अधिकार अधिनियम के तहत काम करता है। उत्तरा विदानी वर्तमान में छत्तीसगढ़ सांध्य दैनिक अखबार की महासमुंद जिला प्रमुख हैं। उन्हें दैनिक देशबंधु, अमृत संदेश, हरिभूमि, नवभारत, जनसत्ता समेत अनेक अखबारों में काम करने के साथ-साथ आकाशवाणी में काम करने का अनुभव हैं और प्रेस क्लब महामसुंद का पूर्व अध्यक्ष भी रही हैं। उनकी नियुक्ति पर सांसद रूप कुमारी चौधरी,पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, पूर्व सांसद चुन्नी लाल साहू, पूर्व विधायक द्वय डा. विमल चोपड़ा व विनोद सेवन लाल चंद्राकर, भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया समेत विभिन्न संगठनों ने बधाईयां दी हैं।

# निज सचिव/ निज सहायक मंत्रीगणों व विधायकों की अपेक्षा के अनुरूप सहयोग करें - डॉ रमन

00 मंत्रीगणों एवं विधायकों के निज सचिव/निज सहायकों हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

**रायपुर।** छत्तीसगढ की षष्ठम विधानसभा के मंत्रीगणों एवं विधायकों के निज सचिव/निज सहायकों हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन आज विधानसभा सचिवालय स्थित समिति कक्ष क्रमांक-01 में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उदघाटन विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने किया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, संसदीय कार्यमंत्री केदार कश्यप एवं विधानसभा के सचिव दिनेश शर्मा भी उपस्थित थे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के उदघाटन अवसर पर अपने संबोधन में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि-प्रशिक्षण एक सतत प्रक्रिया है एवं सीखने की कोई उम्र नही होती है। निज सहायकों के प्रशिक्षण के माध्यम से हम मान. सदस्यों की सुविधा का विस्तार करना चाहते हैं और हमें विश्वास है कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के उपरांत निज सहायकों के कार्यो में और अधिक गुणवत्ता एवं दक्षता आयेगी और वे सदस्यों के संसदीय दायित्व निर्वहन एवं जनप्रतिनिधि के रूप में प्रभावी भूमिका निर्वहन में उपयोगी एवं सहायक सिद्ध होंगे। छत्तीसगढ़ की तीन करोड़ जनता मे से 100 व्यक्ति ही मंत्रियों एवं विधायकों के निज सचिव/ निज सहायक हेतु चयनित होते हैं इसलिए उनकी भूमिका, विशेष होती है। निज सहायक मंत्री और विधायकों की अपेक्षा के अनुरूप सहयोग कर सकें यही इस प्रशिक्षण का मूल उद्देश्य है। उन्होने कहा कि-कार्यपालिका और विधायिका के कार्य में बुनियादी अंतर होता है। विधानसभा का अपना पृथक सचिवालय होता है जो कार्यपालिका के नियंत्रण से पृथक रहता है। मंत्री और विधायकों के निज सहायकों का यह नैतिक दायित्व होता है कि वे विधायक की अपेक्षाओं को



पूरा करें एवं आवश्यक जानकारियां उन तक पहुंचायें। उन्होंने छत्तीसगढ़ विधान सभा की गौरवशाली परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि-अल्प काल में ही इस विधान सभा में तीन मान. राष्ट्रपति का आगमन, गर्भगृह में प्रवेश पर स्वमेव निलंबन का नियम इसका उत्कृष्ट उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि-निज सचिव/ निज सहायक को केन्द्र एवं राज्य की फ्लेगशिप योजनाएं कंठस्थ होनी चाहिए। इन योजनाओं से संबंधित विभिन्न विभागों के प्रपत्र भी हितग्राही के उपयोग के लिए उनके पास होनी चाहिए। उन्होंने निज सचिव/ निज सहायक में समय प्रबंधन, गोपनीयता एवं विश्वसनीयता जैसे गुण होने पर विशेष जोर दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा कि विधायकों को अपने दायित्वों के निर्वहन में निज सहायकों के सहयोग एवं भागीदारी की अत्यंत आवश्यकता होती है। इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम से निज सहायक शासकीय प्रक्रियाओं को और बेहतर तरीके से समझेगें जिससे प्रजातांत्रिक व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी। कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए संसदीय कार्यमंत्री केदार कश्यप ने कहा कि-व्यक्ति को सीखने का लाभ जीवन भर मिलता है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया में निज सहायक विधायकों लिए एक प्रेरक तत्व की तरह कार्य करते हैं।

इस अवसर पर विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि-छत्तीसगढ विधानसभा ने आरंभ से आज तक उत्कृष्टता के नव प्रतिमानों को स्पर्श किया है और आज का यह प्रशिक्षण कार्यक्रम इसी दिशा में एक उल्लेखनीय प्रयास है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य यह है कि निज सहायक विधानसभा की सभी शाखाओं में किये जाने वाले कार्य को जाने इससे मान. सदस्य को अपने कार्य को मूर्तरूप देने में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि- निज सचिव/निज सहायक अपनी विनम्रता, आज्ञाकारिता विश्वास, प्रतिबद्धता जैसे गुणों से सदस्यों की सफलता के कारक बन सकते हैं। उन्होंने सचिवालय की प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण सूचनाओं के संदर्भ में भी प्रतिभागियों को जानकारी दी। उदघाटन सत्र के अंत में संचालक मनीष शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## 4 जून को कैबिनेट की बैठक



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में 4 जून को कैबिनेट की बैठक होगी। मानसून से पहले होने वाले इस बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी।

## सप्रे शाला में भी इस सत्र से कॉमर्स एवं आट्र्स के कोर्स प्रारंभ, छात्रों को मिलेगी राहत



**रायपुर।** माधवराव सप्रे स्कूल में शाला विकास समिति के अनुरोध पर आगामी शैक्षणिक सत्र से कॉमर्स एवं आट्र्स का कोर्स भी प्रारंभ होगा। चूंकि शहर में संचालित हो रहे अन्य सभी आत्मानंद स्कूलों में यह संकाय था लेकिन सप्रे स्कूल में न होने से छात्रों को परेशानी हो रही थी जिसे ध्यान में रखते हुए शाला समिति के अध्यक्ष हरख मालू व शाला विकास समिति के सदस्यों ने रायपुर के सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल से अनुरोध किया था कि माधवराव सप्रे उच्चतर माध्यमिक शाला में कॉमर्स एवं आट्र्स का कोर्स प्रारंभ किया जाए जिसे शासन ने स्वीकार करते हुए सहमति प्रदान कर दी। जिला शिक्षा अधिकारी श्री विजय खंडेलवाल द्वारा जारी विभागीय आदेश के अनुसार आगामी शिक्षण सत्र से यह कोर्स अब इस स्कूल में भी संचालित होने लगेगा। इस हेतु प्रवेश प्रारंभ हो चुका है शाला विकास समिति के सदस्य मुरली शर्मा, महादेव नायक संतोष सोनी, प्रमित नियोगी ने बताया कि प्रथम वर्ष में इन कक्षाओं में 50 छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया जाएगा,क्योकि सीट लिमिट है। आने वाले सत्र में इसकी संख्या क्रमशः बढ़ते जायेगी। शाला प्रबंधन द्वारा इसमें प्रवेश के लिए प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है और श्री एल आर यादव, व्याख्याता प्रवेश प्रभारी बनाए गए हैं। स्कूल की प्राचार्य डॉक्टर अनुपमा श्रीवास्तव ने बताया कि शासकीय माधव सप्रे शाला में कॉमर्स एवं आट्र्स का कोर्स प्रारंभ हो जाने से छात्र-छात्राओं को बहुत सुविधा मिलेगी। शाला विकास समिति ने इस पहल के लिए रायपुर सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल और स्कूल शिक्षा विभाग के प्रति आभार जताया है।

■ स्वामी, मुद्रक प्रकाशक- महेन्द्र सिंह टुटेजा, नरेन्द्र सिंह टुटेजा द्वारा टुटेजा मीडिया पब्लिकेशन, नमनाकला, अम्बिकापुर, सरगुजा (छत्तीसगढ़) से मुद्रित एवं प्रकाशित, 0 प्रधान संपादक-महेन्द्र सिंह टुटेजा,Mo. 8223000155, 94252 56303, 98261 83780 ■ RNI No. 50247/89 ■ Postal Regn No./ छ.ग./रायगढ़/009/2016 से 2018 ■ Email- ambikavanisurguja@gmail.com







सरगुजा संभाग

# अम्बिकावाणी

■ सरगुजा ■ कोरिया ■ सूरजपुर ■ बलरामपुर ■ जशपुर

जब हम क्रोध की अग्नि में जलते है तो इसका धुआं हमारी ही आंखों में जाता है।

श्री अग्रसेन गौ सेवा सदन, चठीरमा में रजत जयंती उत्सव धूमधाम से संपन्न - 10

अम्बिकापुर शनिवार, 31 मई 2025

■समाज सेवा के क्षेत्र में अहिल्या बाई होल्कर ने किया अद्वितीय कार्य.... विजय नारायण- 12

# भाईयों के साथ बांध में नहाने गई बच्ची डूबी

## सरगुजा के बांध में मिला बालिका का शव, पिता भी छह माह से हैं लापता



**अम्बिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।**
सरगुजा जिले के रजपुरी में दो भाइयों के साथ बांध में नहाने गई ५ वषीर्या मासूम बच्ची की डूब जाने से मौत हो गई। बहन को डूबता देख भाई भाग निकले, लेकिन किसी को इसकी जानकारी नहीं दी। शाम को जब लोगों ने बांध में बच्ची का तैरता हुआ शव देखा तो इसकी जानकारी परिजनों को मिली। पुलिस ने शुक्रवार को बच्ची के शव का पोस्टमॉर्टम कराया। घटना सीतापुर थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के मुताबिक, गुरुवार दोपहर रजपुरी निवासी धनेश्वर गोंड़ की पांच वर्षीय मासूम गुड्डी अपने दो भाईयों अनुराग (८ वर्ष) एवं रामसिंह (६ वर्ष) के साथ खेलने गई थी।

वे खेलते हुए बांध पहुंच गए एवं नहाने लगे। नहाने के दौरान गुड्डी बांध के गहरे पानी में डूब गई। उसे बचाने में असमर्थ भाई वहाँ से भाग निकले। उन्होंने डर के कारण घटना के बारे में किसी को कुछ नही बताया।

शाम को बांध के पास पहुंचे ग्रामीणों ने बच्ची का शव बांध में तैरता देखा और सूचना ग्रामीणों को दी। गुड्डी के काफी देर से लापता होने के कारण परेशान घरवाले मौके पर पहुंचे एवं परिजनों ने शव को बाहर निकाला। परिजनों ने शव की शिनाख्त कर ली।

घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची एवं शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। शाम हो जाने के कारण शव का पोस्टमॉर्टम नहीं कराया जा सका। शुक्रवार सुबह शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना से परिजन सदमें में हैं।

### पिता छह माह से लापता, मां कर रही थी देखभाल

मृत बच्ची गुड्डी के पिता धनेश्वर गोंड़ छह माह से लापता है। वह अपने साथियों के साथ कमाने के लिए तमिलनाडु गया था, जहां वह साथियों से बिछड़ गया। छह माह से उसका पता नहीं चल सका है। परिजनों को आशंका है कि उसे कहीं बंधुआ मजदूर बना लिया गया है। परिजनों ने प्रशासन से धनेश्वर गोंड़ की तलाश करने की अपील भी की है।

# दो मोटर साइकिल में जबरदस्त भिड़ंत...4 की मौत



**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** गुरुवार की रात बलरामपुर जिले के ककना में २ बाइकों में सीधी भिड़ंत हो जाने से ४ युवकों ने दम तोड़ दिया। बलरामपुर में दो बाइकों में भिड़ंत इतनी तेज थी कि २ युवकों की मौके पर मौत हो गई और एक ने अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज में दम तोड़ दिया। गंभीर रूप से घायल एक युवक को रायपुर रिफर किया गया था परंतु उसने भी आधे रास्ते में दम तोड़ दिया। घटना बरियो चौकी क्षेत्र की है। गुरुवार रात करीब १० बजे ककना-कल्याणपुर मार्ग में ककना नर्सरी के पास ये हादसा हुआ। एक बाइक में सवार आनंद भुईयां (२० वर्ष) निवासी सिधमा अपने रिश्तेदार लाल बाबू भुइयां (१९ वर्ष) के साथ बरियो आया था। दोनों वापस सिधमा जाने के लिए निकले थे। दूसरी बाइक में तुलसी अगरिया (३० वर्ष) अपने साथी कृष्णा खलखो (१८ वर्ष) के साथ सिधमा से मदनेश्वरपुर जा रहे थे। दोनों बाइकों की भिड़ंत सीधी सड़क पर हुई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों बाइकों में सवार युवक उछलकर सड़क पर जा गिरे। हादसे में आनंद भुइयां और तुलसी अगरिया की मौके पर मौत हो गई। दोनों के सिर सहित अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई थी। वहीं लाल बाबू भुइयां और कृष्णा खलखो गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पर बरियो चौकी प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को मालवाहक वाहन से बरियो तक फिर १०८ एम्बुलेंस के जरिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल भेजा। वहीं दोनों मृतकों का शव राजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया गया। अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में लाल बाबू भुइयां की इलाज के दौरान मौत हो गई। लाल बाबू भुइयां भेडिया से रिश्तेदारी में सिधमा आया था। मदनेशवरपुर निवासी कृष्णा खलखो की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल से रायपुर रिफर किया गया। रायपुर ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

## ट्रक की चपेट में आ बाइक सवार युवक की मौत

**बिश्रामपुर(अम्बिकावाणी समाचार)।**
नवापारा लटोरी खदान के समीप बनारस हाइवे मार्ग पर गुरुवार शाम ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई है। बताया गया कि ओडगी क्षेत्र के ग्राम मांडर निवासी कुश गुर्जर पिता कमलेश गुर्जर गुरुवार की शाम करीब साढ़े चार बजे अंबिकापुर की ओर से साथियों के साथ भटगांव की ओर जा रहा था, तभी अंबिकापुर-बनारस हाइवे मार्ग पर नवापारा लटोरी खदान के समीप ट्रक क्रमांक सीजी १५ डीवी ८१९९ के चालक ने तेज रफ्तार से लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक क्रमांक सीजी १५ डीसी २६७१ के चालक कुश गुर्जर को जबरदस्त टक्कर मार दिया है। दुर्घटना में बाइक चालक कुश गुर्जर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दुर्घटना उपरांत बाइक सवार अन्य युवक मौके से भाग निकले हैं जबकि दुर्घटनाकारीत ट्रक को पुलिस ने जप्त कर लिया है।

# 1 घंटे में पैसे डबल का मैसेज भेजकर 11 लाख की ठगी... टेलीग्राम में इन्वेस्टमेंट के नाम पर बनाया शिकार



**अम्बिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।**
सरगुजा में एक युवक से ११ लाख की ठगी हुई। पैसे डबल करने का झांसा देकर वारदात को अंजाम दिया गया है। सरगुजा जिले में फार्मासिस्ट से ११ लाख की ठगी हुई है। ठगों ने टेलीग्राम में इन्वेस्टमेंट का मैसेज भेजा, जिसमें १ घंटे में रकम दोगुना होने की बात लिखी गई थी। इसी झांसे में आकर फार्मासिस्ट ने ठगों को पैसे दे डाले। मामला लखनपुर थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक फार्मासिस्ट का नाम ब्रम्हा दास (३२), जो केवरी गांव का रहने वाला है। पहले युवक को ३ से ४ बार डबल पैसे मिले, जिससे लालच में आकर बैंक से ११ लाख का लोन लिया। इसके बाद ठगों के अकाउंट में ट्रांसफर कर दिया, जिसे ठगों ने वापस नहीं किया।

दरअसल, मामला २६ दिसंबर २०२४ का है।

ब्रम्हा दास को गोल्ड कॉइंस नाम की कंपनी से मैसेज आया। उसमें बताया गया कि वह ऑनलाइन गोल्ड खरीदने-बेचने का काम करते हैं। शुरू में ८ हजार रुपए का निवेश करना होगा। उनके कहने पर ब्रम्हा दास ने फोन पे कर दिया। उसे एक घंटे में ही १६ हजार रुपए वापस मिल गए।

ब्रम्हा दास ने ठीक अगले दिन उनके बताए एक निजी खाते में १० हजार रुपए जमा किया। उसे एक घंटे में ही २० हजार रुपए वापस मिल गए। २७ दिसंबर को ही उसने यश बैंक के खाताधारक के अकाउंट में २१ हजार ३२१ रुपए जमा किया, तो उसे एक घंटे में ४० हजार रुपए वापस मिले। इससे ब्रम्हा दास लालच में आ गया। उसने २९ दिसंबर को एक खाते में ५० हजार, फिर १० जनवरी २०२५ को एक निजी खाते में ९९ हजार रुपए, ११ जनवरी को निजी खाते में ४५ हजार रुपए, ३१ जनवरी को ५० हजार रुपए जमा किया।

**धीरे-धीरे कर रकम बढ़ाता गया युवक, लेकिन नहीं मिला वापस**

इसके बाद ठगों ने और पैसे मांगे। युवक ने ३१ जनवरी को ३ लाख ९० हजार रुपए आरटीजीएस निजी खाते में भेजा। १० फरवरी को उसने फिर से ४० हजार रुपए, ११ फरवरी को ७० हजार और ९८ हजार रुपए निजी खातों में भेजा। १२ मार्च को ठगे के दिए गए अकाउंट नंबर पर ब्रम्हा दास ने फिर से ५० हजार रुपए जमा किए। ठगों ने यह राशि अलग-अलग निजी खातों में जमा कराई। ब्रम्हा सिंह ने १८ मार्च २०२५ तक कुल ११ लाख १७ हजार रुपए से अधिक की राशि ठगों के बताए निजी खातों में जमा कराया, लेकिन उसे राशि वापस नहीं मिली।

**युवक ने थाने में दर्ज कराई शिकायत**

इसके बाद युवक को ठगी का एहसास हुआ। ब्रम्हा दास ने इसकी शिकायत लखनपुर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले में धारा ३१८ (४) एवं आईटी एक्ट की धारा ६६ डी के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


## समाधान शिविर में 263 महिलाओं को मिला शौचालय स्वीकृति प्रमाण पत्र

**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
महिलाओं की गरिमा और स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए लखनपुर विकासखंड के ग्राम खम्हरिया में सुशासन तिहार के तहत आयोजित समाधान शिविर में २६३ महिलाओं के व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की मांग का निराकरण करते हुए स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। यह कार्य स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत नुनेरा की निवासिनी श्रीमती ज्योति और श्रीमती उर्मिला ने बताया कि उन्होंने अपने ही गांव में आयोजित शिविर में शौचालय निर्माण के लिए आवेदन किया था, जिसका निराकरण मात्र एक माह के भीतर हो गया। दोनों महिलाओं ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की जनकल्याणकारी पहल की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। सुशासन तिहार न केवल सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है बल्कि महिलाओं की अस्मिता और आत्मनिर्भरता को भी सशक्त कर रही है। समाधान शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही और महिलाओं के



आवेदनों का प्राथमिकता से निराकृत किया गया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की अभिनव पहल पर आयोजित सुशासन तिहार के माध्यम से शासन की योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुंचा रही है, जिससे पारदर्शिता, जवाबदेही और जनसेवा की भावना सुदृढ़ हो रही है।



# सांप के काटने से दो मासूम भाइयों की मौत,,, सदमे से मां की हालत बिगड़ी

**अंबिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।**
मां के साथ सो रहे दो मासूम भाइयों की मौत सांप के काटने से हो गई। सदमे में मां की हालत गंभीर हो गई है जिसका उपचार मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल अंबिकापुर में चला। स्थिति संभलने पर उन्हें वापस बैकुंठपुर भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार कोरिया जिले के पटना क्षेत्र ग्राम सिंधिया बंद पर निवासी प्रताप राजवाड़े का १३ वर्षीय पुत्र सूर्यभान राजवाड़े और छोटा बेटा मानव राजवाड़े दोनों २९ में की रात अपनी मां भाग्यश्री के साथ खाना पीना खाकर सो रहे थे देर रात लगभग २:०० बजे दोनों बेटे उठे और पेट कमर में दर्द के



साथ-साथ सांस लेने में परेशानी की बात कही। कुछ ही देर में दोनों के मुंह से झाग निकलने लगा। तत्काल निजी वाहन से दोनों को बैकुंठपुर जिला अस्पताल परिजन लेकर पहुंचे जहां मानव को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

गंभीर स्थिति में सूर्यभान को मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर रेफर किया गया था। यहां लाते ही चिकित्सकों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। दो बच्चों की



मौत से परिजनों की चीख पुकार से अस्पताल गूंजने लगा। सदमे में मां की हालत बिगड़ गई। उसका उपचार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में किया गया। परिवार की स्थिति ऐसी थी कि पिता बैकुंठपुर में पुत्र का पोस्टमार्टम कर रहा था वही दूसरे पुत्र की मौत अंबिकापुर अस्पताल में हो गई। दोनों पुत्रों की मां की हालत थोड़ी ठीक होने पर उन्हें वापस बैकुंठपुर भेज दिया गया।

## जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित

अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।
छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग रायपुर के निर्देश के परिपालन में प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था के लिए जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना कम्पोजिट बिल्डिंग के कक्ष क्रमांक २० में किया गया है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष का नम्बर ०७७७४-२२३२८८ एवं ०७७७४-२२२५०५ है।

जिसमें संपर्क कर सूचना ०१ जून २०२५ से अक्टूबर २०२५ तक २४ घण्टे दी जाएगी।

# शहीदी पर्व पर चना प्रसाद व ठंडी छबिल का किया वितरण

**बिश्रामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
नगर के गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में सिक्ख समाज द्वारा पांचवे गुरु श्री गुरु अर्जन देव जी का शहीदी गुरुपर्व भक्ति भाव से मनाया गया। २८ मई बुधवार को प्रारम्भ हुए अखंड पाठ शुक्रवार की सुबह ९ बजे सम्पन्न हुई, तत्पश्चात रागी जत्था ज्ञानी करनैल सिंह व हरदेव सिंह द्वारा शबद कीर्तन व कथा वाचन किया गया, सुबह ११:३० पर हुए अरदास समाप्ति पश्चात साध संगत को चना प्रसाद व ठंडी छबील वितरण किया गया, गौरतलब है कि शहीदों के सरताज



कहे जाने वाले श्री गुरु अर्जन देव जी के शहीदी पर्व पर चना प्रसाद व ठंडी कच्ची लस्सी अर्थात छबील के वितरण किये जाने की परंपरा सदियों से चली आ रही है, इसी के अनुसार शुक्रवार को भी सिक्ख सेवादारों द्वारा गुरुद्वारा प्रांगण, १बी -१सी कॉलोनी व बस स्टैंड में स्टॉल लगाकर चना प्रसाद व ठंडी छबील का वितरण राहगीरों, यात्रियों व आमजनों को किया गया, इस दौरान प्रबंधन कमेटी के मंजीत भामरा, इंदरजीत भामरा, प्रताप सिंह ग्रेवाल, इकजोत सिंह बग्गा, मनप्रीत सोहल, अंकित बग्गा,शानू माखीजा, सुरजीत सिंह चावला, हरजीत सैनी, सुखविंदर सिंह, मंजीत सिंह नारु, लोकजीत सिंह नारु, निंदर खालसा,रिंकू सलूजा सक्रिय रहे।

## आबकारी आरक्षक पर बदमाशों ने बीयर की बोतल से किया हमला,केस दर्ज

**बिश्रामपुर(अम्बिकावाणी समाचार)।** शिवनंदनपुर बिश्रामपुर स्थित शासकीय मदिरा दुकान का स्टॉक चेक करने पहुंचे आबकारी आरक्षक से गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दे बदमाशों ने बियर की बोतल से हमला कर घायल कर दिया। मामले में बिश्रामपुर पुलिस आहत आरक्षक की रिपोर्ट पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ बीएनएस की धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।पुलिस में दर्ज कराए गए रिपोर्ट में आबकारी विभाग के मुख्य आरक्षक पारस नाथ गुप्ता ने बताया कि वह जिला आबकारी कार्यालय सूरजपुर में मुख्य आबकारी आरक्षक के पद पर कार्यरत है।गुरुवार २९ मई को वह आबकारी उपनिरीक्षक प्रदीप वर्मा के मौखिक आदेश पर साथी आरक्षक भरत सिंह के साथ शिवनंदनपुर बिश्रामपुर के शासकीय मदिरा दुकान का स्टॉक चेक करने पहुंचे थे, इस दौरान दुकान में वे स्टॉक चेक कर ही रहे थे तभी दो व्यक्ति दुकान में पहुंच उनसे अचानक विवाद करने लगे इस दौरान दोनों ने उन्हें गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दे एक व्यक्ति हाथ में रखे बियर की बोतल से उनके ऊपर हमला बोल दिया जिससे उनके चेहरे सहित शरीर में चोटें आई है और खून निकलने लगा।घटना के बाद दोनों मौके से भाग निकले।रिपोर्ट पर बिश्रामपुर पुलिस ने दोनों अज्ञात हमलावर बदमाशों के खिलाफ बीएनएस की धारा ११५(२),२९६,३५१(३) के तहत केस दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

## मोबाइल के लिए डांटा तो 15 वर्षीय पुत्र ने खा लिया जहर, मौत

**अंबिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।** दो भाइयों के बीच मोबाइल को लेकर हो रहे विवाद के बीच पिता ने जब डांट लगाई तो १५ वर्षीय पुत्र ने जहर सेवन कर लिया। उपचार के दौरान मिशन अस्पताल में उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार जशपुर जिले के कारवां निवासी वॉल्टर लकड़ा उम्र १५ वर्ष २५ मई को अपने भाई विशाल के साथ था। घर के आंगन में दोनों के बीच मोबाइल में गेम खेलने को लेकर भी विवाद चल रहा था। यह देखकर पिता मुक्ति लकड़ा ने डांट कर दोनों को अलग किया। उसके बाद वॉल्टर कमरे में चला गया और कीटनाशक का सेवन कर लिया।

# अंबिकापुर रेणुकूट रेल लाइन निर्माण की मांग..यह मार्ग छत्तीसगढ़ की तरक्की के लिए नया अध्याय प्रारंभ करेगा

### रेलवे परामर्श दात्री समिति की बैठक में सलाहकार समिति के सदस्य मुकेश तिवारी ने बताए सारे तथ्य



अम्बिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा बिलासपुर में आयोजित क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्श दात्री समिति की बैठक में सरगुजा अंचल में रेल सुविधाओं के व्यापक विस्तार के लिए अंबिकापुर रेणुकूट रेल लाइन निर्माण की मांग प्रमुखता से उठाई गई। अंबिकापुर को राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से जोड़ने के लिए यह महत्वाकांक्षी, रेलवे के लिए बहु उपयोगी और लाभप्रद तथा यात्री सुविधा के लिए सर्वाधिक व्यावहारिक परियोजना है, जो रेलवे बोर्ड में विचाराधीन है।

रेलवे के जोनल सलाहकार समिति के सदस्य मुकेश तिवारी ने बैठक में इस रेल लाइन को सरगुजा के यातायात, खनिज, औद्योगिक विकास, रोजगार और पर्यटन के लिए आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि इस रेल लाइन से देश की राजधानी से सरगुजा क्षेत्र बेहतर तरीके से जुड़ेगा। इस परियोजना से राज्य के सामाजिक आर्थिक शैक्षणिक और सांस्कृतिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इस रेल लाइन से सरगुजा सूरजपुर के अलावा बलरामपुर सोनभद्र जिले के आजादी के बाद से लेकर अब तक के मानचित्र पर स्थान नहीं पाने वाले कई विकासखंड भी रेल सुविधा से जुड़ेंगे।

सरगुजा जिले के अंबिकापुर से प्रारंभ होकर यह रेल लाइन कमलपुर ग्राम (सिलफिली )होते हुए म्योरपुर रोड में रेणुकूट लाइन से जुड़ जाएगी। इस परियोजना की अनुमानित लंबाई १५२ किलोमीटर है, जो ८२१७ करोड रुपए की लागत से बनाई जाएगी। इसका आर्थिक संकेतक, फाइनेंशियल इंटरनल रेट ऑफ रिटर्न(प्लस ५.५१ प्रतिशत) तथा इकोनॉमिकल इंटरनल रेट ऑफ रिटर्न तय मानक से बहुत अच्छा १९.५० प्रतिशत है। कमलपुर ग्राम रेलवे स्टेशन के आगे पंडोनगर ग्राम से गोवर्धनपुर ग्राम तक यह लाइन सूरजपुर जिले में प्रस्तावित है। बलरामपुर जिले में यह परसडीहा से फूलीडूमर तक जाएगा, उसके बाद उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में धनवार से लेकर रनटोला तक इसका विस्तार होगा जहां यह म्योरपुर रोड स्टेशन में जुड़ जाएगा।

अंबिकापुर रेणुकूट रेल लाइन कमलपुर से म्योरपुर के बीच लगभग ७० ग्राम पंचायत से होकर गुजरेगी। इस प्रस्तावित रेल लाइन के समीप ३२ कोल ब्लॉक हैं। बॉक्साइट परिवहन के लिए भी यह मार्ग उपयुक्त है साथ ही उत्तर छत्तीसगढ़ में महत्वपूर्ण मजबूत उपनगरीय परिवहन नेटवर्क भी बनेगा। छत्तीसगढ़ को रेणुकूट के रास्ते वाराणसी से जोड़ने वाला यह मार्ग छत्तीसगढ़ की तरक्की के लिए नया अध्याय प्रारंभ करेगा।

प्रस्तावित रेल मार्ग में कमलपुर ग्राम और म्योरपुर के बीच छत्तीसगढ़ में सोनवाही,मजिरा,मदननगर,गोटगवां, प्रतापपुर,चंदौरा,पहाड़ करवा, रेवती,वाड्रफनगर, रूपपुर एवं उत्तर प्रदेश में इकदरी, घघरा, चांगा व म्योरपुर में रेलवे स्टेशन बनाया जाएगा। प्रस्तावित रेल मार्ग के २५ किलोमीटर के दायरे में आने वाली लगभग ५ लाख की आबादी को इस रेल मार्ग से आरामदेह और कम समय में यात्रा पूरा करने का सीधा लाभ मिलेगा। अंबिकापुर रेणुकूट रेल लाइन कम खर्च की, क्षेत्र की सबसे लाभकारी परियोजना है जो रेल लाइन निर्माण के लिए रेलवे द्वारा निर्धारित सभी मानकों पर खरी उतरती है। पिछड़े आदिवासी क्षेत्रों में इस रेल लाइन से सुविधा और विकास की नई यात्रा शुरू होगी। यह परियोजना उत्तर छत्तीसगढ़ के लोगों के जीवन को आसान बनाएगी और क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे क्षेत्रीय परामर्शदात्री समिति की बैठक में अंबिकापुर रेणुकूट रेल लाइन के प्रस्ताव को सही परिप्रेक्ष्य में, जन भावना अनुरुप,न्यायोचित तथ्यों के साथ रेलवे बोर्ड को प्रेषित कर इसका निर्माण अविलंब प्रारंभ किए जाने की मांग की गयी ।

# युक्तियुक्तकरण काउंसलिंग का होगा सामूहिक बहिष्कार, 31 मई से अनिश्चितकालीन आंदोलन

### मंत्रालय घेराव कार्यक्रम में पहुंचकर सरगुजा के शिक्षकों ने भी विसंगति पूर्ण युक्तिकरण का किया विरोध



अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)। विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण के विरोध में शिक्षक साझा मंच का एक दिवसीय धरना रायपुर के तूता में आयोजित था। शाशन के हठधर्मिता के कारण ३१ मई से क्रमिक संभाग वार अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान साझा मंच ने किया है। साथ ही काउंसलिंग के सामूहिक बहिष्कार हेतु शिक्षकों को आह्वाहन किया है।

शिक्षक साझा मंच ने छत्तीसगढ़ में युक्तियुक्त करण में २००८ के सेटअप की मांग को लेकर रायपुर में धरना प्रदर्शन किया ।प्रदेश के हजारों शिक्षकों ने धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में जमकर नारेबाजी करते हुए रैली निकालकर मंत्रालय का घेराव करने निकले पुलिस ने उन्हें बीच में ही रोक दिया जिससे जमकर शिक्षकों ने नारेबाजी किया ।अंततः शिक्षा सचिव ने शिक्षक साझा मंच के प्रतिनिधि मंडल को वार्ता के लिए बुलाया। माननीय सचिव महोदय से प्रतिनिधिमंडल के युक्ति युक्त करण की विसंगतियों के बारे में चर्चा हुई ।इसके अलावा क्रमोन्नति वेतनमान का जनरल आर्डर करने ,प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा की गणना करने और पदोन्नति में बीएड प्रशिक्षण को मान्य करने के लियेभी चर्चा किया गया ।वही शालाओं में २०००० रिक्त पदों पर पदोन्नति की मांग भी रखी गई ।सेटअप २००८ को आधार मानकर युक्तियुक्त करण की प्रक्रिया अपनाने का मांग प्रमुखता से रखा गया ।शिक्षा सचिव से वार्ता विफल रहा। कोई ठोस निर्णय नहीं होने की वजह से संगठन के द्वारा ३१मई से अनिश्चितकालीन क्रमिक संभागवार आंदोलन रायपुर में करने की घोषणा की गई ।शिक्षक साझा मंच के प्रदेश संचालक संजय शर्मा,प्रदेश उपसंचालक हरेंद्र सिंह, सरगुजा जिला के जिला संचालक कमलेश सिंह ने कहा कि सेटअप से अधिक जहां भी शिक्षक पदस्थ है उन शिक्षकों को दायरे में लाया जाए लेकिन २००८ के सेटअप के साथ छेड़छाड़ या खिलवाड़ ना किया जाए। कमलेश सिंह ने कहा हर विकाखण्ड में एक दो विद्यालय ऐसे है जहां विद्यार्थियों की संख्या ना के बराबर है उन स्कूलों को अधिकारीगण दिखा कर बाकी अन्य विद्यालयों से भी शिक्षकों की कमी कर रहें है। और उन एक दो स्कूलों को दिखा कर विसंगतिपूर्ण प्रक्रिया को सही बता रहें है।

शिक्षक साझा मंच ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दो दिन का अल्टीमेटम दिया है मांगे नहीं मानने पर शिक्षक साझा मंच ने ३१ मई से रायपुर में संभागवार अनिश्चितकालीन हड़ताल में जाने का निर्णय लिया है ।जो रायपुर के तूताधरना स्थल मे किया जाएगा ।

उक्त प्रदर्शन में सरगुजा से हजारों शिक्षकों ने शामिल होकर संगठन के निर्णय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी जाहिर किया।

शिक्षक साझा मंच के द्वारा युक्तियुक्तकरण के लिए विभाग द्वारा निर्धारित काउंसलिंग का सामूहिक बहिष्कार करने का ऐलान किया है। क्रमिक अनिश्चितकालीन आंदोलन में ४ जून को सरगुजा संभाग के शिक्षक पुनः रायपुर के तूता में धरना प्रदर्शन में शामिल होंगे।

उक्त कार्यक्रम में सरगुजा जिले से जिला संचालक कमलेश सिंह , जिला संचालक संदीप पांडे, राम बिहारी गुप्ता, काजेश घोष, सुरीत रजवाडे ,राकेश दुबे, संतोष यादव ,नाजिम खान, भूपेंद्र सिंह, राजेश सिंह, विनोद यादव ,लखन राजवाडे, सुशील मिश्रा, राकेश पांडे, संतोष सिंह, रणवीर सिंह चौहान, जवाहर , यौअल लकड़ा,महेश यादव,सत्यप्रकाश गुप्ता, वीरेंद्र गुप्ता,मधुसूदन यादव सहित हजारों शिक्षक शामिल रहे।

## सुशासन तिहार: बगदर्री और खम्हरिया में लागा समाधान शिविर, निराकृत आवेदनों की हितग्राहियों को दी गई जानकारी




**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** अब गांव में आम पेड़ के नीचे लोगों की समस्या का निराकरण सुनिश्चित हो रहा है। निराकृत आवेदनों की जानकारी सीधे संवाद कर हितग्राहियों को दी जा रही है। सुशासन तिहार अंतर्गत आज उदयपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत खम्हरिया और लखनपुर के बगदर्री में सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन हुआ। इन शिविरों में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित दर्ज कराई। समाधान शिविर में अम्बिकापुर विधायक श्री राजेश अग्रवाल कलेक्टर श्री विलास भोसकर, जिला पंचायत सीईओ श्री विनय कुमार अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती राधा रवि,उदयपुर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश सिंह, उपाध्यक्ष श्री सिद्धार्थ सिंह,जनपद सदस्य श्री संतोष गुप्ता, श्रीमती रेवती यादव और श्रीमती शकुंतला सिंह उपस्थित रहे। विधायक श्री राजेश अग्रवाल ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार युवा, जवान, किसान, बुजुर्ग और महिलाओं के हित सम्मान करती है। विष्णु के सुशासन में प्रधानमंत्री आवास योजना से जरूरतमंद परिवारों को शत-प्रतिशत पक्का मकान बनेगा, वहीं महिलाओं को महतारी वंदन योजना से आर्थिक सहायता मिल रही है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार खुशियों की सौगात लेकर आया है अब आपके गांव में ही हर समस्या का समाधान किया जा रहा है। उन्होंने हितग्राहियों से संवाद करते हुए शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी दी साथ ही निराकृत आवेदनों के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र प्रदाय किया। उदयपुर के खम्हरिया ग्राम पंचायत में आयोजित समाधान शिविर में खम्हरिया, नुनेरा, रीखी, शंकरपुर, नमना, कलचा, देवटिकरा, जामडीह, तोलगा, भदवाही ग्राम पंचायत को मिलाकर एक क्लस्टर बनाया गया था जिसमें कुल ३५६५ आवेदन मांग और शिकायतों के आए थे, जिसमें ३५६५ प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण हुआ शेष लंबित ६ प्रकरण नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

लखनपुर के बगदर्री में बगदर्श, लँगा, खुटिया, निम्हा, पोतका, गुमगराखुर्द, गुमगराकला, परसोडीकला, बिनकरा मुटकी, जोधपुर, पुहपुटरा, कटकोना, सिरकोतंगा, गणेशपुर, गोरता ग्राम पंचायतों को मिलाकर समाधान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें मांग और शिकायत के कुल ४१०५ आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें ४०८५ प्रकरण का निपटान किया गया है,शेष लंबित २० आवेदन का निराकरण नियमानुसार जारी है।

## रामगढ़ महोत्सव 2025 की तैयारियों को लेकर 4 जून को बैठक

अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)। जिले के जिला पुरातत्व संघ, अम्बिकापुर के तत्वावधान में इस वर्ष रामगढ़ महोत्सव २०२५ का आयोजन ११ एवं १२ जून २०२५ को उदयपुर विकासखंड अंतर्गत ऐतिहासिक स्थल रामगढ़ में किया जाएगा। यह आयोजन आषाढ़ मास के प्रथम दिवस के पावन अवसर पर किया जाता रहा है, जो क्षेत्रीय सांस्कृतिक विरासत को पुनः जागृत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

महोत्सव की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक दिनांक ४ जून २०२५ को सायं ४:०० बजे सरगुजा कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित की जाएगी। इस बैठक में आयोजन समिति से जुड़े सभी अधिकारियों एवं विभागीय प्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश कलेक्टर द्वारा जारी किया गया हैं।

जारी सूचना के अनुसार, यह बैठक आयोजन की रूपरेखा, व्यवस्थाओं, सुरक्षा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं अन्य आवश्यकताओं पर विचार-विमर्श के लिए बुलाई गई है, जिससे रामगढ़ महोत्सव २०२५ को एक सफल एवं स्मरणीय आयोजन बनाया जा सके।

रामगढ़ महोत्सव सरगुजा अंचल की सांस्कृतिक विरासत, पुरातात्विक महत्व और लोक परंपराओं का प्रतीक है।

## जिले में 01 जून से 30 जून तक चलेगा एफआरए जागरूकता अभियान

**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम २००६ के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु अधिनियम से जुड़े सभी हितधारकों में जागरूकता बढ़ाये जाने हेतु भारत सरकार के निदेर्शानुसार ०१ जून २०२५ से जिले में एक माह के लिए एफआरए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस विशेष जागरूकता अभियान को जिले में एफआरए सेल परियोजना प्रबंधन इकाई (पीएमयू) तथा वन अधिकार में विशेषज्ञता रखने वाले गैर सरकारी संगठनों तथा समुदाय आधारित संगठनों, ज्ञान साझेदारों के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर श्री विलास भोसकर ने इस हेतु सर्वसम्बन्धित अधिकारियों को पत्र जारी कर आवश्यक तैयारी हेतु निर्देशित किया है।

इस अभियान के तहत वन अधिकार अधिनियम अंतर्गत व्यक्तिगत और सामुदायिक अधिकारों के बारे में हितधारकों को शिक्षित किया जाएगा तथा वन अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन में ग्रामसभा की भूमिका के सम्बन्ध में जानकारी दी जाएगी। दावे दाखिल करने की प्रक्रिया के सम्बंध में मार्गदर्शन, सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन योजना का विकास तथा सम्बंधित विभागों के साथ समन्वय अभिसरण की सुविधा प्रदान की जाएगी। लंबित दावों पर निर्णय के लिए सप्ताहिक डीएलसी/एसडीएलसी बैठकें आयोजित की जाएंगी। सीएससी के माध्यम से एफआरए पट्टा धारकों का आधार हेतु नामांकन, कृषि विभाग के माध्यम से एफआरए पट्टा धारकों का पीएम किसान सम्मान निधि के लाभ हेतु पंजीयन, केवीके एवं कृषि विभाग के माध्यम से मृदा स्वास्थ्य कार्ड, बीज तथा छोटे उपकरणों के बारे में जागरूक कर वितरण की कार्यवाही की जाएगी।

# शालाओं के युक्तियुक्तकरण से शिक्षा की गुणवत्ता सुधार की दिशा में एक प्रभावशाली कदम

**अम्बिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।** छत्तीसगढ़ शासन शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक और दूरगामी प्रभाव डालने वाली पहल पर कार्य कर रहा है। राज्य सरकार ने स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने, संसाधनों का समुचित उपयोग सुनिश्चित करने और शिक्षकों की उपलब्धता को संतुलित करने के उद्देश्य से शालाओं एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की व्यापक प्रक्रिया प्रारंभ की है। यह प्रक्रिया राष्ट्रीय शिक्षा नीति २०२० और शिक्षा का अधिकार अधिनियम २००९ के प्रावधानों के अनुरूप की जा रही है।

शिक्षा क्षेत्र में समग्र सुधार की मंशा

जिला शिक्षा अधिकारी श्री अशोक कुमार सिन्हा ने बताया कि शासन के गाइडलाइन के अनुसार एक ही परिसर में स्थित प्राथमिक, माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक स्कूलों का समायोजन किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि जिले में २१३ विद्यालयों का युक्तियुक्तकरण किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में एक किलोमीटर के दायरे में स्थित स्कूलों और शहरी क्षेत्रों में ५०० मीटर के भीतर स्थित विद्यालयों को चिन्हित कर उनका समायोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने के साथ-साथ छात्रों की शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतरता को सुनिश्चित करना है।

**स्कूलों के युक्तियुक्तकरण से होंगे महत्वपूर्ण लाभ**

जिला शिक्षा अधिकारी श्री सिन्हा ने बताया कि इस योजना के तहत किए गए स्कूल समायोजन और अतिशेष शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण से शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता में सुधार होगा।



**शिक्षक विहीन स्कूलों में सुधार**

छत्तीसगढ़ के अनेक प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय ऐसे हैं, जहाँ केवल एक शिक्षक पदस्थ हैं या शिक्षक ही नहीं हैं। युक्तियुक्तकरण से ऐसे स्कूलों में अब अतिशेष शिक्षकों की तैनाती संभव होगी।

**साझा संसाधनों का बेहतर उपयोग**

विद्यालय परिसरों में पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब, विज्ञान प्रयोगशाला और खेल सामग्री जैसी सुविधाएं अब साझा की जा सकेंगी, जिससे छात्रों को समृद्ध शैक्षणिक वातावरण मिलेगा।

**प्रशासनिक संरचना में सुधार**

अब हायर सेकेंडरी स्तर के प्राचार्य के अधीन अन्य स्तरों के प्रधानपाठक कार्य करेंगे, जिससे शैक्षणिक और प्रशासनिक संचालन में एकरूपता और समन्वय सुनिश्चित होगा।

**आर्थिक संसाधनों की बचत**

अलग-अलग विद्यालयों की तुलना में एकीकृत स्कूल परिसरों के माध्यम से स्थापना व्यय में कमी आएगी।

**ड्रॉपआउट दर में कमी**

विद्यालयों की आपसी दूरी कम होने और शिक्षा की निरंतरता बनी रहने से छात्र बीच में पढ़ाई छोड़ने की प्रवृत्ति में गिरावट आएगी।

**बार-बार प्रवेश लेने की आवश्यकता समाप्त**

एक ही परिसर में विभिन्न कक्षाओं का संचालन होने से छात्रों को कक्षा बदलने पर विद्यालय बदलने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

**बेहतर अधोसंरचना का निर्माण**

जब एक ही परिसर में अधिक संख्या में विद्यार्थी और शिक्षक होंगे, तो वहां बेहतर भवन, स्मार्ट क्लासरूम, स्वच्छ शौचालय, पेयजल, डिजिटल सुविधाओं जैसे अधोसंरचना विकास की संभावना भी अधिक होगी।

**शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा बदलाव**

श्री सिन्हा ने कहा कि यह पहल केवल स्कूलों के समायोजन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य संपूर्ण स्कूली शिक्षा तंत्र को दक्ष, समावेशी और गुणवत्तापूर्ण बनाना है। उन्होंने कहा कि यह कदम विशेष रूप से ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों के लिए फायदेमंद साबित होगा, जहां संसाधनों की कमी और शिक्षक अनुपलब्धता एक बड़ी चुनौती रही है।

राज्य सरकार की यह पहल शिक्षा के क्षेत्र में नीतिगत सुधार, समावेशी विकास और भविष्य की आवश्यकता के अनुरूप बदलाव की दिशा में एक दूरदर्शी कदम है। शिक्षा विभाग द्वारा किए जा रहे इन प्रयासों से निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ में स्कूल शिक्षा की गुणवत्ता में नया अध्याय जुड़ेगा।

## समाधान शिविर में सुवम एवं गोरेपद को मिला आयुष्मान कार्ड

**बलरामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** भारत सरकार द्वारा शुरू की गई आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना जिसके अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण और निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान किया जा रहा है। जिसके माध्यम से आम नागरिक सालाना ५ लाख तक का मुफ्त इलाज करा सकते हैं। इस योजना के तहत जिले के तामेश्वर नगर निवासी श्रीमती सुवम गाईन एवं गोरेपद का आयुष्मान कार्ड बनाया गया और रामचंद्रपुर आरागाही शिविर अंतर्गत कार्ड प्रदान किया गया। आयुष्मान कार्ड बन जाने से सुवम गाईन एवं गोरेपद ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद देते हुए कहा कि गरीबों के लिए आयुष्मान कार्ड योजना मुफ्त ईलाज की सुविधा प्रदान कर रहा है। जिससे हम लोगों को ईलाज के लिए अब किसी भी गंभीर परिस्थिति में अपना मुफ्त ईलाज करवा सकते हैं।

दो मोटर साइकिल में जबरदस्त भिड़ंत...4 की मौत पेज 09



# शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने प्रशासन की कार्यवाही जारी अवैध निर्माण कर निजी विद्यालय का किया जा रहा था संचालन

**बलरामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**

कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा के निर्देशन में अतिक्रमित शासकीय भूमि पर लगातार कार्यवाही जारी है। इसी कड़ी में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शंकरगढ़ श्री करुण डहरिया के नेतृत्व में शासकीय भूमि पर संचालित निजी विद्यालय को हटवाकर भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री करुण डहरिया ने जानकारी दी है कि ग्राम भगवतपुर में शासकीय भूमि पर निजी विद्यालय संचालन की सूचना मिलने पर राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर जाकर जांच की, जाँच में पाया गया कि तहसील शंकरगढ़ अंतर्गत ग्राम भगवतपुर में ग्रामवासी समसुद्दीन अंसारी द्वारा बिना किसी वैधानिक अनुमति के शासकीय भूमि पर निर्माण कर निजी विद्यालय संचालित किया जा रहा है। इस पर संज्ञान लेते हुए तहसीलदार शंकरगढ़ ने सख्त कार्रवाई करते हुए तीन दिवस के भीतर अतिक्रमण हटाने का आदेश जारी किया। जिसके अनुपालन में ३० मई को अतिक्रमणकर्ता ने स्वयं कब्जा हटा लिया।




अनुविभागीय अधिकारी श्री करुण डहरिया ने कहा है कि शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण करने नहीं दिया जाएगा। प्रशासन की प्राथमिकता है कि सार्वजनिक और शासकीय संपत्तियों का संरक्षण हो और उनका उपयोग जनहित में किया जाए। शासकीय भूमि के अवैध कब्जे पर प्रशासन सख्त कार्रवाई कर रही है। आगे भी ऐसी अवैध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जाएगी। यदि किसी के द्वारा कब्जा करते पाया जाता है तो नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

## बरतीकला नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन की जांच कर कराया गया मरम्मत

**बलरामपुर(अम्बिकावाणी समाचार)।**

विभिन्न समाचार माध्यमों में प्रकाशित च्नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंटच्च पर संज्ञान लेते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा कार्यपालन अभियंता सीजीएमएससी लिमिटेड को जांच के लिए कहा गया था। उक्त संबंध में कार्यपालन अभियंता सीजीएमएससी ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि जिले के विकासखण्ड वाड्रफनगर के ग्राम पंचायत बरतीकला में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण कार्य को ठेकेदार द्वारा पूर्ण कर संबंधित विभाग को भवन हस्तांतरण भी किया जा चुका है, परंतु काफी समय व्यतीत होने के बावजूद भी भवन में स्वास्थ्य केंद्र का संचालन नहीं किये जाने के कारण असामाजिक तत्वों द्वारा चोरी किये जाने की नियत से भवन के छत में पंखे के उपर तोड़-फोड़ कर क्षतिग्रस्त किया गया है,

## जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में मनाया गया मेंस्टुअल हाइजीन डे

बलरामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।

कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा के निर्देशन व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर के मार्गदर्शन में महिलाओं में होने वाले माहवारी स्वच्छता के संबंध में जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को माहवारी के प्रति जागरूक करने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बसंत कुमार सिंह ने बताया की हर साल २८ मई को मेंस्टुअल हाइजीन डे मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य मासिक धर्म के दौरान शरीर को साफ और स्वस्थ रखने के प्रति महिलाओं के बीच जागरुकता बढ़ाना है। डॉ. सिंह ने बताया कि इस वर्ष इसका थीम एक साथ मिलकर पीरियड फ्रेंडली वर्ल्ड बनाये है। जिसके तहत जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों स्वास्थ्य माहवारी स्वच्छता के प्रति महिलाओं, किशोरी व बच्चों को स्वास्थ्य शिक्षा दिया गया साथ ही मासिक धर्म के दौरान शरीर को साफ और स्वस्थ रखने की जानकारी भी दी गई। जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री स्मृति एक्का ने बताया की माहवारी महिलाओं के जीवन का एक ऐसा पहलु है, जिससे उन्हें हर महीने गुजरना पड़ता है। युवावस्था में कदम रखने के साथ लड़कियों में माहवारी शुरू हो जाता है जो एक प्राकृतिक प्रक्रिया है। माहवारी के दौरान महिलाओं को स्वच्छता का खास ध्यान रखने की जरुरत होती है, क्योंकि छोटी-सी लापरवाही भी उनके स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल सकती है। माहवारी को लेकर कम जागरूक होने और साफ-सफाई का सही ध्यान न रखने के कारण महिलाओं को कई बीमारियों और संक्रमण का सामना करना पड़ता है। ऐसे में महिलाओं को माहवारी स्वच्छता के महत्व को बताने के लिए हर साल मेंस्टुअल हाइजीन डे मनाया जाता है। सुश्री एक्का ने आगे बताया कि इस दिन को मनाने का उदेश्य समाज में माहवारी को लेकर जागरुकता बढाना है, इसके साथ ही इससे जुड़े अंधविश्वास को खत्म करना है और महिलाओं को सुरक्षित और स्वच्छ माहवारी को बताना है। जिसके लिये जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहाँ कई किशोरी, बच्चे व महिलाएं शामिल हुई। इस दौरान सभी को माहवारी स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई।

## पीएम आयुष्मान वय-वंदना कार्ड बनाने में छत्तीसगढ़ देश में 5वें स्थान पर

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए शुरू की गई पीएम आयुष्मान वय-वंदना योजना से ७० वर्ष व अधिक आयु के नागरिकों को निः शुल्क इलाज मिल रहा है। छत्तीसगढ मे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अगुवाई और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मार्गदर्शन में राज्य के ३ लाख ६० हजार से अधिक ७० वर्ष व अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान वय-वंदना कार्ड बन चुके हैं। इसकी वजह से छत्तीसगढ़ पूरे देश में वय वंदना कार्ड बनाने के मामले में पांचवें स्थान पर पहुँच गया है। इस मामले में राज्य ने राजस्थान, महाराष्ट्र , ओडिशा और बिहार जैसे राज्यों से आगे निकलकर कीर्तिमान रच दिया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर राज्य के सभी जिलों में विशेष अभियान चलाकर लगातार आयुष्मान ⁄द्यह्यश क्रद्गड्डस्र - ? ५५.९९ केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा की अध्यक्षता में हुई एनडीए मुख्यमंत्री परिषद की बैठक वय-वंदना कार्ड बनाए जा रहे हैं। जिससे कि कोई भी पात्र वरिष्ठ नागरिक योजनांतर्गत निःशुल्क इलाज लाभ पाने से वंचित ना रह जाए। जिलों में आयुष्मान वय-वंदना पंजीयन हेतु विभिन्न शासकीय विभागों के अतिरिक्त, सामाजिक संस्थाओं, पेंशनर संथाओं, शियान-सदन, वरिष्ठ-जन कल्याण संघों, वृद्धाश्रमों, निजी आवासीय सोसायटियों, इत्यादि से लगातार संपर्क कर शिविर लगाए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि, कोई भी व्यक्ति जिसके माता-पिता या अन्य सदस्य यदि ७० वर्ष व अधिक आयु के हैं एवं उनके पास आधार कार्ड उपलब्ध है।⁄द्यह्यश क्रद्गड्डस्र - ? ४६.५१ रामजीलाल जी अग्रवाल के निधन पर उमड़ा जनसैलाब, हजारों लोगों ने दी अंतिम विदाई वे नजदीकी शासकीय चिकित्सालय, सी.एम.एच.ओ./ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय या शासकीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता के माध्यम से निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं या टोल फ्री टेलीफोन नंबर १०४ पर बात कर अधिक जानकारी ले सकते हैं। व्यक्ति चाहे तो गूगल प्ले स्टोर से आयुष्मान भारत एप व आधार फेस आई.डी. एप डाउनलोड कर आधार वेरीफिकेशन से अपना सामान्य आयुष्मान कार्ड या घर के वरिष्ठ सदस्य का आयुष्मान वय-वंदना कार्ड दोनों पंजीयन स्वयं भी कर सकता है। उल्लेखनीय है कि माह⁄द्यह्यश क्रद्गड्डस्र - ? ४८.४७ रतनपुर में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सुना मन की बात अक्टूबर २०२४ से देश में प्रारंभ वय-वंदना कार्ड पंजीयन में राज्य में नवंबर के बाद तेजी से कार्य किया जा सका है। राज्य शासन द्वारा ६ जिलों जहां ६० प्रतिशत से अधिक आयुष्मान वय-वंदना कार्ड पंजीयन कवरेज कर लिया गया है, मानसिक स्वास्थ्य काउंसलिंग व प्रत्येक बृहस्पतिवार च्शियान-जतन शिविरज का आयोजन, आयुष पद्धति से इलाज की सुविधा, मोतियाबिंद जांच, इत्यादि विशेष स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।


तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
डॉ. मनीष चौरसिया M.S. (General Surgery) M.Ch. (Neuro Surgery)
डॉ. गौरी शंकर सिंह MBBS (AFMC) MD (Psychiatry)
डॉ. बी.बी. कुमार
डॉ. आकाश गर्ग MBBS,DNB (MEDICINE)
डॉ. विनय कुमार
तेज डायग्नोस्टिक सेन्टर 1.5 TESLA MRI
डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल - II
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड अम्बिकापुर
डॉ. आशु जैन MS, MCH, FIHU, Neuro Surgery
डॉ. सलमान MD Medicine (Mumbai)
डॉ. निशांत कुमार साहू
सरगुजा संभाग की सर्वप्रथम एवं एकमात्र 1.5 Tesla MRI All Diagnostic Facilites
01 जून 2025, प्रत्येक माह के प्रथम रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें 07774222555,9425583780,9826183780, 8224007799,8718003300,6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जॉच की सुविधा उपलब्ध



◆◆◆---अपना बाजार---◆◆◆

विज्ञापन के लिए जगह रिक्त है

माता राजरानी मेमोरियल ¼MRM½ हॉस्पीटल
RSBY/MSBY (स्मार्ट कार्ड) द्वारा भर्ती एवं इलाज की सुविधा उपलब्ध
स्थान - बाबुपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर,
मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

बच्चों के N.I.C.U. सुविधा
नवजात बच्चों को गहन चिकित्सा कक्ष की सुविधा।
24 घंटे विशेषज्ञों की देख-रेख में वेंटीलेटर, सी-पेप एवं अन्य अत्याधुनिक उपकरणों से युक्त नियोनेटल केयर यूनिट
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर
माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल
पुराना बस स्टैण्ड, बाबुपारा, जोड़ा तालाब के पास अम्बिकापुर
मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

एम.एस. जनरल सर्जन
हॉर्निया, हाईड्रोसिल, एपेण्डीक्स, पाईल्स, पथरी एवं सभी प्रकार की जनरल सर्जरी एवं हर प्रकार के आपरेशन की सुविधा प्रतिदिन fo'k"k & RSBY & MSBY (स्मार्ट कार्ड) की सुविधा उपलब्ध
-: प्रतिदिन उपलब्ध:-
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर
माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल
पुराना बस स्टैण्ड, बाबुपारा, जोड़ा तालाब के पास अम्बिकापुर
मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

"M.S., E.N.T."
नाक, कान, गला
दूरबीन से प्रतिदिन नाक, कान, गला की जांच की जाती है
रोगों के वरिष्ठ अनुभवी चिकित्सक (अत्याधुनिक उपकरणों की सुविधा) के साथ
प्रतिदिन उपलब्ध
समय-दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक
कान एवम् बहरेपन की सम्पूर्ण जांच की जर्मनी की अत्याधुनिक मशीन द्वारा।
कान की मशीन उत्कृष्ट क्वालिटी एवं दो साल की वारण्टी के साथ अत्यन्त रियायती मूल्यों पर उपलब्ध।
आडियोमेट्री की जांच एवम् सेवाए नियमित उपलब्ध
विशेष- नाक, कान, गले से संबंधित सभी प्रकार के आपरेशन (सर्जरी) की सुविधा स्मार्ट कार्ड द्वारा उपलब्ध।
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर
माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल
पुराना बस स्टैण्ड, बाबुपारा, जोड़ा तालाब के पास अम्बिकापुर
मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

प्रतिदिन फिजिशियन परामर्श
डायबिटिज (शुगर/मधुमेह), हृदय संबंधी समस्त रोग, सभी प्रकार के हार्मोन्स विकार (थाइराईड), समस्त प्रकार के इंफेक्शन (सर्दी, खांसी, बुखार, ब्लड प्रेशर (हायपरटेंशन)), एनीमिया, सिकलिंग, थैलीसीमीया, टी.बी., श्वसन एवं छाती संबंधी समस्त रोग, पाचन एवं पेट, लीवर, किडनी (गुर्दा), सिर, मस्तिष्क एवं नस संबंधी समस्त रोग एवं सभी प्रकार के पुराने रोगों के उपचार हेतु उपलब्ध रहेंगे...
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर
माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल
पुराना बस स्टैण्ड, बाबुपारा, जोड़ा तालाब के पास अम्बिकापुर
मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

सभी बीमारियों के विशेषज्ञ चिकित्सक नियमित उपलब्ध
डॉक्टर्स हाउस
रानी तालाब के सामने, गेहूं बाड़ी के आगे शासकीय अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
मो.-94255-83780, 62626-39090, 62626-39191
फोन 07774222555

पतंजली सेवा केन्द्र
पतंजली के सभी प्रोडक्ट पर 2 से 10 प्रतिशत तक की छूट उपलब्ध
निः शुल्क डॉक्टर (वैद्य) परामर्श सेवा प्रतिदिन उपलब्ध
सुबह 10.00 बजे से रात्रि 8.00 बजे तक
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर, तेज मेडिकल के सामने
सम्पर्क नम्बर- 9425583780, 9522629990
आपसे विनम्र निवेदन है कि जरूरतमंद मरीजों तक इसकी जानकारी देने की कृपा करें।
आपके सहयोग एवं सलाह के लिए हृदय से धन्यवाद।

आधुनिक मशीनों एवम् विश्वसनीय जांच 24 घंटे उपलब्ध
एम.आर.आई | ब्लड बैंक सुविधा (24 घंटे)
सीटी स्कैन | ई.ई.जी, ई.सी.जी.
सोनोग्राफी | टीकाकरण की सुविधा
टी.एन.टी. | प्रतिदिन
आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित कम्प्यूटरीकृत पैथोलॉजी लैब
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर
बाबुपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

SRS HOSPITAL
न्यूनतम दर, उच्चतम सेवा
हमारी उच्च स्तरीय स्वस्थ्य सेवाएं
• जनरल मेडिसिन, सर्जरी रोग, हड्डी रोग, स्त्री रोग, नेत्र रोग, एवं बाल ह्रदय रोग
• सभी प्रकार के सर्जरी की सुविधा आयुष्मान कार्ड द्वारा उपलब्ध है
• 24X7 आपातकालीन सुविधा
• क्रिटिकल केयर एवं ट्रामा केयर
• एडवांस आई. सी. यू. यूनिट
• निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा
• 24X7 फार्मेसी एवं डायग्नोस्टिक सेवाएं उपलब्ध
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा इलाज की सुविधा उपलब्ध
More Information call us +91 96176 05000, +91 70499 85558
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर स्कूल के पास अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ. ग.)

आपके नगर अम्बिकापुर में अब प्रतिदिन विशेषज्ञ उपलब्ध
मानसिक एवं नशामुक्ति विशेषज्ञ समय-दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
रोग : डिप्रेशन, उदासी, चिंता, घबराहट, सरदर्द, माइग्रेन, मिर्गी, झटका, बेहोशी, कम एकाग्रता, नींद की कमी, असामान्य व्यवहार, पागलपन, शराब व अन्य नशे की लत, गर्दन दर्द, कमर दर्द, नस मांसपेशियों में दर्द, बच्चों में चंचलता, मंदबुद्धि आदि से संबंधित बीमारियों के परामर्श एवं उपचार हे
पता : माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल / तेज डायग्नोस्टिक से
पुराना बस स्टैण्ड, बाबूपारा, जोड़ा तालाब के पास, अम्बिकापुर मो.नं. 07774-222999, 8224007799, 98261

# वन भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों पर हुई कार्यवाही



**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** वनमण्डलाधिकारी पंकज कमल के निदेर्शानुसार, वनपरीक्षेत्राधिकारी के मार्गदर्शन में सर्किल कसकेला बीट कसकेला के कक्ष क्रमांक पी१७१३ ग्राम करवां के वनभूमि पर अवैध रूप से कब्जा करने के उद्देश्य से प्याऊ घड़ा रखकर कब्जा किया जा रहा था। जिससे सर्किल कसकेला मय स्टाप एवं पुलिस स्टाप के द्वारा बेदखल किया गया। अतिक्रमक लतिक को भविष्य में ऐसा नहीं करने की समझाइश दिया गया। साथ ही पूर्व से ठेला स्थापित कर अण्डा चना दुकान संचालन कर रहे अतिक्रमण सतेंद्र एवं रामविलास करवां का झाला हटाया गया। स्थापित ठेला को हटाने हेतु नोटिस तामील किया गया था। जिसमें समय अवधि में नहीं हटाने पर वन अधिनियम के तहत कार्यवाही किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने नियुक्त किए 48 कनिष्ठ न्यायिक सेवा में सिविल जज...पेज 11



# गैंग रेप के आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा




**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** गैंग रेप के दो आरोपियों को यहां की एक अदालत से उम्र कैद की सजा सुनाई गई है। यह फैसला फास्ट ट्रैक कोर्ट के विद्वान न्यायाधीश आनंद प्रकाश वरियाल ने सुनाया है। मिली जानकारी के मुताबिक रामानुजनगर ब्लॉक के ग्राम कोट में वर्ष २०२२ में यह घटना हुई थी।बताया गया है कि एक महिला के साथ उस समय दुष्कर्म किया गया था जब वह ३० नवम्बर २०२२ को घर में विवाद होने पर रात में अकेले घर से निकल गई और रास्ते से जाते वक्त उसे पीताम्बर गोंड व मोहर साय मिले जो बाइक में थे।उसे छोड़ देने की बात कह कर बाइक में बैठा लिया और सरना पैरा गवाड़ के पास ले जाकर महिला के साथ दुष्कर्म किया विरोध करने पर महिला के साथ मारपीट भी की गई थी।पीड़ित महिला ने इसकी शिकायत सूरजपुर थाने में दर्ज कराई जिस पर पुलिस ने धारा ३६६,३७६ बी,५०६ अ ३२३ व ३४ के तहत अपराध दर्ज कर गम्भीरता से विवेचना कर मामले को अदालत के सुपुर्द किया था।जिस पर विशेष न्यायालय के जिला एंव अपर सत्र न्यायाधीश आनंद प्रकाश वरियाल ने मामले की सुनवाई करते हुए व दोनो पक्षो की दलील सुनने के बाद आरोपी पीताम्बर गोंड व मोहर साय को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।इस मामले में देवचरण उर्फ बबलू भी आरोपी था जो दोषमुक्त करार दिया गया है।मामले में सरकार की ओर से अधिवक्ता नरेश कौशिक ने पैरवी की थी।

# समाज सेवा के क्षेत्र में अहिल्या बाई होल्कर ने किया अद्वितीय कार्य.... विजय नारायण



**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर की ३०० वीं जयंती के अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय अटल कुंज में भाजपा ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष विजय नारायण राजवाड़े के नेतृत्व, रेडक्रास सोसायटी के चेयमैन बाबूलाल अग्रवाल, कार्यक्रम प्रभारी संदीप अग्रवाल, अजय अग्रवाल, भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष अरविंद मिश्रा की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान देवी अहिल्याबाई होल्कर के छाया चित्र पर धूप दीप एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बाबूलाल अग्रवाल ने कहा कि राई अहिल्या बाई होल्कर १८वीं शताब्दी की असाधारण शासक और लोकमाता थी। सामाजिक सुधार रूप में स्कूलों और अस्पतालों की स्थापना की जिससे शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हुआ। उन्हें लोकमाता, पुण्यश्रलोका और न्याय की देवी जैसे विशेषणों से सम्मानित किया जाता है। उनका जीवन, कार्य और उपलब्धीयां भारतीय इतिहास में प्रेरणा का स्त्रोत हैं। मण्डल अध्यक्ष विजय नारायण राजवाड़े ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर एक न्यायप्रिय शासिका थीं। उन्होंने समाज में नारी को करुणा और शक्ति का रूप बताया। उन्होंने शासन, धर्म, समाज सेवा और जन कल्याण के क्षेत्र में अद्वितीय कार्य किया। इस दौरान तिलक राजवाड़े, विष्णु राजवाड़े, सरपंच दिलीप सिंह, संतोष सोनी, नीरज जिंदिया, राजू देवांगन, सुरेन्द्र राजवाड़े व नीरज गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भाजपा ग्रामीण मण्डल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शिक्षा मंत्री तक पहुँचा निजी विद्यालय व शिक्षा विभाग का विवाद




सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)। निजी विद्यालय व जिला शिक्षा अधिकारी के बीच चल रहा विवाद थमने का नाम नही ले रहा है।जिला स्तर पर तमाम शिकायतों के बाद अब यह मामला शिक्षा मंत्री तक पहुँच गया है। छत्तीसगढ़ प्रायवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राजीव गुप्ता व सचिव मोती जैन ने शिक्षा मंत्री लखन लाल देवांगन को एक पत्र देकर कहा है कि सूरजपुर में जिला शिक्षा अधिकारी के पदस्थापना व पदभार ग्रहण के बाद से ही शिकायतें सामने आ रही है।जिसमे बदसलूकी व लापरवाही की शिकायतें आम है।जिसकी शिकायत जिला स्तर पर अधिकारियों से एसोसिएशन ने किया है।पत्र में कहा गया है कि इस शिकायत के संदर्भ में लोक।शिक्षण संचालनॉलय द्वारा स्पष्टीकरण भी मांगा गया था। पत्र में सरगुजा सम्भाग को राजनीतिक दृष्टिकोण से संवेदनशील बताते हुए आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई है।

# अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर परिचर्चा एवं सम्मान समारोह

सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)। जनपद पंचायत सूरजपुर में वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर की ३००वीं जयंती पर एक भव्य परिचर्चा एवं उत्कृष्ट कार्य सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान वीरांगना अहिल्याबाई होलकर के जीवन, कार्यो एवं उनके योगदान पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की।इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती स्वाति संत सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शिवानी जायसवाल, जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष मनमत, जनपद सदस्य यशवंत सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी संत सिंह, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की अधीक्षिका श्रीमती सुमन वर्मा, समाजसेविका मधु ओझा, बीपीएम माधुरी भंडारी एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के कैडर सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# 10 वर्ष से पूर्व बनाये गये आधार कार्ड के बायोमेट्रिक अपडेट के लिए हो ज्यादा से ज्यादा प्रचार

## ०० कलेक्टर ने बैठक में दिए निर्देश



**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** कलेक्ट्रेट कक्ष में कलेक्टर एस.जयवर्धन की उपस्थिति में जिला स्तरीय आधार मॉनीटरिंग समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में आधार प्रोजेक्ट मैनेजर छत्तीसगढ़ खुर्शीद आलम, ईडीएम सुमित सिंह व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थिति थे। बैठक में कलेक्टर ने आधार कार्ड से संबंधित अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। इस अवसर पर भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, भारत सरकार, यूआईडीएआई अथॉरिटी के प्रतिनिधि द्वारा आधार पंजीकरण एवं आधार कार्ड में सुधार हेतु नियमों एवं दस्तावेजों में किए गये बदलाव के बारे में जानकारी दी गई। वर्तमान में नये आधार पंजीकरण एवं आधार में त्रुटि सुधार हेतु नये दस्तावेजों की सूची के संबंध में भी जानकारी दी गई। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिये कि बिना अनुमति के कोई भी केंद्र यदि अपने निजी केंद्र अथवा प्राइवेट भवन में आधार का कार्य करता है तब नियमानुसार संबंधित पर कार्यवाही की जाये। बैठक में ई जिला प्रबंधक ने बताया कि वर्तमान में जिले में कुल ७३ आधार केन्द्र संचालित हैं। विकासखण्ड वार भैयाथान मे १९, ओड़गी मे ७, प्रतापपुर मे १३,, प्रेमनगर मे ५,रामानुजनगर मे ५ व सूरजपुर में २४ आधार केंद्र हैं।

जिनमें बैंक, सीएससी केंद्र, डाकघर शामिल हैं, जिनके द्वारा आधार कार्ड की सेवा प्रदान की जा रही है। बैठक में ईडीएम द्वारा बताया गया कि जिनके आधार १० वर्ष से पूर्व बनाए गए हैं उनके लिए आधार बायोमेट्रिक अपडेट कराना अनिवार्य है, क्योकि इसके अभाव में यूआईडीएआई द्वारा संबंधित आधार को निरस्त कर दिया जाता है एवं आधार के माध्यम से प्राप्त होने वाली समस्त सेवाएं बंद हो जाती है। उन्होने आगे बताया कि ०५-०७ वर्ष के बच्चों एवं १५-१७ वर्ष के बच्चों का आधार कार्ड में बायोमेट्रिक अपडेट किया जाना अनिवार्य है जो किसी भी नजदीकी आधार केन्द्र में उपस्थित होकर करा सकते हैं। जिले कुल पंजीकृत बाल आधार कार्ड ७०६५३ है एवं ४७९५९ बच्चों का बायोमैट्रिक सत्यापन किया जा चुका हैं तथा शेष बच्चों के बायोमेट्रिक सत्यापन के लिए कलेक्टर ने ई जिला प्रबंधक को निर्देशित किया गया है व इस संबंध में ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए है, ताकि आमजन नियत समय पर अपना आधार का बायोमेट्रिक अपडेट करा सकें।

### 00 नियम से अधिक शुल्क लेने वाले केंद्रों पर होगी कार्यवाही

सूचना प्रौद्योगिकी विभाग अन्तर्गत संचालित समस्त केंद्रों को प्रत्येक नागरिकों को किए गए आधार कार्य की ऑनलाईन पावती अनिवार्य रूप से प्रदान किए जाने हेतु कड़ी हिदायत दी गई और नागरिकों से नियमानुसार निर्धारित शुल्क लिए जाने के लिए कहा गया है। उससे अधिक शुल्क लेने वाले केन्द्र पर कड़ी कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया।

### 00 दो तरह के अद्यतन की सुविधा

आधार कार्ड में बायोमेट्रिक अद्यतन एवं डेमोग्राफिक अद्यतन कराया जा सकता है। बायोमेट्रिक अद्यतन के अन्तर्गत फिंगरप्रिंट, आइरिस एवं फोटो आता है। डेमोग्राफिक अद्यतन में नागरिक अपने नाम, जेंडर, जन्मतिथि, माता- पिता, पति का नाम, पता, मोबाइल नंबर एवं ई-मेल आईडी अद्यतन करवा सकते है।यूआईडीएआई अथॉरिटी के प्रतिनिधि के द्वारा जानकारी दिया गया की किसी भी नागरिक के आधार कार्ड में जन्मतिथि में सुधार केवल एक बार और नाम में किसी भी प्रकार का सुधार अथवा बदलाव केवल दो बार ही मान्य होगा। जन्मतिथि में सुधार हेतु केवल क्यूआर कोड प्रदर्शित ऑनलाइन जारी किए गये जन्म प्रमाण पत्र को ही मान्य किया गया है। जन्म प्रमाण पत्र को आधार ऑपरेटर के द्वारा प्रथम स्तर पर जाँच किया जाना अनिवार्य होगा। इसके पश्चात यूआईडीएआई जांच टीम के द्वारा पुनः जन्म प्रमाण पत्र की जांच किया जाएगा। यदि जानकारी सही पाया गया, तब सुधार की प्रक्रिया को पूर्ण किया जाएगा। आधार कार्ड में नाम सुधार के लिए केवल मान्य फोटो परिचय पत्र, १०वी की अंकसूची को मान्य किया गया है। यदि किसी स्थिति में आधार कार्ड में नाम अथवा उपनाम का बदलाव हो रहा है तब नाम बदलने हेतु केवल छत्तीसगढ़ अथवा भारत सरकार का राजपत्र को ही मान्य किया गया है। भारतीय विशष्ट पहचान प्राधिकरण के नियमानुसार नागरिक अपने आधार कार्ड में जन्मतिथि का सुधार केवल एक बार ही करवा सकते है। इसके बाद आधार सॉफ्टवेर सिस्टम इसको लॉक कर देता है एवं पुनः जन्मतिथि में सुधार संभव नहीं होता है। इसी अनुसार नागरिक अपने नाम में अधिकतम दो बार सुधार करवा सकते है इसके बाद सॉफ्टवेर सिस्टम इसको भी लॉक कर देता है। यदि किसी नागरिक का जेंडर आधार कार्ड में गलत हो गया हो तब केवल एक बार ही सुधार संभव होगा।

### 00 गलत दस्तावेज अपलोड किए जाने पर आधार ऑपरेटर पर होगी कार्यवाही

यूआईडीएआई अथॉरिटी के प्रतिनिधि के द्वारा जानकारी दिया गया की यदि किसी भी ऑपरेटर के द्वारा आधार नियमो के विरुद्ध कोई भी गलत दस्तावेज अपलोड किया गया तब आधार ऑपरेटर के विरुद्धयूआईडीएआई अथॉरिटी के क्षेत्रीय कार्यालय हैदराबाद से कार्यवाही किया जाएगा। जिसके अन्तर्गत आधार ऑपरेटर की आईडी को सस्पेंड कर दिया जाएगा अथवा ऑपरेटर को ब्लैक लिस्टेड भी किया जा सकता है। इसके साथ ही ऑपरेटर पर भारी अर्थदंड लगाये जाने का भी प्रावधान यूआईडीएआई अथॉरिटी के द्वारा निर्धारित किया गया है।

यूआईडीएआई अथॉरिटी के द्वारा सभी आधार केंद्रों को भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के द्वारा निर्धारित शुल्क लिए जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिसके तहत किसी भी आयु वर्ग के नये आधार पंजीकरण पूर्णतःनिःशुल्क होंगे। ०५ से ०७ वर्ष एवं १५ से १७ वर्ष के आयु वर्ग के अनिवार्य बायोमेट्रिक अद्यतन को भी निःशुल्क रखा गया है। आधार कार्ड में किसी प्रकार का डेमोग्राफिक अपडेट जिसके तहत नाम, पता, जन्मतिथि, लिंग, मोबाइल नंबर अथवा ई-मेल आईडी अद्यतन अथवा सुधार किए जाने के लिए ५० रुपये का शुल्क निर्धारित है। केवल बायोमेट्रिक अद्यतन किए जाने के लिए १०० रुपये का शुल्क अथवा डेमोग्राफिक के साथ बायोमेट्रिक अद्यतन किए जाने के लिए १०० रुपये का शुल्क निर्धारित है। इसके अलावा किसी भी आधार केंद्र से ए-४ साइज में रंगीन आधार कार्ड केवल प्रिंट किए जाने के लिए ३० रुपये लिया जाना निर्धारित किया गया है, आधार कार्ड में किसी भी प्रकार के अद्यतन अथवा नये आधार कार्ड बनाये जाने के पश्चात एनरोलमेंट स्लिप जारी किया जाता है। इस स्लिप में भी आधार केंद्र के द्वारा नागरिक से लिए जाने वाला शुल्क का विवरण प्रदर्शित होता है। प्रत्येक आधार केंद्रो को यह एनरोलमेंट स्लिप नागरिक को दिया जाना भी अनिवार्य किया गया है। नागरिक लिए जाने वाले शुल्क की जानकारी का मिलान भी स्लिप से कर सकते है।

## सड़क चौड़ी करण का मार्ग प्रशस्त....

# अल्टीमेटम के आखिरीदिन सुभाष चौक के दुकानदारों ने खुद से हटाया अतिक्रमण

## ०० प्रशासन को राहत,जनप्रतिनिधियों से दुकानदारों की भारी नाराजगी



**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** सुभाष चौक से महंगवा चौक तक सड़क चौड़ी करण के लिए नपा व राजस्व प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाये जाने के दिये गए नोटिस के आज आखिरी दिन सुभाष चौक के दुकानदारों ने खुद से दुकान खाली कर प्रशासन का मार्ग प्रशस्त कर दिया।शुक्रवार से प्रशासन ने कार्रवाई का अल्टीमेटम दिया था किंतु इसके पहले दुकानदारो ने दुकान खाली कर दिया।हालांकि इन दुकानों के खाली करने को लेकर दुकानदार काफी दुखी थे वे लंबे समय से यहां दुकान लगा कर अपनी आजीविका चला रहे थे, कई ऐसे लोग भी है जिन्हें अब रोजी रोटी के लिए भारी मशक्कत करनी पड़ेगी।दुकानदार लंबे समय से व्यस्थापन की मांग कर रहे थे।आज दुकानदारो की नाराजगी शहर के जनप्रतिनिधियों को लेकर थी जो आज उनके इस संकट में राहत की बात तो दूर कोई सुध लेने भी नही आया।दुकानदारो की नाराजगी सत्ताधारी दल के नेताओ से ज्यादा दिखी।जिस पर शोसल मीडिया में कई सवाल खड़े किए गए।गुरुवार को दुकानदारो ने विधायक सहित कई अन्य नेताओं से मुलाकात भी की थी।लेकिन कहीं उन्हें राहत नही मिली।

**खुद लगे रहे हटाने**

प्रशासन के अल्टीमेटम के अनुसार आज अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई होनी थी।गुरुवार को पूरे दिन इस मसले को लेकर सियासत होती रही लेकिन जब कहीं से कोई राहत नही मिलते दिखा तो दुकानदार गुरुवार शाम से ही बोरियबिस्तर समेटने लगे।शुक्रवार को पूरे दिन लोग समान सहेजने में लगे रहे जिससे सुभाष चौक पर गहमागहमी रही।कई बार जाम की स्थिति को देखते हुए यातायात पुलिस को सक्रिय होना पड़ा था।दुकानदारो की इस पहल से प्रशासन ने राहत की सांस ली है।जिसमे बगैर किसी हो हल्ला के सड़क चौड़ीकरण का मार्ग प्रशस्त हो गया।

**नापजोख के लिए पहुँची टीम**

इधर तहसीलदार समीर शर्मा के नेतृत्व में राजस्व अमला व नपा की टीम सड़क चौड़ी करण के लिए नापजोख शुरू की।बताया गया है कि सुभाष चौक से महगँवा चौक तक सड़क को चौड़ीकरण किया जाना है। सड़क के लिए बीच से ३०,३० फिट दोनो ओर नाप की गई है।इसके जद में जो दुकानदार आ रहे है उन्हें चिह्नकित बता दिया गया है।प्रशासन के अनुसार सुभाष चौक से आगे से अतिक्रमण हटाने हेतु शीघ्र ही कार्रवाई की जाएगी।

# सुशासन तिहार समाधान शिविर में टेंट कर्मी की मौत को लेकर कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन



भैयाथान (अम्बिकावाणी समाचार)। सुशासन तिहार अंतर्गत ग्राम दरीर्पारा में बीते दिनों आयोजित कार्यक्रम के दौरान टेंट कर्मी की करंट से मौत मामले में युवक कांग्रेस के द्वारा स्थानीय चौक में सांकेतिक धरना प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी करते हुए पीड़ित परिवार को २० लाख रुपए की सहायता राशि व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी की मांग को लेकर अनुविभागीय अधिकारी के नाम ज्ञापन तहसीलदार संजय राठौर को सौंपा।सौपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि बीते २६मई को ग्राम दरीर्पारा में सुशासन तिहार में घटीत घटना को एक बड़ी विपदा बताया। पीड़ित परिवार को अगर जिला प्रशासन एक सप्ताह के भीतर परिवार को २० लाख रु० की वित्तीय सहायता और परिवार से एक सदस्य को नौकरी की व्यवस्था नही करता है तो कांग्रेस एवं युवक कांग्रेस के द्वारा एसडीएम कार्यालय का घेराव कर विरोध दर्ज कराया जायेगा।धरना प्रदर्शन के दौरान पूर्व में ग्राम धरसेड़ी,हाइड्रो पावर प्लांट पासल में घटित हुई घटनाओ उदाहरण देते हुए कहा की जब वहां लाखों रुपए सहायता राशि के साथ नौकरी दिया जा सकता है तो ग्राम दरीर्पारा में घटित हुई घटना में क्यों नही वही कांग्रेसियों ने मांग करते हुए कहा है कि मृतक परिवार के एक सदस्य को महिला बाल विकास विभाग में नौकरी तथा मृतक परिवार को २० लाख सहायता राशि की मांग की है साथ भटगांव विधायक व कैबिनेट मंत्री के विधानसभा क्षेत्र में घटना घटित हुई लेकिन उनके द्वारा किसी भी प्रकार का सहयोग राशि की घोषणा न करना दुर्भाग्यपूर्ण है,उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री व मंत्री के सहायता निधि से भी राशि घोषणा करने की मांग की है। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष रावेंद्र प्रताप सिंह,जिला पंचायत सदस्य अखिलेश प्रताप सिंह, अजय प्रताप सिंह, नूर आलम, संतोष सारथी, आशीष प्रताप सिंह, राहुल सिंह, शांतनु सिंह, विनय पावेल, कृष्णमुरारी साहू ,अभय जायसवाल, प्रभाकर सिंह,विनय पावले सहित काफी संख्या में कांग्रेस व युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ऑपरेशन सिंदूर में शामिल सेना के जवान का घर वापसी पर किया गया भव्य स्वागत

## ०० और मौका मिलता तो पाकिस्तान को कर देते नेस्तानाबूत

**रामानुजनगर (अम्बिकावाणी समाचार)।** भारत सरकार द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ चलाये गए ऑपरेशन सिंदूर में शामिल सेना के जवान के आज वापस घर लौटने पर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। रामानुजनगर के तिवरागुड़ी ग्राम पंचायत के रहने वाले भारतीय सेना के जैसेलमेर में पदस्थ जवान मिथलेश कुमार सिंह के घर आगमन पर भाजपा नेताओं सहित ग्रामीण लोगों ने ढोल नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया। जवान मिथलेश कुमार सिंह ने बताया कि जब भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध चल रहा था। उस समय राजस्थान के जैसलमेर में पाकिस्तान बॉर्डर से मात्र ५०० मीटर दूर हमारे बटालियन की तैनाती थी। ऑपरेशन सिंदूर के बाद बौखलाए पाकिस्तान ने हमारे देश के ऊपर ड्रोन हमला करने का दुस्साहस किया था,उसने हमारे जैसलमेर में भी लगभग ५० ड्रोन गिराने का कोशिश की थी,जो ड्रोन हमारे देश के आगे खिलौना साबित हुआ,दुश्मन देश के द्वारा गोला बारूद से भी हमला किया जा रहा था। जिसके कारण कुछ हमले में हम लोग भी चपेट में आ गए थे। इस हमले के बाद हम सब और इतने जोश में आ गए कि हमें और मौका मिलता तो हम पाकिस्तान का नेस्तानाबूद कर देते।जवान मिथलेश ने इस दौरान देश के प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि आज मोदी सेना के लिए बहुत कुछ कर रहे हैं। मोदी जी द्वारा सेना के सुरक्षा के लिए वो सब कुछ किया जा रहा है जो हमें चाहिए था, युद्ध में जिस प्रकार से सेना को खुला छूट मोदी जी ने दिया उसका नतीजा है कि पाकिस्तान आज घुटनों पर आने को मजबूर हो गया, आज मोदी जी हैं तो हम भी सुरक्षित हैं और हमारा देश भी सुरक्षित है, हमें ऐसे प्रधानमंत्री पर गर्व है। भारतीय सेवा के जवान मिथिलेश का उनके गृह ग्राम में आगमन पर उनके घर ग्रामीण और क्षेत्रवासियों को भारीखुशी और गर्व महसूस हो रहा है।इस स्वागत कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन सिंह, पूर्व महामंत्री सुमंत साहू, उपाध्यक्ष कवल साय सिंह,सौभाग्य दुबे, कोषाध्यक्ष विकास दुबे, मीडिया प्रभारी अनूप दुबे,सरपंच राजलाल सिंह,समेत भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

